सूर्योदय 6:46 सूर्यास्त 5:25

आज का तापमान

शिमला	10 .5 न्यू	16.0 अधि
धर्मशाला	11.5 न्यू	18.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	81,911
निफ्टी	25,299

सोना 1,38,000 चांदी 1,82,000

www.anantgyaan.in


अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 | 28 कार्तिक, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 316, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला-2026 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

एसजेवीएन
SJVN

विद्युत उत्पादन से राष्ट्र का सशक्तिकरण



एक सतत् एवं समावेशी भविष्य के लिए हमसे जुड़ें।
आइए मिलकर प्राकृतिक ऊर्जा को अपनाएं, नवाचार को आगे बढ़ाएं
और एक उज्ज्वल, हरित भविष्य का निर्माण करें।

पंजीकृत कार्यालय : शक्ति सदन, कारपोरेट ऑफिस काम्पलैक्स,
शनान, शिमला–171006, हिमाचल प्रदेश (भारत)

सम्पर्क कार्यालय : ऑफिस ब्लाक, टॉवर–1, 6वीं मंजिल,
एनबीसीसी कॉम्पलैक्स, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023

एसजेवीएन लिमिटेड
SJVN LIMITED
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
'नवरत्न सीपीएसई'

www.sjvn.nic.in

@Sjvnlimited @Sjvnlimited @sjvnlimited

हिमाचल के 7,059 बागवानों को अब मिलेंगे 15 करोड़ रुपए

सुक्खू सरकार ने मंजूरी की प्रदान, एमआईएस के तहत वर्ष 2025 के सेब भुगतान का रास्ता साफ

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल के हजारों सेब बागवानों के लिए लंबे इंतजार के बाद राहत की खबर सामने आई है। सरकारी खरीद केंद्रों पर अपनी मेहनत की उपज बेचने के बावजूद बकाया भुगतान के लिए महीनों से इंतजार कर रहे 7,059 बागवानों के खातों में अब 15 करोड़ रुपए पहुंचने का रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकार ने मार्केट इंटरवेंशन स्कीम के तहत लंबित भुगतान के लिए यह राशि मंजूर कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने संबंधित विभाग को स्वीकृत धनराशि जल्द जारी करने के निर्देश दिए हैं।

भुगतान बागवानी विभाग के माध्यम से सीधे बागवानों के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाएगा। सेब उत्पादन और विपणन पर निर्भर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिहाज से इस फैसले को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि सरकारी खरीद व्यवस्था में अपनी फसल सौंपने के बाद

◆16,877 बागवानों को पहले भी मिल चुके हैं 35.68 करोड़ रुपए

भुगतान में देरी का सीधा असर बागवानों की आर्थिक योजनाओं और अगले फसल सीजन की तैयारियों पर पड़ता है।

जानकारी के अनुसार इस भुगतान को मंजूरी मिलने से पहले हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम ने लंबित दावों के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की थी। निगम के निदेशक मंडल की पिछले माह हुई बैठक में 7,059 बागवानों के भुगतान संबंधी दावों की जांच के बाद सरकार को 15 करोड़ रुपए जारी करने का प्रस्ताव भेजा गया था। अब सरकार की मंजूरी मिलने के बाद भुगतान की अगली प्रक्रिया शुरू होगी। यहां गौर करने वाली बात यह है कि वर्ष 2025 में एमआईएस के तहत सरकारी खरीद केंद्रों पर सेब बेचने वाले बागवानों को भुगतान अलग-अलग चरणों में किया जा रहा है। एचपीएमसी के आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले 16,877 बागवानों को 35.68 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। अब अतिरिक्त 15 करोड़ रुपये की मंजूरी के बाद भुगतान का दायरा बढ़ेगा। हालांकि, स्वीकृति और वास्तविक बैंक हस्तांतरण के बीच विभागीय प्रक्रिया पूरी होना जरूरी है।

एचपीएमसी ने वर्ष 2024 और उससे पहले के लंबित भुगतान दावों के निपटारे के लिए भी अलग व्यवस्था बनाई है। निगम की ओर से इन पुराने मामलों के लिए 30 अक्तूबर तक आवेदन मांगे गए थे। वहीं, वर्ष 2025 में एमआईएस के तहत 30 बैग तक सेब की आपूर्ति करने वाले बागवानों के लिए 15 नवंबर और 31 से 100 बैग तक सेब बेचने वाले बागवानों के लिए 30 नवंबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। निगम ने संबंधित बागवानों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने दावे जमा करवाने की अपील की है, ताकि उनका सत्यापन कर भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।

भुगतान में पारदर्शिता के लिए वरिष्ठता क्रम होगा लागू

बागवानों के लंबित दावों के निपटारे में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एचपीएमसी ने अपनी सभी संबंधित शाखाओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। प्रत्येक शाखा में प्राप्त आवेदनों और दस्तावेजों का पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा। इसके लिए वरिष्ठता रजिस्टर तैयार करना अनिवार्य किया गया है। दस्तावेज प्राप्त होने के बाद प्रत्येक दावे को क्रम संख्या देकर रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा और इसी क्रम के आधार पर भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। ऐसे में अब बागवानों की निगाहें स्वीकृत 15 करोड़ रुपए के वास्तविक हस्तांतरण पर टिकी हैं। सरकार और निगम के सामने चुनौती यह भी है कि पुराने बकाया मामलों का निपटारा समयबद्ध ढंग से हो, ताकि सरकारी खरीद व्यवस्था पर बागवानों का भरोसा बना रहे और उन्हें अपनी उपज की कीमत के लिए लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े।

शिमला में व्यक्ति की जेब से 81,800 रुपए निकालकर पेड़ पर चढ़ गया बंदर

हवा में उड़ाए नोट, डीसी कार्यालय के पास मची अफरा-तफरी

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला में बंदरों के आतंक का एक ऐसा हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसने वहां मौजूद लोगों को भी अचरज में डाल दिया। डीसी कार्यालय के समीप एक बंदर ने बैंक में नकदी जमा करवाने जा रहे व्यक्ति की जेब से 81,800 रुपए का पैकेट निकाल लिया और देखते ही देखते पेड़ पर चढ़ गया। अचानक हुई इस घटना से व्यक्ति के होश उड़ गए। अपनी मेहनत की कमाई को बंदर के हाथों में देखकर वह कुछ समझ पाता, इससे पहले ही बंदर पेड़ की ऊंची डाल पर जा पहुंचा। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों का ध्यान भी इस ओर चला गया और देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गई।

जानकारी के अनुसार पेड़ पर पहुंचने के बाद बंदर ने नकदी के पैकेट से नोट निकालकर नीचे फेंकने शुरू कर दिए। देखते ही देखते हजारों रुपए के नोट पेड़ के नीचे बिखर गए। बंदर कभी पैकेट से नोट निकालता तो कभी उन्हें नीचे उछाल देता। अपनी नकदी को इस तरह हवा में उड़ता देखकर व्यक्ति की परेशान हो गया। मौके पर मौजूद कुछ लोग पेड़ पर चढ़े बंदर की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे, जबकि नीचे बिखरे नोटों को लेकर भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शिमला में बंदरों की बढ़ती सक्रियता के बीच सामने आई इस घटना ने एक बार फिर लोगों का ध्यान वन्यजीवों के कारण पैदा हो रही परेशानियों की ओर खींचा है। शहर में बंदरों द्वारा लोगों के सामान और खाद्य सामग्री छीनने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। इस बार बंदर ने सीधे एक व्यक्ति की जेब से 81,800 रुपये का पैकेट निकालकर ऐसा कारनामा कर दिया, जिसकी चर्चा पूरे इलाके में होने लगी। डीसी कार्यालय जैसे व्यस्त क्षेत्र के समीप हुई इस घटना ने लोगों को हैरान कर दिया।

कांग्रेस राज में भू-माफिया के हौसले बुलंद : रणधीर शर्मा

महिला ने पीएम से मांगी सुरक्षा, 1287 कनाल भूमि पर कब्जे के प्रयास का आरोप

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने पालमपुर में 1287 कनाल भूमि पर कब्जे के प्रयास के आरोपों को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है।



उन्होंने कहा कि हिमाचल में भू-माफिया के हौसले बुलंद हैं और हालात ऐसे बन गए हैं कि आनंद शक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्टी असील अली कुठियाला ने अपनी सुरक्षा और संपत्ति बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। रणधीर शर्मा के अनुसार महिला ने 25 मई 2026 को ट्रस्ट की जमीन पर जेसीबी से रास्ता बनाने, 100 से अधिक पेड़ों को नुकसान पहुंचाने और मारपीट के आरोप लगाए हैं। शिकायत में उदय सिंह भुल्लर का नाम भी शामिल है, जिन्हें महिला ने कांग्रेस विधायक आशीष बुटेल का रिश्तेदार बताया है। रणधीर शर्मा ने स्पष्ट किया कि राजनीतिक संबंध अपराध का प्रमाण नहीं हैं, लेकिन मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

उन्होंने वन विभाग की रिपोर्ट और पेड़ों की कटाई को लेकर सामने आए अंतर की स्वतंत्र जांच करवाने की मांग की। साथ ही पुलिस, राजस्व और वन विभाग की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच तथा महिला को सुरक्षा देने का आग्रह किया।

व्यवस्था परिवर्तन के दावों से आगे बढ़कर कार्रवाई करे सरकार

रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री से मांग की कि भूमि के राजस्व रिकॉर्ड, कथित कब्जे, पेड़ों की कटाई और मारपीट के आरोपों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। उन्होंने कहा कि जांच में किसी भी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए और दोषी पाए जाने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

एचपीएसओएस के दो अध्ययन केंद्र बंद, बोर्ड ने की कार्रवाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) के दो अध्ययन केंद्रों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि नियमों की अनदेखी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बंद किए गए केंद्रों में सोलन जिले के दादी भोला (नालागढ़) स्थित दया शंकर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का केंद्र संख्या 1130 और कांगड़ा जिले के हरसर देहरी स्थित होली ब्लॉसम पब्लिक स्कूल का केंद्र संख्या 0488 शामिल है।

◆नालागढ़ और हरसर के केंद्रों की मान्यता समाप्त

◆विद्यार्थियों को नजदीकी केंद्रों में किया जाएगा शिफ्ट

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि इन केंद्रों के माध्यम से आगामी सत्र में प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों को नजदीकी सक्रिय एवं मान्यता प्राप्त केंद्रों में स्थानांतरित किया जाएगा। केंद्र परिवर्तन का निर्धारित शुल्क संबंधित मूल केंद्र वहन करेगा। दोनों विद्यालयों को विद्यार्थियों के प्रवेश दस्तावेज, शुल्क रिकॉर्ड और अन्य अभिलेख सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बोर्ड कार्यालय में लिखित घोषणा-पत्र जमा करवाना अनिवार्य किया गया है।

बीड़ में पैराग्लाइडिंग हादसे में पर्यटक की मौत, पायलट पर मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग स्थल बीड़-बिलिंग में टेंडम उड़ान के दौरान हुए हादसे में एक पर्यटक की मौत हो गई। हादसा 10 नवंबर को हुआ था। प्रारंभिक जांच में पैराग्लाइडिंग उपकरण का सुरक्षा लॉक और हुक टूटने के साथ पायलट की लापरवाही की आशंका सामने आई है। पुलिस ने पायलट विनय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 और 106 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने बताया कि 10 नवंबर को पुलिस थाना बीड़ में 112 हेल्पलाइन के माध्यम से पैराग्लाइडिंग दुर्घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे। घायल पर्यटक को उपचार के लिए सिविल अस्पताल बैजनाथ ले जाया

◆सुरक्षा लॉक और हुक टूटने से हुआ हादसा, लापरवाही की आशंका; 228 पायलटों के डोप टेस्ट के लिए लिए रक्त के नमूने

जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि यह टेंडम फ्लाइट थी, जिसमें पर्यटक ने पायलट के साथ उड़ान भरी थी। प्रारंभिक जांच में उपकरण के सुरक्षा लॉक और हुक टूटने तथा पायलट की कथित लापरवाही को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है।

एसपी ने बताया कि इस वर्ष पुलिस थाना बीड़ में किसी पैराग्लाइडिंग पायलट के खिलाफ लापरवाही के चलते मामला दर्ज होने की यह पहली घटना है। इससे पहले पिछले महीने धर्मशाला के योल के समीप भी पैराग्लाइडिंग हादसा हुआ था। वहीं, वर्ष 2025 में बीड़ में पायलटों की लापरवाही से जुड़े दो मामले सामने आए थे। उन्होंने बताया कि पैराग्लाइडिंग में सुरक्षा मानकों की जांच के लिए पिछले सप्ताह 228 पायलटों के रक्त के नमूने डोप टेस्ट के लिए लिए गए हैं। इनकी रिपोर्ट आना बाकी है। पैराग्लाइडिंग के लाइसेंस पर्यटन विभाग और जिला पर्यटन अधिकारी की ओर से जारी किए जाते हैं तथा सुरक्षा मानकों की जांच और ऑडिट भी किया जाता है। पुलिस और प्रशासन खराब मौसम में उड़ानों पर रोक सुनिश्चित करने के लिए निगरानी रख रहे हैं।

एसपी ने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों के पंजीकरण और उनका बीमा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा समय-समय पर पायलटों के साथ बैठकें कर उन्हें सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए जाते हैं।

दंत चिकित्सा सेवाओं के विस्तार पर 18 करोड़ खर्चेगी सरकार :सीएम सुक्खू

डेंटल महाविद्यालयों को मिलेंगे अत्याधुनिक उपकरण, उपचार सुविधाएं होंगी और बेहतर

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में दंत चिकित्सा सेवाओं को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए 18 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को विश्वस्तरीय और आधुनिक तकनीक से युक्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। दंत चिकित्सा सेवाओं के विकास के लिए सरकार पहले ही 5.10 करोड़ रुपए जारी कर चुकी है। मुख्यमंत्री ने वीरवार को शिमला में दंत चिकित्सकों के साथ संवाद करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने राजीव गांधी राजकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय शिमला को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने और चिकित्सकों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दंत महाविद्यालयों में उच्च तकनीक वाली डेंटल चेयर्स, सीबीसीटी मशीनें, इंट्रा ओरल स्कैनर और आधुनिक ऑपरेशन थिएटर टेबल उपलब्ध करवाए जाएंगे। इससे मरीजों को बेहतर जांच और उपचार की सुविधा मिलेगी। दंत



दंत चिकित्सकों के साथ संवाद करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

चिकित्सा सेवाओं में पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी दूर करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि हमीरपुर में लगभग 600 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जा रहा है। चमियाणा में भी दंत चिकित्सा महाविद्यालय के नए परिसर के निर्माण की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने दंत महाविद्यालयों में शैक्षणिक और क्लीनिकल सेवाओं को मजबूत करने के लिए सीनियर रेजिडेंसी नीति लागू करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही लेक्चरर के पद पर कार्यरत संकाय सदस्यों को असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत करने की बात कही। दंत चिकित्सा महाविद्यालय शिमला में एनेस्थीसियोलॉजिस्ट की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी, जबकि

◆सीनियर रेजिडेंसी नीति लागू करने के साथ चिकित्सकों को मिलेगा पदोन्नति का अवसर

आपातकालीन उपचार को बेहतर बनाने के लिए ट्रामा सेंटरों में भी डेंटल चेयर्स स्थापित होंगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में दंत चिकित्सकों की सहायता के लिए मल्टी टास्क वर्कर्स तैनात किए जाएंगे। सरकार दंत चिकित्सकों को नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस देने के प्रस्ताव पर भी विचार कर रही है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने दंत चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए 18 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि देने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों के साथ दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में भी आधुनिक तकनीक और उपकरणों को शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव स्वास्थ्य आशीष सिंहमार, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. गोपाल बेरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सरकारी संपत्तियां निजी हाथों में सौंपने की तैयारी में सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर प्रदेश की ऐतिहासिक और सरकारी संपत्तियों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार पीटरहॉफ जैसी ऐतिहासिक धरोहर को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत निजी हाथों में देने की इतनी जल्दबाजी क्यों कर रही है।

जयराम ठाकुर ने दावा किया कि पीटरहॉफ में 26 नवंबर के बाद की बुकिंग बंद करने और पहले से दर्ज बुकिंग रद्द करने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने 29 जनवरी 2026 को जारी पत्र का हवाला देते हुए कहा कि इसमें 12 जून 2026 के बाद बुकिंग नहीं करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने सरकार से इस मामले के आधिकारिक दस्तावेज सार्वजनिक करने की मांग की।

◆पीटरहॉफ की बुकिंग बंद करने मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग पार्क को लेकर सरकार से मांगा जवाब



उन्होंने कहा कि पीटरहॉफ हिमाचल की ऐतिहासिक पहचान है और आग लगने से इमारतें जलती हैं, इतिहास नहीं।

नेता प्रतिपक्ष ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटलों और वाइल्ड फ्लावर हॉल की लीज को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने धारा 118 में छूट दिलाने के नाम पर सक्रिय कथित गिरोह और उसके सरकारी संपर्कों की जांच की मांग की।

औद्योगिक विकास पर मुख्यमंत्री के सवालों का जवाब देते हुए जयराम ने कहा कि यदि औद्योगिक पैकेज में अनियमितता हुई है तो सरकार जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई करे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मेडिकल डिवाइस पार्क के प्लॉट करीबियों को देने और बल्क ड्रग पार्क की परियोजना में बाधाएं पैदा करने जैसे फैसलों से निवेश को प्रभावित कर रही है। उन्होंने स्वावलंबन योजना बंद करने और करीब दो हजार संस्थान बंद करने को लेकर भी सरकार को घेरा। जयराम ने कहा कि हिमाचल को फार्मा हब बनाने में औद्योगिक पैकेजों की अहम भूमिका रही है। सरकार को संपत्तियों और औद्योगिक परियोजनाओं से जुड़े फैसलों में पारदर्शिता बरतनी चाहिए।

चर्चा सुंदर ठाकुर के रुख ने बढ़ाई प्रदेश सरकार की सियासी बेचैनी

11 दिसंबर से पहले सुक्खू कैबिनेट का विस्तार संभव

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल की सुक्खू सरकार के लिए आने वाला एक महीना राजनीतिक लिहाज से बेहद अहम साबित हो सकता है। सरकार के चार साल पूरे होने से ठीक पहले मंत्रिमंडल में खाली चल रहे मंत्री पद को भरने की संभावनाओं ने एक बार फिर सियासी चर्चाओं को हवा दे दी है।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 11 दिसंबर से पहले मंत्रिमंडल विस्तार अथवा फेरबदल को लेकर कोई बड़ा फैसला ले पाएंगे? कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की मंत्री पद को लेकर लंबे समय से चल रही दावेदारी और अब उनके समर्थकों की खुली नाराजगी ने इस सवाल को प्रदेशव्यापी राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। मुख्यमंत्री पहले भी सार्वजनिक मंचों से सुंदर ठाकुर को मंत्री बनाए जाने की घोषणा कर चुके हैं, मगर अब तक यह घोषणा अमल में नहीं उतर पाई है। ऐसे में सरकार की चार साल की उपलब्धियों के साथ मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व का सवाल भी राजनीतिक चर्चा के केंद्र में आ गया है।

◆4 साल पूरे होने से पहले मंत्रिमंडल में नए चेहरे शामिल करने की चुनौती

सूत्रों के अनुसार दरअसल, 11 दिसंबर को सुक्खू सरकार के चार साल पूरे होने जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण पड़ाव से पहले सरकार के सामने संगठनात्मक और राजनीतिक संतुलन साधने की चुनौती है। मंत्रिमंडल में एक पद खाली होने के बावजूद नियुक्ति नहीं हो पाना कई सवाल खड़े कर रहा है। सुंदर सिंह ठाकुर ने भी अब अपने अगले राजनीतिक कदम का फैसला कार्यकर्ताओं पर छोड़कर सरकार के सामने नई चुनौती पेश कर दी है।

कुल्लू में समर्थकों के साथ हुई बैठक के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस छोड़ने की बात उनकी ओर से नहीं कही गई है, बल्कि कार्यकर्ताओं में व्याप्त नाराजगी सामने आ रही है। उन्होंने आत्मसम्मान और भविष्य की रणनीति पर फैसला 11 दिसंबर के बाद लेने की बात कही है। उनका यह रुख केवल एक विधायक की नाराजगी नहीं, अपितु सरकार के भीतर राजनीतिक अपेक्षाओं और संगठनात्मक संवाद की स्थिति पर भी सवाल खड़े करता है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच मुख्यमंत्री सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार की ओर से कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल को सुंदर ठाकुर को मंत्री बनाए जाने का प्रस्ताव दिए जाने की चर्चा भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बावजूद इसके नियुक्ति पर अंतिम मुहर नहीं लग पाई है।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बयानों पर सुंदर ठाकुर के पलटवार ने इस मुद्दे को और राजनीतिक रंग दे दिया है। अब निगाहें मुख्यमंत्री के अगले कदम पर टिकी हैं। क्या सरकार चार साल पूरे होने से पहले खाली मंत्री पद भरकर राजनीतिक संदेश देना चाहेगी या फिर मंत्रिमंडल विस्तार का मामला आगे खिसक जाएगा?

प्रदेश की राजनीति में यह चर्चा तेज है कि 11 दिसंबर से पहले कोई फैसला होता है तो यह सरकार के लिए संगठनात्मक असंतोष कम करने और राजनीतिक संतुलन साधने का अवसर होगा। फिलहाल मंत्रिमंडल का खाली पद अब महज प्रशासनिक नियुक्ति का विषय नहीं, बल्कि सुक्खू सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति और समय पर फैसले लेने की क्षमता की कसौटी बन गया है।


दिसंबर का अल्टीमेटम और सुक्खू सरकार की अग्निपरीक्षा!

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के चार वर्ष का कार्यकाल पूरा होने की दहलीज पर खड़े होते ही प्रदेश की सियासत ने एक नया और दिलचस्प मोड़ ले लिया है। इस सियासी हलचल के केंद्र में हैं कुल्लू सदर से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) सुंदर सिंह ठाकुर, जिनके हालिया रुख और दोहरे संदेश ने न केवल कुल्लू बल्कि शिमला से लेकर दिल्ली तक कांग्रेस आलाकमान की धड़कनें बढ़ा दी हैं।

एक ओर जहां विधायक ने पार्टी छोड़ने की अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए खुद को कांग्रेस का सच्चा सिपाही बताया है, वहीं दूसरी ओर 11 दिसंबर के बाद कार्यकर्ताओं की सहमति से कोई बड़ा कदम उठाने के संकेत देकर उन्होंने अपनी ही सरकार के सामने असहज स्थिति पैदा कर दी है। समर्थकों के अल्टीमेटम, मंत्रिमंडल में खाली पड़े एक पद और कुल्लू जिला को प्रतिनिधित्व न मिलने की कसक के बीच सुंदर सिंह ठाकुर का यह बयान महज एक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि क्षेत्रीय संतुलन और सियासी आत्मसम्मान का नया मोर्चा खोलने जैसा है। सनद रहे कि कुल्लू सदर से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) सुंदर सिंह ठाकुर के ताजा बयानों और

विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के दोहरे संदेश से कांग्रेस में बढ़ी हलचल



उनके समर्थकों के रुख ने प्रदेश की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। हालांकि, विधायक के आधिकारिक स्पष्टीकरणों के अनुसार सुंदर सिंह ठाकुर ने एक ओर जहां कांग्रेस पार्टी छोड़ने की अटकलों को पूरी तरह खारिज करते हुए खुद को पार्टी का निष्ठावान सिपाही बताया है, वहीं दूसरी ओर उन्होंने 11 दिसंबर के बाद कार्यकर्ताओं की सहमति से कोई बड़ा राजनीतिक कदम उठाने के संकेत भी दिए हैं। इस दोहरे संदेश ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर चल रही आंतरिक खींचतान को उजागर किया है। इस पूरे घटनाक्रम की जड़ें बुधवार को कुल्लू में आयोजित समर्थकों की एक बैठक से जुड़ी हैं।

राजनीतिक विश्लेषण

इस बैठक में कार्यकर्ताओं ने सरकार के चार साल पूरे होने के बावजूद सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्रिमंडल में स्थान न मिलने पर गहरा रोष प्रकट किया था। कार्यकर्ताओं ने सरकार को 11 दिसंबर तक का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि यदि तब तक उनके नेता को मंत्री पद नहीं दिया जाता है, तो वे भविष्य की रणनीति पर विचार करेंगे। इसी क्रम में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की एक सोशल मीडिया पोस्ट भी सामने आई, जिसमें उन्होंने अपने आत्मसम्मान और कुल्लू के विकास को सर्वोपरि बताते हुए किसी भी हद तक जाने की बात लिखी थी। इसके बाद उनके पार्टी छोड़ने की चर्चाएं तेज हो गईं। हालांकि, वीरवार को मीडिया के समक्ष अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए विधायक ने कहा कि पार्टी छोड़ने का बयान उनका निजी नहीं बल्कि क्षेत्र के आहत कार्यकर्ताओं की भावनाएं हैं, लेकिन 11 दिसंबर को सरकार के चार साल पूरे होने के बाद भविष्य की राजनीति पर कोई भी बड़ा निर्णय कार्यकर्ताओं से राय के बाद ही लिया जाएगा। राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार सरकार के चार वर्ष पूरे होने के मौके को समर्थकों ने अपनी बात आलाकमान तक पहुंचाने के लिए एक दबाव बिंदु के रूप में चुना है। दूसरी ओर हाल ही में आनी दौरे पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर हमला बोलते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री, सुंदर ठाकुर को मंत्री नहीं बना पा रहे हैं केवल आश्वासनों के सहारे उन्हें अपने पीछे घुमा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने सुंदर ठाकुर को सम्मान बचाने के लिए मंत्री पद ठुकराने की सलाह तक दी थी।

वहीं, कुल्लू दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा मंत्रिमंडल विस्तार के सवाल पर हल्के-फुल्के अंदाज में की गई इस टिप्पणी कि 'ग्रह-दशा ठीक न होने के कारण कई बार काम अटक जाते हैं और ग्रह ठीक होते ही वे मंत्री बन जाएंगे', को भी कार्यकर्ताओं की नाराजगी भड़कने का एक कारण माना जा रहा है।

विश्लेषकों का कहना है कि विपक्ष के तानों के बीच मुख्यमंत्री के इस बयान ने स्थानीय कार्यकर्ताओं की संवेदनशीलता को और बढ़ा दिया। वर्तमान परिस्थितियों में भाजपा कुल्लू से लेकर शिमला तक इस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है और संभावित राजनीतिक समीकरणों का आकलन कर रही है। वहीं, कांग्रेस नेतृत्व के सामने चुनौती यह है कि वह बिना किसी बड़े असंतोष के इस स्थिति को कैसे संभालते है। ऐसे में अब प्रदेश के राजनीतिक गलियारों की निगाहें 11 दिसंबर की तारीख पर टिक गई हैं, जो यह तय करेगी कि कांग्रेस हाईकमान संवाद या मंत्रिमंडल विस्तार के माध्यम से इस नाराजगी को दूर करता है या फिर कुल्लू की राजनीति में कोई नया समीकरण जन्म लेता है।

सूर्योदय 6:46 सूर्यास्त 5:25

आज का तापमान

शिमला	10 .5 न्यू	16.0 अधि
धर्मशाला	11.5 न्यू	18.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	81,911
निफ्टी	25,299

सोना 1,38,000 चांदी 1,82,000

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 | 28 कार्तिक, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 316, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

अमिताभ के बंगले को फिर उड़ाने की धमकी

एजेंसी, मंबई। वीरवार सुबह एक बार फिर अमिताभ बच्चन के बंगला जलसा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। एक अफसर के मुताबिक, ईमेल सुबह 10:52 बजे भेजा गया था। इसके सब्जेक्ट में पीएनबी की मुंबई ब्रांच में दोपहर 1:11 बजे बम धमाका होने की बात लिखी थी। ईमेल में 27 नवंबर और 31 दिसंबर समेत कई तारीखों का भी जिक्र किया गया। अफसर ने बताया कि ईमेल में मुंबई के कई बैंकों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जलसा को बम से उड़ाने की धमकी वाला 20 दिन में यह तीसरा ईमेल है।



अमेरिकी रक्षा मंत्री को सैनिक ने डांटा

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को बुधवार को अर्लिंग्टन नेशनल कब्रिस्तान में एक सैनिक ने डांट दिया। हेगसेथ अपनी पत्नी और सलाहकारों के साथ अज्ञात सैनिक की समाधि (टॉम्ब ऑफ द अननोन सोल्जर) के सामने तस्वीरें खिंचवा रहे थे। इसी दौरान उनके साथ आई एक महिला हंसने लगी। इस पर समाधि की सुरक्षा में तैनात सैनिक ने सभी को शांत रहने के लिए कहा और शहीदों के प्रति सम्मान दिखाने के लिए कहा। वहां मौजूद रिपोर्टर्स के कैमरा में यह घटना रिकॉर्ड हो गई। हेगसेथ बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ कब्रिस्तान में आयोजित सालाना वेटरन्स डे कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उनके साथ उनकी पत्नी जेनिफर हेगसेथ और तीन सलाहकार रिकी बुरिया, टैमी राडाबॉ और पैट्रिक वीवर भी मौजूद थे।

मारवाह में लापता दोनों एसओपी के शव मिले

एजेंसी, श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मारवाह के जंगल में बुधवार शाम को लापता हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो एसओपी के शव मिले हैं। दोनों शव गोलियों से छलनी हैं। उनके पास 60 राउंड वाली एक इंसास राइफल और 50 राउंड वाली एक 303 राइफल थी। दोनों के हथियार गायब हैं। दोनों आर्मी के साथ इलाके में सर्चिंग के लिए गए थे। जब वे लापता हुए थे, तब जंगल से फायरिंग की आवाजें भी सुनाई दी थीं। मृतकों की पहचान रशपाल कुमार और बाबी चंद के रूप में हुई है। दोनों के लापता होने के दौरान इसी इलाके में एयरटेल नेटवर्क सेवाएं बाधित होने की जानकारी भी सामने आई थी। एयरटेल कंपनी ने इसी साल 10 मार्च को मरवाह इलाके में पहली बार मोबाइल नेटवर्क सेवा शुरू की थी।

न्यूयॉर्क में 3 मंजिला इमारत ढही, 2 की मौत

एजेंसी, वॉशिंगटन। न्यूयॉर्क में बुधवार को 96 साल पुरानी तीन मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग मलबे में दब गए। 4 लोगों की हालत गंभीर है और 6 अन्य को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद करीब 250 राहतकर्मी बचाव अभियान में जुट गए। बचावकर्मियों ने मलबे से एक गर्भवती महिला और एक बच्चे को भी बाहर निकाला। हादसा न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन इलाके के फ्लैटबुश में हुआ। इमारत एक निर्माण स्थल के किनारे बनी हुई थी।


पीटरहॉफ को निजी हाथों में सौंपने का सवाल ही नहीं : सीएम सुक्खू

जयराम के आरोपों को बताया निराधार, कहा-100 कमरों का नया आधुनिक होटल बनाएंगे

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल के ऐतिहासिक सरकारी अतिथि गृह पीटरहॉफ को निजी हाथों में सौंपने के आरोपों पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार की ऐसी कोई मंशा नहीं है। पीटरहॉफ को न तो बेचा जा रहा है और न ही किसी निजी हाथों में सौंपा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि भाजपा इस मामले को लेकर अनावश्यक भ्रम फैला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सरकारी संपत्तियों को बेचने के बजाय उनका बेहतर उपयोग और विकास सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है।





भाजपा की तरह सरकारी संपत्तियां बेचने की हमारी कोई मंशा नहीं

मुख्यमंत्री ने पीटरहॉफ की पुरानी इमारत की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि भवन काफी पुराना हो चुका है और इसकी हालत खराब है। पुराने पीटरहॉफ के बाद नए पीटरहॉफ का निर्माण किया गया था। अब सरकार इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने की योजना पर काम कर रही है।

इसके तहत करीब 100 कमरों वाला आधुनिक पीटरहॉफ तैयार करने की योजना आगे बढ़ाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में कस्टमाइज्ड पैकेज के नाम पर करीब पांच हजार बीघा जमीन 99 साल की लीज पर महज एक रुपए में देने का फैसला हुआ था।

भाजपा को अपनी सरकार के ऐसे फैसलों पर भी जवाब देना चाहिए। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की पुस्तक 'एक अनुभव, एक यादें' पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें उन्होंने अपने अनुभवों और राजनीतिक जीवन की यादों को ईमानदारी से सामने रखा है। उन्होंने कहा कि पुस्तक को बड़ी संख्या में लोग खरीद रहे हैं।

विंटर सेशन में विपक्ष को चर्चा की चुनौती

विधानसभा के प्रस्तावित विंटर सेशन को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए सत्र जल्दी बुलाया गया है, ताकि दिसंबर में पर्यटन के चरम दौर के दौरान पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष को सदन से वॉकआउट करने के बजाय खुलकर अपनी बात रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि नेता प्रतिपक्ष दबाव में हैं और उनके अपने विधायक दल में भी उनके प्रति नाराजगी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार भाजपा विधायक सदन की कार्यवाही में सकारात्मक तरीके से हिस्सा लेंगे और प्रदेश के महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा करेंगे।

अचानक हमले की क्षमता को मजबूत करे सेना : राजनाथ

एजेंसी, नई दिल्ली

रक्षा मंत्री ने इंटेलिजेंस और सर्विलांस सिस्टम को और मजबूत करने पर दिया जोर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीरवार को सेनाओं से आग्रह किया कि वे 'एलीमेंट ऑफ सरप्राइज' को मजबूत बनाए रखें, ताकि तेजी से हो रही टेक्नोलॉजी में तरक्की और मॉडर्न युद्ध की बदलती प्रकृति से पैदा होने वाले पारंपरिक और नए खतरों के खिलाफ ऑपरेशनल तैयारी बनी रहे। उन्होंने इंटेलिजेंस और सर्विलांस क्षमताओं को लगातार मजबूत करने, सिस्टम के बीच इंटीग्रेशन बढ़ाने और संभावित खतरों को सामने आने से पहले पहचानने की जरूरत पर भी जोर दिया। साथ ही ऑपरेशन, एडमिनिस्ट्रेशन और एयरोस्पेस सुरक्षा के लिए विकसित एआई एप्लिकेशन भी लॉन्च किए।



नई दिल्ली में एयरफोर्स कमांडर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने निगरानी और काउंटर-ड्रोन अभियानों को लेकर उच्चस्तर की तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी डिफेंस फोर्स को ऐसी काबिलियत और तरीके बनाने चाहिए, जिनसे दुश्मन को रिएक्ट करने या संभलने का समय ही न मिले और यह भी पक्का करना चाहिए कि दुश्मन की किसी अचानक हरकत से हम कभी हैरान न हों। सरप्राइज कई तरह से हो सकता है, पारंपरिक और इलेक्ट्रॉनिक दोनों तरह से। हमारे इंटेलिजेंस और सर्विलांस सिस्टम को और मजबूत करना होगा और ऑपरेशनल तैयारी को बढ़ाना होगा, ताकि यह पक्का हो सके कि हमारे लोग किसी भी नई चुनौती का असरदार तरीके से जवाब देने के लिए अलर्ट, फुर्तीले और तैयार रहें।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आजकल की लड़ाइयां पारंपरिक लड़ाई के मैदानों से आगे बढ़कर नॉन-कॉन्टैक्ट डोमेन तक फैल रही हैं, जिसमें मिसाइल, ड्रोन और एडवांस्ड वेपन सिस्टम अहम भूमिका निभा रहे हैं।

रिटेल महंगाई लगातार 12वें महीने बढ़ी, 6.09% पर पहुंची

एजेंसी, नई दिल्ली

देश में रिटेल महंगाई लगातार 12वें महीने बढ़ी है। सितंबर में यह 5.54% थी। अक्तूबर में .55% बढ़कर 6.09% पर पहुंच गई।

सितंबर में यह 5.54% थी। डेयरी प्रोडक्ट्स और प्याज-लहसुन जैसी रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ने से महंगाई में इजाफा हुआ है। मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते कच्चा तेल भी महंगा हुआ है। खुदरा महंगाई के साथ ही आरबीआई की तय ऊपरी सीमा को भी पार कर गई है। आरबीआई चाहता है कि देश में महंगाई 4% के आसपास रहे।

इसके लिए उसने 6% की ऊपरी सीमा तय की है। यानी महंगाई 6% से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अक्तूबर में महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी रही। देश के कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स में खाने-पीने की चीजों की हिस्सेदारी करीब 40% है। यानी इनकी कीमतों में बदलाव का सीधा असर कुल महंगाई पर पड़ता है। अक्तूबर में खाद्य महंगाई बढ़कर 8.94% हो गई, जबकि सितंबर में यह 7.74% थी। प्याज, लहसुन और अदरक जैसी रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ने से लोगों का रसोई का बजट प्रभावित हुआ।

अक्तूबर 2024 के बाद पहली बार 6 फीसदी के पार पहुंची

इससे पहले अक्तूबर 2024 में खुदरा महंगाई 6% की सीमा पार कर 6.2% पर पहुंची थी। उस समय महंगाई का आंकड़ा सीपीआई की पुरानी सीरीज के आधार पर जारी किया गया था, जिसका बेस ईयर 2012 था। मौजूदा नई सीरीज में अक्तूबर 2026 में महंगाई पहली बार आरबीआई की 6% की ऊपरी सीमा से ज्यादा हुई है।

मुंबई की लोकल ट्रेन में लड़की से छेड़छाड़, विरोध पर दिया धक्का

एजेंसी, मुंबई। मुंबई की लोकल ट्रेन में छेड़छाड़ का विरोध करने पर 20 साल की लड़की को आरोपी ने ट्रैक पर धक्का दे दिया। ट्रेन की चपेट में आकर उसका हाथ कट गया, जबकि सिर में 16 टांके लगे हैं। घटना 4 नवंबर की है। लड़की लोकल ट्रेन में गोरेगांव से नायगांव जा रही थी।

ट्रेन के नीचे आने से पीड़िता का हाथ कटा

सिर में लगे 16 टांके आरोपी गिरफ्तार

आरोप है कि सफर के दौरान जितेंद्र हिरमुखे नाम के आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की, जब लड़की ने विरोध किया, तो दोनों के बीच हाथापाई हुई। ट्रेन रुकने पर आरोपी ने लड़की को धक्का दे दिया, जिससे वह दो कोच के बीच गिरी। पीड़िता ने कहा कि मेरी पूरी जिंदगी खराब हो गई। मेरे घर की सारी जिम्मेदारी मैं ही संभालती थी। मुझे बस न्याय चाहिए।' पुलिस ने आरोपी जितेंद्र हिरमुखे को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 117 और अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

पंजाब में 'आप' ने जारी की 31 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट

एक मंत्री और 7 विधायकों के टिकट काटे, दो सांसदों को मिले

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इसमें 31 नाम हैं। 2 सांसदों को भी टिकट दिया गया है। संगरूर से सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर को बरनाला से और होशियारपुर से सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल को फगवाड़ा से उम्मीदवार बनाया गया है। इससे पहले 31 अक्तूबर को 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई थी। इसमें सीएम भगवंत मान समेत सभी मौजूदा विधायकों को दोबारा टिकट दिया गया था। पार्टी अब तक कुल 71 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है। पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के लिए आम आदमी पार्टी ने पहली और दूसरी सूची में कुल 71 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। इनमें मुख्यमंत्री भगवंत मान को धूरी और कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को लुधियाना वेस्ट से उम्मीदवार बनाया गया है। आम आदमी पार्टी की दूसरी सूची में पांच महिलाओं को उम्मीदवार बनाया गया है। इनमें शुतराणा से वनिंदर कौर लूंबा, जगराओं से मौजूदा विधायक सरबजीत कौर माणूके, अबोहर से डॉ. सुहानी डोडा, राजा सांसी से सोनिया मान और फिल्लौर से हरजोत कौर लोहटिया शामिल हैं। दूसरी सूची में एक मौजूदा महिला विधायक को दोबारा टिकट दिया गया है।

5 महिलाओं के भी नाम

दूसरी सूची में पांच महिलाओं को उम्मीदवार बनाया गया है। इनमें शुतराणा से वनिंदर कौर लूंबा, जगराओं से मौजूदा विधायक सरबजीत कौर माणूके, अबोहर से डॉ. सुहानी डोडा, राजा सांसी से सोनिया मान और फिल्लौर से हरजोत कौर लोहटिया शामिल हैं।

यूपी में चंद्रशेखर-ओवैसी की पार्टियों में गठबंधन

सभी सीटों पर लड़ेंगे, 40% दलित और मुस्लिम वोट पर नजर

एजेंसी, लखनऊ

यूपी विधानसभा चुनाव से पहले एआईएमएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने गठबंधन का ऐलान किया है। इसका नाम सामाजिक परिवर्तन मोर्चा रखा गया है। गठबंधन यूपी की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा। वीरवार को लखनऊ में संयुक्त प्रेसवार्ता में ओवैसी ने कहा कि चंद्रशेखर यूपी में सीएम का चेहरा होंगे। भाजपा को रोकने के लिए हमारा मोर्चा मजबूत विकल्प बनेगा। यूपी में मुस्लिम आबादी 19% और दलित आबादी 21% है। गठबंधन की नजर इसी 40% आबादी के वोटों पर है। इस गठबंधन का सीधा असर सपा और बसपा के वोट बैंक पर पड़ सकता है। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि यह तीसरा मोर्चा नहीं, बल्कि पहला मजबूत मोर्चा होगा। बड़े गठबंधन में शामिल होने की कोशिश की, लेकिन हमें कमजोर समझा गया।



योगी के 1.27 करोड़ नाम कटने के दावे पर सवाल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए ओवैसी ने पूछा कि 10 अप्रैल को फाइनल एसआईआर प्रकाशित होने के बाद 'बाबा' ने 1 करोड़ 27 लाख बहुसंख्यक समुदाय के लोगों के नाम कटने का आंकड़ा कैसे निकाल लिया? उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि शायद मुख्यमंत्री के पास गणित में पीएचडी होगी। ओवैसी ने मुख्यमंत्री से देशवार सूची जारी करने की मांग की, जिसमें बताया जाए कि इनमें कितने बांग्लादेशी, पाकिस्तानी या गैर-भारतीय नागरिक पाए गए।

एनवीडिया सीईओ जेन्सेन के एक और अफेयर का दावा

एजेंसी, वॉशिंगटन। दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग के दूसरे अफेयर के बारे में भी पता चला है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक हुआंग का कंपनी की महिला अधिकारी किम्बर्ली पॉवेल के साथ अफेयर था। किम्बर्ली सीधे जेन्सेन हुआंग को रिपोर्ट करती थीं। जेन्सेन इससे पहले चीनी महिला एलिस हुआंग के साथ अफेयर की बात कबूल कर चुके हैं। एलिस पर चीनी जासूस होने का शक है।



किम्बर्ली पॉवेल ने 2008 में एनवीडिया में डायरेक्टर के तौर पर काम शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने कंपनी में लगातार तरक्की की। अब वह हेल्थकेयर बिजनेस की वाइस प्रेसिडेंट हैं। कंपनी की प्रोफाइल के मुताबिक, शुरुआत में उनका काम मेडिकल इमेजिंग में एनवीडिया के एआई चिप्स के इस्तेमाल को बढ़ावा देना था। इस विवाद का असर कंपनी के शेयरों पर भी पड़ा है। कंपनी का मार्केट वैल्यूएशन 27 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा घट चुका है। एनवीडिया अब जेन्सेन को सीईओ पद से हटाने की तैयारी कर रही है।

मौसम बदलने से हिमाचल में सुबह और शाम बढ़ने लगी ठंड

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल में मौसम का मिजाज बदलने से पहले रातें सर्द होने लगी हैं। बीती रात शिमला का न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सोलन में पारा 7.2, मंडी में 8.4, बिलासपुर में 10 और बरठी में 9.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड का असर और अधिक है।

लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में तापमान माइनस 2.1 डिग्री, ताबो में 0.1 और केलांग में 0.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, मौसम में बदलाव के चलते प्रदेश के अधिकतर शहरों में तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट आने की संभावना है। सुबह और शाम के समय ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में भी चेतावनी दी गई है। इस दौरान प्रदेश के ऊंचाई और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश होने की संभावना है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चंबा की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी के आसार हैं। मौसम में इस बदलाव का असर तापमान पर भी पड़ेगा।

हालांकि प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 14 नवंबर से पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कमजोर पड़ने लगेगा और 15 नवंबर से प्रदेशभर में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। इसके बाद धूप खिलने से दिन के तापमान में फिर बढ़ोतरी हो सकती है।

किस्सा दिवाली मिलन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने सुनाया 11 अशोका रोड के कमरे का यादगार किस्सा

'मिठाई तो खिलाओ, आप सीएम बनने वाले हैं'

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीरवार को दिवाली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए एक मीडिया जगत से जुड़ा एक बेहद दिलचस्प और अनसुना किस्सा साझा किया है। पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने हल्के-फुल्के अंदाज में बताया कि कैसे 2001 में गुजरात का मुख्यमंत्री बनने की भनक पार्टी के शीर्ष नेताओं के अलावा सबसे पहले दिल्ली के पत्रकारों को लग गई थी।

मीडिया की पैनी नजर और खबर निकालने की ताकत की सराहना करते हुए पीएम मोदी ने वर्ष 2001 का एक पुराना संस्मरण सुनाया। पीएम ने बताया कि उस समय उन्हें गुजरात भेजने और मुख्यमंत्री बनाने का फैसला बेहद गोपनीय था। पार्टी में शीर्ष के महज 2-4 लोगों को ही इस बारे में जानकारी थी। मोदी ने कहा, 'मैं उस समय दिल्ली के 11 अशोका रोड स्थित एक कमरे में रहता था। अचानक एक दिन पत्रकारों की पूरी टोली मेरे कमरे में घुस आई। उस समय महिला पत्रकारों की एक सक्रिय 'ब्रिगेड' हुआ करती थी।' प्रधानमंत्री के मुताबिक, कमरे में आते ही उन महिला पत्रकारों ने उनसे मिठाई खिलाने की मांग कर दी। जब मोदी ने हैरानी से पूछा कि आखिर मिठाई किस बात की, तो पत्रकारों ने जवाब दिया, 'आप गुजरात जा रहे हैं, आप वहां के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।' इस अवसर पर भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में विकास की रोशनी आज हर घर तक पहुंचाई है। आज दीपावली का पर्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बना रहा है। इसमें प्रधानमंत्री के भारत की संस्कृति और विरासत को दुनियाभर में ले जाने के प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

रिपोर्टर से एडिटर बनने जैसा रहा मेरा सफर

मीडिया हाउस की कार्यशैली से अपने राजनीतिक दायित्वों की तुलना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस तरह किसी मीडिया संस्थान में रिपोर्टर से एडिटर बनने पर भूमिका और जिम्मेदारियां स्वाभाविक रूप से बदल जाती हैं, ठीक वैसा ही बदलाव सरकार में आने के बाद उनके दायित्वों में भी आया। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले महीने ही उन्हें सरकार के मुखिया (पहले मुख्यमंत्री और अब प्रधानमंत्री) के तौर पर 25 साल पूरे हुए हैं।



'पता नहीं आपके पास कौन-सी ताकत है'

पत्रकारों के सूत्र और सूचना तंत्र पर चुटकी लेते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि आप लोगों के पास ऐसी कौन-सी ताकत है, जो कई बार हमें यहां परेशान भी कर देती है। उस समय यह बात बहुत ही कम लोगों को मालूम थी, लेकिन उन पत्रकारों को इसका पता चल चुका था। खैर, बाद में उनकी यह बात बिलकुल सही साबित हुई।' पीएम के इस संस्मरण पर कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों और अतिथियों के बीच ठहाके गूंज उठे।

नेतन्याहू को पीएम बनने से रोकने का बिल लाए गादी आइजनकोट

भ्रष्टाचार का मुकदमा झेल रहे नेता नहीं बन सकेंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी, तेल अवीव

इजराइल में बेंजामिन नेतन्याहू को प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए गादी आइजनकोट ने स्पेशल बिल पेश किया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार का मुकदमा झेल रहे नेता प्रधानमंत्री नहीं बन सकेंगे। नेतन्याहू पर अभी भ्रष्टाचार के 3 मामले चल रहे हैं, बिल पास हुआ तो वे अब इजराइल के पीएम नहीं बन पाएंगे।

आइजनकोट और उनके सहयोगी बुधवार को इजराइली संसद में कुल 8 बिल लाए। इनमें प्रधानमंत्री पद पर रहने का समय तय करने और नेतन्याहू सरकार के कुछ पुराने फैसले रद्द करने का प्रावधान है।



इजराइल के कार्यवाहक प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और सांसद गादी आइजनकोट। तस्वीर 10 नवंबर को येरुशलम में संसद सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ली गई।

आइजनकोट का प्रस्ताव है कि कोई भी व्यक्ति तय समय से ज्यादा प्रधानमंत्री के पद पर न रह सके। इसके लिए पीएम के कार्यकाल की अधिकतम अवधि तय की जाएगी।

हमास हमले की होगी जांच

हमास ने 7 अक्तूबर 2023 को इजराइल पर हमला किया था। गादी चाहते हैं कि एक स्वतंत्र आयोग इस बात की जांच करे कि हमले से पहले इजराइल की खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां कहां चूक गई थीं। आयोग के सदस्यों को सुप्रीम कोर्ट चुनेगा। इस जांच में नेतन्याहू सरकार की जिम्मेदारी भी तय हो सकती है।

इससे नेतन्याहू जैसे नेता लंबे समय तक लगातार सत्ता में नहीं रह पाएंगे। नेतन्याहू इजराइल के इतिहास में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे हैं।

दिवाली की छुट्टियां खत्म होते ही हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में उमड़ी मरीजों की भारी भीड़

रूटीन ओपीडी में घंटों लगी लंबी लाइनें, इलाज के लिए भटकते रहे लोग

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। दिवाली की छुट्टियां खत्म होते ही डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में मरीजों का भारी दबाव देखने को मिला। छुट्टियों के बाद इलाज करवाने पहुंचे सैकड़ों मरीजों के कारण वीरवार को सुबह से ही अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया।



दिवाली के दौरान कई दिन तक ओपीडी बंद रहने और डॉक्टरों के अवकाश पर होने से मरीज इलाज नहीं करवा पाए थे। जैसे ही छुट्टियां खत्म हुईं, हमीरपुर सहित नादौन, सुजानपुर, भोरंज, बड़सर और बिलासपुर-ऊना से भी बड़ी संख्या में मरीज मेडिकल कॉलेज पहुंच गए।

रूटीन ओपीडी में सबसे ज्यादा भीड़: सबसे ज्यादा भीड़ मेडिसिन, हड्डी, सर्जरी, शिशु रोग, स्त्री रोग और आंख की ओपीडी में देखने को मिली। कई मरीज सुबह 8 बजे से ही पर्ची काउंटर पर लाइन में लगे थे, लेकिन दोपहर तक भी उनका नंबर नहीं आया। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। मरीजों का कहना है कि छुट्टियों के बाद एक साथ इतनी भीड़ आ जाने से पर्ची बनाने से लेकर डॉक्टर को दिखाने तक में घंटों का समय लग गया। कई मरीज तो बिना इलाज करवाए ही वापस लौटने को मजबूर हो गए।

बैठने की जगह नहीं, दवा काउंटर पर भी लगी लाइन: ओपीडी के बाहर बैठने की जगह कम पड़ गई। लोग बरामदों और सीढ़ियों पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। जांच काउंटर, एक्स-रे और दवा काउंटर पर भी लंबी-लंबी लाइनें लगी रहीं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि छुट्टियों के बाद भीड़ बढ़ने की संभावना पहले से थी, इसलिए मरीजों को किसी प्रकार कि परेशानी इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। प्राचार्य डॉ. रमेश भारती ने बताया कि दिवाली की छुट्टियों के बाद ओपीडी में मरीजों की संख्या अचानक बढ़ना स्वाभाविक है। छुट्टियों के दौरान जो मरीज इलाज नहीं करवा पाए थे, वो सभी एक साथ अस्पताल पहुंचे हैं, इसलिए थोड़ी भीड़ बढ़ी है। हमने स्थिति को देखते हुए सभी विभागों में अतिरिक्त डॉक्टर और स्टाफ लगाया है। पर्ची काउंटर से लेकर दवा काउंटर तक व्यवस्था को सुचारु किया गया है। किसी भी मरीज को बिना इलाज के वापस नहीं जाने दिया जाएगा। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जा रहा है। मरीजों से अपील है कि वे धैर्य बनाए रखें, सभी को इलाज मिलेगा।

जनजातीय गौरव पखवाड़े के तहत डाडू पंचायत में किया पौधरोपण



अनंत ज्ञान

भोरंज। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में एक से 15 नवंबर तक मनाए जा रहे जनजातीय गौरव पखवाड़े के तहत जिला हमीरपुर में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विकास खंड भोरंज की अनुसूचित जनजाति बाहुल्य डाडू पंचायत में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भोरंज के खंड विकास अधिकारी रजत चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में गांववासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, संघर्ष और सामाजिक चेतना की प्रेरणादायक मिसाल है। जनजातीय गौरव पखवाड़े का उद्देश्य जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और महान विभूतियों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी दिया गया।

नौंहगी पंचायत के आधा दर्जन गांवों के लोग पानी की समस्या से परेशान

अनंत ज्ञान, सोनल, नादौन। नादौन की नौंहगी पंचायत के करीब आधा दर्जन गांवों के लोग पिछले लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांववासियों ने इस समस्या को पंचायत प्रतिनिधियों से उठाया पंचायत ने मौका भी देखा और पाया कि वास्तव में पंचायत निवासी पिछले कई महीनों से पानी की समस्या से परेशान हैं। लोगों की इस समस्या को लेकर पंचायत प्रधान प्यार चंद, उप प्रधान वासु देव शर्मा, वार्ड मेंबर निर्मला देवी, अंजना देवी व महेंद्र शर्मा आदि अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग नादौन से मिले तथा उन्हें नौंहगी पंचायत के गांव कथलानी, नरयाह, समूंह, रोहाल,बरोटी, कछोटी, वरूही व कुठियाना निवासियों की पानी की समस्या से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि विभाग के पानी के टैंक तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता है। फलस्वरूप इन गांवों में पानी की समस्या बनी हुई है। उन्होंने विभाग से आग्रह किया है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान करवाया जाए। पंचायत प्रतिनिधियों ने इस समस्या के समाधान बारे पंचायत के करीब 80 लोगों द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र भी विभाग को सौंपा है। अधिशाषी अभियंता राहुल धीमान का कहना है कि पंचायत का एक प्रतिनिधि मंडल पानी की समस्या को लेकर मिला है। अधिकारियों को शीघ्र समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि पाईप लाइन बदलने की जरूरत होगी तो बदल दी जाएगी।

चकमोह पीएचसी में एक्सपायर दवाइयों का मामला

बीएमओ ने 3 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के दिए निर्देश

◆ एक्सपायर दवाइयां देने के आरोपों को किया खारिज

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) चकमोह में दो साल पहले एक्सपायर हो चुकी दवाइयों का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. अरविंद टंडन ने संबंधित चिकित्सक को तीन दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। सीएचसी में एक्सपायर दवाइयां मिलने के मामले को लेकर अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित होने पर

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

डॉ. टंडन ने मरीजों को एक्सपायर दवाइयां देने के आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि उपचार के दौरान ऐसी दवाइयों का इस्तेमाल नहीं हुआ है। हालांकि, उन्होंने सवाल उठाया कि जब दवाइयां दो साल पहले ही एक्सपायर हो चुकी थीं तो उन्हें अब तक अस्पताल में क्यों रखा गया और नियमानुसार उनका निस्तारण क्यों नहीं किया गया। उन्होंने संबंधित चिकित्सक से दवाइयों के एक्सपायर होने, उनके भंडारण और डिस्पोजल में हुई देरी के कारणों सहित पूरी जानकारी मांगी है। तीन दिन में रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इस संबंध में समाचार प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश जारी किए हैं।

संस्कृत के संरक्षण से बचेगी हमारी प्राचीन संस्कृति : राम चंद्र

कहा- शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुक्खू ने किए हैं क्रांतिकारी सुधार

◆ टाउन भराड़ी मंदिर परिसर में हिमाचल संस्कृत अकादमी का 'संस्कृत विद्वत सम्मेलन' संपन्न

अनंत ज्ञान

भोरंज। हिमाचल संस्कृत अकादमी, शिमला के सौजन्य से जिला हमीरपुर के ऐतिहासिक टाउन भराड़ी मंदिर परिसर में 'संस्कृत विद्वत सम्मेलन' का आयोजन किया गया, जिसमें कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।



सम्मेलन की अध्यक्षता संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर के भूतपूर्व प्रधानाचार्य डॉ. पुरुषोत्तम लाल ने की, जबकि गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. लेखराम शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राम चंद्र पठानिया ने कहा कि संस्कृत विश्व की सबसे प्राचीन एवं समृद्ध भाषा है। इसके संरक्षण से ही हमारी प्राचीन संस्कृति का संरक्षण संभव होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्राचीन संस्कृति के संरक्षण एवं प्रोत्साहन की दिशा में कई सराहनीय निर्णय लिए हैं। राम चंद्र पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में कई क्रांतिकारी सुधार किए हैं, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने सम्मेलन के आयोजन में सहयोग के लिए भोरंज के विधायक सुरेश कुमार का धन्यवाद भी किया।

इससे पहले, सम्मेलन का शुभारंभ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय डंगार के छात्रों द्वारा प्रस्तुत वैदिक मंगलाचरण से हुआ। इसके पश्चात अकादमी के सचिव डॉ. प्रवीण कुमार विमल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अकादमी प्रदेश भर में ऐसे सम्मेलनों की श्रृंखला आयोजित कर देववाणी संस्कृत और भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है।आधुनिक दौर में पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण के कारण समाज में नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। ऐसे में हिमाचल संस्कृत अकादमी की यह पहल नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगी। सम्मेलन में राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सरैन, शिमला के प्रधानाचार्य डॉ. रितेश शर्मा, डॉ. बिहारी लाल, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. पद्मनाभ शर्मा, डॉ. अमरदीप चंदेल, व्यापार मंडल अध्यक्ष ब्रह्मदास, एनडी शेख, विजय बन्याल आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य नरेश मलोटिया ने किया। सम्मेलन में जिला हमीरपुर के संस्कृत अध्यापक डॉ. अमित शर्मा, नरेश कुमार, प्रतिभा शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, स्वामी लाल, हिम्मी चंद, अनु कुमारी, वंदना कुमारी, संजय कुमार, सुरेंद्र भारद्वाज, नवनीत मेहता, प्रियंका, शैलजा, जीवन कुमार, पृथी चंद आदि विद्वान शामिल रहे।

सुजानपुर में विद्यार्थियों को बताया मतदान का महत्व



अनंत ज्ञान

सुजानपुर। भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र सुजानपुर में खंड स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं करवाई गईं, जिनमें सुजानपुर खंड के 21 शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में तहसीलदार प्रवीण शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, मतदाताओं के अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी। स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. राजीव ठाकुर ने युवाओं से अपने परिवार और समाज में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

दोनों प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10-10 विद्यार्थियों का चयन किया गया। ये विद्यार्थी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सुजानपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में प्रो. राजीव भंडारी, प्रो. अरविंद कुमार, साहिब सिंह और किरण शामिल रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

हमीरपुर में 10वीं राज्य स्तरीय दिव्यांग खेल स्पर्धा 15 को, 200 से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे दम

◆ पुलिस अधीक्षक करेंगे शुभारंभ, उपायुक्त होंगे समापन पर मुख्य अतिथि

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच मिलने जा रहा है। 10वीं राज्य स्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता का आयोजन 15 नवंबर को हमीरपुर के अणु स्थित सिंथेटिक मैदान में होगा। सुबह 8 बजे से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 200 से अधिक दिव्यांग खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।



प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ठाकुर करेंगे, जबकि समापन समारोह में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजन हिमाचल प्रदेश पैरा खेल संघ की ओर से किया जा रहा है, जबकि जिला हमीरपुर पैरा खेल संघ सह आयोजक की भूमिका निभाएगा।

वहीं, प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट के संस्थापक राजन कुमार, हिमाचल प्रदेश पैरा खेल संघ के महासचिव ललित ठाकुर, पे बैक समिति हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष ओंकार सिंह भाटिया, जिला हमीरपुर के जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा तथा भारतीय खेल प्राधिकरण की निदेशक एवं ओलंपिक खिलाड़ी दिव्या शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा जिला हमीरपुर पैरा खेल संघ के अध्यक्ष रविकांत शर्मा, महासचिव राजेंद्र कुमार सिपहिया, कोषाध्यक्ष सफल डोगरा, संतोष वर्मा एवं अनिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा हिमाचल का प्रतिनिधित्व करने का अवसर: जिला हमीरपुर पैरा खेल संघ के महासचिव सफल डोगरा ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा साबित करने और खेलों में आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर है।

प्रदेशभर के खिलाड़ियों को खुला निमंत्रण

हिमाचल प्रदेश पैरा खेल संघ एवं जिला हमीरपुर पैरा खेल संघ ने प्रदेश के सभी दिव्यांग साथियों, युवा खिलाड़ियों एवं खेलों में रुचि रखने वाले दिव्यांग प्रतिभागियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। आयोजकों का कहना है कि दिव्यांगता किसी की क्षमता और सपनों की सीमा नहीं है। सही अवसर, प्रोत्साहन और मंच मिलने पर दिव्यांग खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

हमीरपुर में जिला स्तरीय मतदाता जागरुकता प्रतियोगिताएं 18 को

◆ एडीसी अभिषेक गर्ग ने की तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

◆ निबंध लेखन व प्रश्नोत्तरी से दिया जा रहा मतदाता जागरुकता का संदेश

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरुक करने के लिए शिक्षण संस्थानों में गठित मतदाता साक्षरता क्लबों (ईएलसी) के माध्यम से निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार शिक्षण संस्थानों के स्तर पर इन प्रतियोगिताओं के आयोजन के बाद जिला हमीरपुर के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के स्तर पर भी ये प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। इसके बाद 18 नवंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

एडीसी अभिषेक गर्ग ने वीरवार को निर्वाचन विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करके जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी में जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों से 10-10 टॉप प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। एडीसी ने निर्वाचन विभाग के अधिकारियों, सेकेंडरी शिक्षा उपनिदेशक और शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर की प्रधानाचार्य को इन प्रतियोगिताओं के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के 10-10 टॉप प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

बैठक में निर्वाचन विभाग के तहसीलदार विजय शर्मा, सेकेंडरी शिक्षा उपनिदेशक देशराज डोगरा, प्रधानाचार्य दीप्ति राणा, निर्वाचन विभाग के नायब तहसीलदार बलवंत सिंह और डॉ. ललित कुमार, अधीक्षक कमलदीप सिंह व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए उठाएं सख्त कदम

एडीसी ने दिए अधिकारियों को निर्देश, अक्तूबर माह के दौरान पुलिस ने किए 340 चालान

◆ 26 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, हमीरपुर। जिला हमीरपुर में तंबाकू मुक्त युवा अभियान (टीएफवाईसी 4.0) के तहत तंबाकू उत्पादों की बिक्री और सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार 28 अक्तूबर से 26 दिसंबर तक चलाए जा रहे इस अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और अन्य परिसरों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अभियान की समीक्षा के लिए वीरवार को एडीसी अभिषेक गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें स्वास्थ्य, पुलिस, शिक्षा, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, सूचना एवं जनसंपर्क तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। एडीसी ने कहा कि तंबाकू उत्पादों की बिक्री के लिए लाइसेंस अनिवार्य है। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचना और शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में इनकी बिक्री करना कानूनन अपराध है।

सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान और खुली सिगरेट की बिक्री पर भी कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने संबंधित विभागों को नियमों का सख्ती से पालन करवाने और अधिक से अधिक चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस ने 31 अक्तूबर तक कोटपा अधिनियम के उल्लंघन पर 3,689 चालान किए हैं और 3.78 लाख रुपये से अधिक जुर्माना वसूला है। अकेले अक्तूबर में 340 चालान कर 37 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया। बैठक में सीएमओ डॉ. सतीश कुमार फोतेदार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय अत्री, एएसपी राजेश कुमार और नगर निगम आयुक्त राकेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

भारत में 650 टन से अधिक सोना घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर मंथन

◆ अनुराग की अध्यक्षता में संसदीय समिति ने की देश में स्वर्ण खनन की संभावनाओं की समीक्षा

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में संसद की कोयला, खान एवं इस्पात संबंधी स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें भारत स्वर्ण खान लिमिटेड की वर्तमान स्थिति और देश में उपलब्ध स्वर्ण खनन संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य घरेलू स्वर्ण उत्पादन को बढ़ावा देना और सोने के आयात पर भारत की निर्भरता कम करना रहा। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक में खान मंत्रालय ने उपलब्ध स्वर्ण भंडार की जानकारी देते हुए पुरानी टेलिंग डंप से सोना और अन्य महत्वपूर्ण खनिज निकालने की संभावनाओं पर चर्चा की। इसके लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, ड्रोन सर्वेक्षण और हवाई भू-भौतिकीय मानचित्रण जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया गया। समिति के अनुसार भारत में प्राथमिक अयस्क संसाधनों में 650 टन से अधिक स्वर्ण धातु उपलब्ध है। वर्ष 2015 से अब तक आठ राज्यों में 27 स्वर्ण खनन ब्लॉकों की नीलामी हुई है, जिनमें 16 सक्रिय हैं। अनुराग ठाकुर ने घरेलू स्वर्ण उत्पादन बढ़ाने के लिए निजी निवेश और उद्योगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और बेहतर निवेश अवसरों से भारत स्वर्ण खनन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है तथा आयात पर निर्भरता कम कर सकता है।

सौगात सुनील शर्मा बिट्टू ने हरी झंडी दिखाकर दो इलेक्ट्रिक बसों का किया शुभारंभ

मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के लिए ई-बस सेवा शुरू

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। जोल सप्पड़ में स्थित डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज (आरकेजीएमसी) हमीरपुर के नए परिसर के लिए एचआरटीसी की इलेक्ट्रिक बस सेवाएं वीरवार से आरंभ हो गई। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने यहां बस स्टैंड से दो इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर इन सेवाओं का विधिवत शुभारंभ किया।

बिट्टू ने कहा कि यह संस्थान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से सिर्फ हमीरपुर जिले के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए बहुत बड़ी सौगात है। मुख्यमंत्री ने जोल सप्पड़ में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के साथ-साथ अलाइड हेल्थ सर्विसेज कॉलेज, डेंटल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, कैंसर केयर संस्थान और मातृ-शिशु अस्पताल का प्रावधान भी किया है।



बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सुनील बिट्टू। अनंत ज्ञान

आने वाले समय में यह मेडिकल कॉलेज उत्तर भारत के बेहतरीन चिकित्सा एवं मेडिकल शिक्षा संस्थानों के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के विद्यार्थियों, डॉक्टरों, अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों और आम लोगों की सुविधा के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवाएं आरंभ कर दी गई हैं। ये बसें हमीरपुर बस स्टैंड से प्रतिदिन सुबह 8:30 एवं 8:35 बजे से चलेंगी और लगभग 9 बजे जोल सप्पड़ पहुंचेंगी तथा इससे आगे रंगस चौक तक जाएंगी। शाम को ये बसें जोल सप्पड़ से 4 और 4:05 बजे चलेंगी तथा लगभग 4:30 बजे हमीरपुर पहुंचेंगी। उन्होंने इन बस सेवाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर के खोखाधारकों का पुनर्वास सुनिश्चित करके मुख्यमंत्री ने इन्हें बहुत बड़ी राहत प्रदान की है, जबकि पिछली सरकार के समय इन खोखाधारकों की दुकानों पर बुलडोजर चलाए गए थे। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में अब प्रदेश का सबसे बड़ा बस अड्डा तैयार होने वाला है और वर्तमान बस अड्डे की जगह पर सिटी सेंटर का कार्य भी आरंभ कर दिया गया है। सिटी सेंटर के कार्य से प्रभावित होने वाले दुकानदारों एवं खोखाधारकों के पुनर्वास के लिए भी मुख्यमंत्री ने विशेष व्यवस्था की है। इस अवसर पर एचआरटीसी के आरएम राहुल कुमार, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रमेश भारती और अन्य अधिकारियों ने सुनील शर्मा बिट्टू का स्वागत किया तथा नई बस सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व पार्षद राजेश चौधरी, राकेश वर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आरसी डोगरा, राजेश आनंद, ज्योति खन्ना, शहनशाह, पुरुषोत्तम कालिया, मनोज शर्मा, निशांत शर्मा, राजू और पार्टी के अन्य नेता भी उपस्थित थे।

राज्य चयन आयोग ने किया सीनियर लैब टेक्नीशियन का फाइनल रिजल्ट घोषित

◆ 25 अभ्यर्थी हुए चयनित समीक्षा ने 99 अंक लेकर किया टॉप

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग, हमीरपुर ने सीनियर लेबोरेटरी टेक्नीशियन/एमएलटी ग्रेड-दो (जॉब ट्रेनी) पोस्ट कोड-26012 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस भर्ती के तहत कुल 25 पदों को भरा जाएगा। आयोग ने चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है।

आयोग के अनुसार इन पदों के लिए विज्ञापन संख्या 04/2026 दिनांक 28 फरवरी 2026 को जारी किया गया था। बाद में 10 जुलाई 2026 को एडेंडम भी जारी किया गया। इन पदों के लिए कुल 477 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 418 अभ्यर्थी कंप्यूटर आधारित स्क्रीनिंग परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 59 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

मेरिट के आधार पर 66 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए चुना गया था। दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 14 अक्तूबर 2026 को आयोजित की गई। कुल 25 पदों में सामान्य वर्ग के 11, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 3, अन्य पिछड़ा वर्ग के 4, अनुसूचित जाति के 6 और अनुसूचित जनजाति का एक पद शामिल है। समीक्षा ने हासिल किए सर्वाधिक अंक: जारी परिणाम के अनुसार समीक्षा ने 120 में से 99 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया।

आशी राणा 96 अंकों के साथ दूसरे, जबकि सुकृति वर्मा 94 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। खुशबू भंडारी ने 93, राजन ढुक्टा ने 92 और रितिक ने 91 अंक प्राप्त किए। घोषित परिणाम में अमन, निशिता, अंजलि कौंडल, प्रथम, अक्षिता, वैशाली, ज्योति कुमारी सहित कुल 25 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

न्यूज ब्रीफ

डैहर आश्रम में बाल दिवस समारोह 14 को

अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। डैहर स्थित दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट के आश्रम परिसर में 14 नवंबर को बाल दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा ने बताया कि दड़याणा-औहर निवासी सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता मदन लाल वर्मा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उनका स्वागत सुबह 11 से 11:15 बजे तक किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11:15 बजे से दोपहर 1 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक भोज (बड़ा खाना) होगा।

सरकाघाट कॉलेज में पीटीए चुनाव 15 को

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में सत्र 2026-27 के लिए अभिभावक-शिक्षक संघ की आम सभा तथा नई कार्यकारिणी का चुनाव 15 नवम्बर 2026 (रविवार) को आयोजित किया जाएगा। यह बैठक महाविद्यालय परिसर के सभागार में प्रातः 11 बजे शुरू होगी। इस दौरान संस्थान के शैक्षणिक माहौल, आधारभूत ढांचे और छात्र कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी तथा नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस बैठक व चुनाव प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

वाहन पासिंग एवं फिटनेस निरीक्षण 13 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी नवीन कुमार ने बताया कि 13 नवंबर को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय मंडी में निर्धारित वाहनों की पासिंग एवं फिटनेस निरीक्षण का कार्य प्रशासनिक कारणों से नियमित समय के बजाय दोपहर एक बजे से शुरू होगा। उन्होंने सभी संबंधित वाहन मालिकों एवं आवेदकों से आग्रह किया है कि वे संशोधित समय-सारणी का ध्यान रखते हुए अपने वाहनों को पासिंग एवं फिटनेस निरीक्षण के लिए निर्धारित समय पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

अवाहदेवी बस स्टैंड पर सुविधाओं की कमी



अनंत ज्ञान, सरकाघाट। अवाहदेवी बस स्टैंड पर सुविधाओं की कमी दिन प्रतिदिन खलती जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने बताया कि हिमाचल पथ परिवहन निगम, हमीरपुर को कई बार बसों की समय सारणी लगाने के लिए लिखा, लेकिन वे समय सारणी यहीं नहीं लगाते। हालांकि आर टी आई के माध्यम से प्राप्त जानकारी में, केवल हमीरपुर डिपो की बसों की समय सारणी, भेज दी है, जबकि अन्य बसों की समय सारणी अभी तक न ही तो मिली है न ही तो एच आर टी सी यहां समय सारणी लगा रहा हैं। उन्होंने ने बताया कि अवाहदेवी बस स्टैंड के साथ साथ यदि टिहरा चौक पर भी समय सारणी लग जाती है तो उसी हिसाब से बसों की पार्किंग बस स्टैंड पर होगी। हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेश महासचिव रमेश ने बताया कि अवाहदेवी में दिव्यांगों के लिए विशेष रूप से तैयार शौचालय इत्यादि उपलब्ध नहीं है। जिसकी वजह से बजुर्गों और महिलाओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से तुरन्त अवाहदेवी में दिव्यांग युक्त शौचालय व सार्वजनिक शौचालय त्यार करने की मांग की है तथा कुछ एक इलेक्ट्रिक बसों को सरकाघाट व टिहरा तक बढ़ाने तथा टिहरा चौक पर रेन शेल्टर, बस स्टैंड पर रेड लाइट और ट्रैफिक को सुचारु रूप से चलाने के लिय 2 आरक्षी नियुक्त करने का सुझाव दिया है। स्थानीय लोगों में अभिषेक, नितिन, छाया शर्मा, सुरिंदर कुमार इत्यादि ने इस मांग का समर्थन किया है।

नशे के खिलाफ युवा बनें बदलाव की ताकत : डीजीपी



अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। प्रदेश सरकार के नशामुक्त एवं चिट्टामुक्त हिमाचल अभियान के तहत विजय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, बडसू बगला में एंटी चिट्टा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आईपीएस अशोक तिवारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पुलिस महानिरीक्षक सेंट्रल रेंज मंडी राहुल नाथ और एसपी मंडी विनोद कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को उजागर करते हुए नशामुक्त समाज का संदेश दिया। डीजीपी अशोक तिवारी ने कहा कि नशा समाज के सामने गंभीर चुनौती है। इसके खिलाफ लड़ाई में युवाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेलकूद और सकारात्मक गतिविधियों में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चिट्टे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस और प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से 13 नवंबर को मंडी के पड्डल मैदान में आयोजित होने वाली एंटी चिट्टा वॉकथॉन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इससे पहले डीजीपी ने पड्डल मैदान पहुंचकर वॉकथॉन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी में भी विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन गौरव मरवाह, प्रधानाचार्य दीप्ति मरवाह, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

भल्याणा-हवाणी सड़क की सुध लेना भूला विभाग, तीन साल से बस सेवा ठप

ग्रामीणों ने दी धरने की चेतावनी, बोले-छोटे वाहन चलाना भी जोखिम भरा

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के भल्याणा-तालंगरा-रसेहड़-हवाणी सड़क मार्ग पर पिछले तीन वर्षों से बस सेवा बंद होने के कारण तीन गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अगस्त 2023 में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सड़क को लोक निर्माण विभाग आज तक बड़े वाहनों की आवाजाही के योग्य नहीं बना पाया है। अब ग्रामीणों ने विभाग को चेतावनी दी है कि यदि जल्द बस सेवा बहाल नहीं की गई तो वे धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों के अनुसार इस सड़क का निर्माण वर्ष 2019 में हुआ था तथा तत्कालीन विधायक कर्नल इंद्र सिंह ने इसका विधिवत उद्घाटन किया था। जुलाई 2023 तक इस मार्ग पर नियमित बस सेवा भी चलती रही, लेकिन अगस्त 2023 में भारी बारिश के चलते सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई और वाहनों की आवाजाही बंद करनी पड़ी। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क टूटने के बाद से विभाग ने न तो क्षतिग्रस्त डंगों



का उचित निर्माण करवाया और न ही बसों की आवाजाही बहाल करने के लिए कोई ठोस कदम उठाया। जब भी विभाग से सड़क ठीक करने की मांग की जाती है तो मशीन भेजकर छोटे-मोटे अवरोध तो हटा दिए जाते हैं, लेकिन बड़े वाहनों के चलने लायक सड़क आज तक तैयार नहीं हो पाई। वर्तमान में छोटे वाहन किसी तरह आवाजाही कर रहे हैं, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। मसेरन और बाग पंचायतों के उपप्रधान विपिन नेगी, शशिपाल सहित ज्ञान चंद ठाकुर, प्रेम सिंह, अमर सिंह, अच्छर सिंह, ओम चंद, मेघ सिंह, जीवानंद और प्रेम चंद ने विभाग से मांग की है कि सड़क की मरम्मत कर बस सेवा जल्द बहाल की जाए। उन्होंने कहा कि इस सड़क के रखरखाव के लिए केंद्र से पर्याप्त धनराशि भी स्वीकृत हुई है, इसके बावजूद काम में देरी समझ से परे है।

उधर, लोक निर्माण विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता भूपेंद्र नायक ने बताया कि वह सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता से सड़क की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक मरम्मत करवाने के निर्देश देंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों को पेश आ रही परेशानी दूर करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

वन विभाग के पास हैं पिंजरे, फिर भी तेंदुए को पकड़ने में आनाकानी

अनंत ज्ञान

◆बाग, चोलथरा और आसपास के क्षेत्रों में तेंदुए की लगातार दस्तक से लोगों में दहशत

रितेश चौहान, सरकाघाट। सरकाघाट क्षेत्र की बाग, चोलथरा और आसपास की पंचायतों में तेंदुए की लगातार आवाजाही से लोगों में दहशत का माहौल है। आए दिन आबादी वाले क्षेत्रों में तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत सरौन निवासी अजय भारद्वाज के 40 हजार रुपये कीमत के पालतू कुत्ते को तेंदुआ उठा ले गया था। इसके बावजूद उन्हें मुआवजा नहीं मिला। वहीं, बुधवार को लाका निवासी बीरबल की बकरी को भी तेंदुआ अपना शिकार बना गया। गरीब परिवार से संबंध रखने वाले बीरबल ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है।

सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व प्रत्याशी रमेश चंद भारद्वाज ने कहा कि क्षेत्र में तेंदुओं, बंदरों, आवारा कुत्तों और बेसहारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे लोगों में भय बना हुआ है और सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। इसके बावजूद सरकार और प्रशासन समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि विभागीय टीमें पिंजरे लगाने के बजाय लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रही हैं, जबकि ग्रामीण पहले से ही भय के साये में जी रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि जब वन विभाग के पास तेंदुए पकड़ने के लिए पिंजरे उपलब्ध हैं तो उन्हें लगाने में आखिर देरी क्यों की जा रही है?

भारद्वाज के अनुसार, ऑनलाइन शिकायत पर वन विभाग ने जवाब दिया है कि मौजूदा नियमों के तहत पिंजरा नहीं लगाया जा सकता। इस जवाब की वास्तविकता जानने के लिए उन्होंने पिंजरों की खरीद और संबंधित नियमों की प्रतियां आरटीआई के माध्यम से मांगी हैं। उन्होंने सभी प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र पिंजरे लगाने, बीरबल को भी मुआवजा देने तथा वन कर्मचारियों की गश्त के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की।

धर्मपुर के कर्नल रॉबिन ठाकुर बने कमांडिंग ऑफिसर

अनंत ज्ञान, धर्मपुर। उपमंडल धर्मपुर की बनाल पंचायत के डीडणू गांव निवासी कर्नल रॉबिन ठाकुर को भारतीय सेना की तोपखाना इकाई 90 मीडियम फील्ड रेजिमेंट का कमांडिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे धर्मपुर क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। रॉबिन ठाकुर के पिता नारायण सिंह वर्मा हिमाचल सरकार में पूर्व जिला न्यायवादी रहे हैं, जबकि माता प्रोमिला ठाकुर नेत्र परीक्षण अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट से प्राप्त की। इसके बाद डीएवी बाघनी नूरपुर और जीएवी स्कूल कांगड़ा से पढ़ाई पूरी की। उन्होंने बेंगलुरु से स्नातक की डिग्री हासिल की। वर्ष 2008 में उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा उत्तीर्ण की और एसएसबी की चयन प्रक्रिया में सफलता हासिल कर भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद उन्हें भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन मिला। सैन्य सेवा के दौरान उन्होंने स्कूल ऑफ आर्टिलरी नासिक से लॉन्ग गनरी विशेषज्ञता हासिल की। इसके अलावा सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय पुणे से आर्टिलरी वेपन स्पेशलिस्ट में मास्टर्स तथा मद्रास विश्वविद्यालय से डिफेंस स्ट्रैटेजिक स्टडीज में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। अनुभव और पेशेवर दक्षता के दम पर उन्होंने कर्नल रैंक तक का सफर तय किया। उनकी पत्नी आरती ठाकुर गृहिणी हैं तथा दो बेटियां आदित्री और वनीसा हैं। पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर, रजत ठाकुर और वंदना गुलेरिया ने भी उन्हें बधाई दी है।

मंडी के कलाकारों का नया गीत 'हम दोनों' रिलीज

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, मंडी। जिला मंडी के युवा कलाकारों ने संगीत की दुनिया में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए नया म्यूजिक वीडियो 'हम दोनों' रिलीज किया है। मंडी के गायक अभिषेक भार्गव, रित्वि और याद्विक की इस प्रस्तुति का शुभारंभ नगर निगम महापौर सुमन ठाकुर ने किया। उन्होंने पूरी टीम को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गीत को अभिषेक भार्गव ने आवाज दी है, जबकि संगीत और गीत की रचना अर्थ एम ने की है। रिकॉर्डिंग भार्गव साउंड्स लैब में हुई है। वीडियो में रित्वि और याद्विक नजर आ रहे हैं। इसका निर्देशन, एडिटिंग और सिनेमैटोग्राफी प्रिंस हैरी ने की है। पोस्ट प्रोडक्शन व सीजी का कार्य इंस्पायर स्टूडियो और आर्ट वर्क हैरिश खान ने तैयार किया है। तीनों कलाकारों का संबंध मंडी से है। उन्होंने दर्शकों से 'हम दोनों' को प्यार और समर्थन देने की अपील की। साथ ही भविष्य में भी नई संगीत प्रस्तुतियां लाने की बात कही।

पेंशनर्स का जिलाधीश कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

अनंत ज्ञान

◆लंबित वित्तीय देनदारियों डीए और नियमित पेंशन के भुगतान की उठाई मांग

ब्यूरो, मंडी। हिमाचल प्रदेश पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर जिला मंडी के पेंशनरों ने 12 नवंबर से जिलाधीश कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। धरने के पहले दिन सुंदरनगर खंड के पेंशनरों सहित हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन की जिला कार्यकारिणी तथा विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भाग लिया।

धरने में लक्ष्मण सिंह वर्मा, प्रभु राम वर्मा, दिलीप ठाकुर, हेम सिंह ठाकुर, रूपलाल ठाकुर, नानक चंद शर्मा, इंद्रजीत आजाद, हेमराज रतन, हिम्मत राम शर्मा, सीताराम और परस राम गर्ग सहित अनेक पेंशनर उपस्थित रहे।

पेंशनर नेताओं ने कहा कि सरकार की बेरुखी और हठधर्मिता के चलते उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने वर्ष 2016 से दिसंबर 2021 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन, लीव एनकैशमेंट और वेतन व पेंशन एरियर सहित लंबित वित्तीय देनदारियों का भुगतान करने की मांग उठाई।

इसके अलावा करीब 200 माह के महंगाई भत्ते की लंबित देनदारियों और 13 प्रतिशत डीए का भुगतान, एचआरटीसी व शहरी स्थानीय निकायों के पेंशनरों को नियमित पेंशन तथा कॉरपोरेट कर्मचारियों के लिए पेंशन का प्रावधान करने की मांग की गई। समिति के अनुसार धरना 17 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगा।

सरकारी गाड़ियों को साहबों ने बना रखा है निजी टैक्सी

जनता के पैसे पर अफसरों की मौज, सीएम सुक्खू विजिलेंस से करवाएं जांच : नरेश

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। हिमाचल प्रदेश में आर्थिक संकट और सरकारी खर्चों में कटौती की दुहाई देने वाली सुक्खू सरकार के मितव्ययिता के दावों पर सरकाघाट और धर्मपुर में सरकारी अधिकारियों की कथित फिजूलखर्ची सवाल खड़े कर रही है। आरोप है कि सरकारी खजाने से चलने वाली गाड़ियों को कुछ अधिकारियों ने अपनी निजी टैक्सी समझ रखा है। सरकारी वाहन कार्यालयी कामकाज के बजाय रोजाना साहबों को घर से दफ्तर और दफ्तर से घर पहुंचाने में इस्तेमाल हो रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ सरकारी गाड़ियों का इस्तेमाल अधिकारियों और कर्मचारियों के बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने तक में किए जाने के आरोप लगे हैं।

इस मामले को लेकर कांग्रेस महासचिव एवं सरकाघाट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता नरेश शर्मा ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर



तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि धर्मपुर से लेकर सरकाघाट तक सरकारी वाहनों का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है। एक ओर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए बीबीएमबी और वाइल्ड फ्लावर हॉल जैसे मामलों में कानूनी लड़ाई लड़कर प्रदेश के लिए करोड़ों रुपये के हित सुरक्षित करने में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ अधिकारी सरकारी संसाधनों को अपनी निजी सुविधा का साधन बनाए बैठे हैं।

नरेश शर्मा ने कहा कि सरकार को एक-एक रुपए की बचत करने की जरूरत है, लेकिन कुछ अधिकारियों के लिए सरकारी गाड़ी मानो निजी वाहन बन चुकी है। विभागीय गाड़ियों को रोजाना निर्धारित कार्यक्षेत्र से बाहर ले जाकर अधिकारियों के निजी आवागमन में इस्तेमाल किया जा रहा है। यदि इन आरोपों की जांच हो तो सरकारी ईंधन और वाहन खर्च के नाम पर सरकारी खजाने को हो रहे नुकसान की तस्वीर सामने आ सकती है।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की है कि प्रदेश के सभी विभागों में सरकारी वाहनों के इस्तेमाल की समीक्षा करवाई जाए। जिन अधिकारियों द्वारा सरकारी गाड़ियों का निजी कार्यों में इस्तेमाल किया जा रहा है, उनके खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही निजी आवागमन में खर्च हुए पेट्रोल और डीजल की राशि संबंधित अधिकारियों के वेतन से वसूल की जाए, ताकि सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग पर रोक लग सके।

सीसीटीवी फुटेज खंगालने से सामने आ जाएगा पूरा सच

नरेश शर्मा ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए विजिलेंस या सीआईडी से सरकाघाट कॉलेज ग्राउंड के बाहर लगे सर्विलांस कैमरों की पिछले एक महीने की फुटेज खंगालने की मांग की है। उनका दावा है कि फुटेज की जांच से यह स्पष्ट हो सकता है कि किन अधिकारियों की सरकारी गाड़ियां रोजाना सरकाघाट से बाहर हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी और भोरंज की ओर उनके घरों तक जाती हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा सकता है कि किन वाहनों का इस्तेमाल बच्चों को स्कूल छोड़ने और वापस लाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी गाड़ियां जनता के टैक्स से चलती हैं, किसी अधिकारी की निजी जागीर नहीं हैं। यदि सरकार वास्तव में फिजूलखर्ची रोकने और सरकारी खजाने पर पड़ रहे अनावश्यक बोझ को कम करने के प्रति गंभीर है तो उसे इन आरोपों की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई करनी होगी।

नाचन कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं : लाल सिंह कौशल

2027 के चुनाव में सबसे अधिक मतों से जीत हासिल करेगी कांग्रेस



अनंत ज्ञान

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के अध्यक्ष लाल सिंह कौशल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सहयोग से नाचन विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास किया जा रहा है। वह बग्गी में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि गोहर में केंद्रीय विद्यालय खुल चुका है और इसी सत्र में हटगढ़, जयदेवी व महादेव में सीबीएसई स्कूल खोलने की अधिसूचना जल्द जारी होगी। नाचन की तीन पंचायतों को पुस्तकालयों के लिए 1.33 लाख रुपए प्रति पंचायत दिए गए हैं।

धनोटू विकास खंड की 32 पंचायतों के सरकारी कार्यालयों के लिए भूमि तलाशी जा रही है। सभी कार्यालयों को एक छत के नीचे लाने के लिए मिनी सचिवालय बनाने की योजना है। उन्होंने कहा कि मार्च 2027 से पहले नाचन की सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा। कौशल ने कहा कि कांग्रेस सरकार पुरानी पेंशन योजना जारी रखेगी। नाचन कांग्रेस में गुटबाजी के सवाल पर उन्होंने पार्टी को एकजुट बताया और दावा किया कि 2027 में कांग्रेस यहां से मंडी जिले में सबसे अधिक मतों से जीत दर्ज करेगी।

पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिता में आज्ञा-दिव्यांशी प्रथम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। चिट्टा मुक्त हिमाचल और जनजातीय गौरव दिवस थीम पर जिला प्रशासन मंडी के तत्वावधान में इंदिरा मार्केट स्थित ओपन थिएटर में पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मंडी जिला के 34 स्कूलों के लगभग 118 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में चिट्टा मुक्त हिमाचल थीम पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन तथा जनजातीय गौरव दिवस से संबंधित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में अतिरिक्त उपायुक्त मंडी प्रियांशु खाती विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।

कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र सैनी ने बताया कि चिट्टा मुक्त हिमाचल थीम के अंतर्गत आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कुल 31 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें आज्ञा ने प्रथम, प्रांशु ठाकुर ने द्वितीय तथा बलजीवत सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, नारा लेखन प्रतियोगिता में 57 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें दिव्यांशी प्रथम, दर्पण द्वितीय तथा वंशिका तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं, जनजातीय गौरव दिवस थीम पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कुल 30 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें औजस्वी ने प्रथम, शैलजा चंदेल ने द्वितीय तथा शगुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ भगवान बिरसा मुंडा के योगदान एवं जनजातीय गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाने का प्रयास किया गया।



आईटीआई मंडी में निर्वाचन साक्षरता पर हुई निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



अनंत ज्ञान

◆22 शिक्षण संस्थानों के 83 प्रतिभागियों ने लिया भाग, एसडीएम चंद्र प्रकाश ने किया सम्मानित

ब्यूरो, मंडी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ग्रेड-ए), मंडी में 33-मंडी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन साक्षरता क्लब की ओर से निर्वाचन साक्षरता एवं मतदाता शिक्षा विषय पर निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में 22 शिक्षण संस्थानों के 83 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में छह वरिष्ठ महाविद्यालयों सहित 16 राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। निबंध लेखन में 42 और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 41 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

सदर मंडी के एसडीएम चंद्र प्रकाश ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं को अपने मताधिकार और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने के साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

इस दौरान एसडीएम ने सभी 83 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आईटीआई मंडी के प्रधानाचार्य इंजीनियर अजयेश कुमार, ग्रुप इंस्ट्रक्टर चमन वर्मा, निर्वाचन कार्यालय की प्रभारी नीलम, महेंद्र पाल, बलदेव चंद, उपासना ठाकुर, अखिल नरयाल सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

रोजाना गुजरती हैं एचआरटीसी व निजी बसें, दोपहिया वाहन चालकों को जान का जोखिम

सराड़ा के पास 15 माह से सड़क पर पड़ा मलबा, विभाग बेखबर

अनंत ज्ञान



◆पंडोह-गोहर सड़क मार्ग पर बना खतरनाक स्थल

पंडोह। पंडोह-गोहर सड़क मार्ग पर सराड़ा के समीप भूस्खलन से गिरा मलबा पिछले 15 महीनों से सड़क किनारे पड़ा है, लेकिन लोक निर्माण विभाग इसे हटाने और समस्या का स्थायी समाधान करने में नाकाम रहा है। इससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए आवाजाही जोखिम भरी बनी हुई है।

यह सड़क मार्ग एमडीआर श्रेणी में आता है और क्षेत्र का व्यस्त मार्ग है। इस पर रोजाना नियमित रूट के तहत एचआरटीसी और निजी क्षेत्र की करीब 16 बसें आवाजाही करती हैं। इसके अलावा सैकड़ों निजी वाहन भी दिनभर गुजरते हैं। सड़क चौड़ीकरण का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन सराड़ा के पास मलबा और असुरक्षित स्थिति के चलते यह स्थान दुर्घटना की आशंका वाला स्थल बन गया है।

स्थानीय निवासी कश्मीर सिंह के अनुसार, जब तक सड़क के साथ रिटेनिंग वॉल का निर्माण नहीं किया जाता, तब तक मलबा हटाना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि इस दीवार का निर्माण उनके घर और मलकियत भूमि की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। इस स्थान पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बजट का हवाला देकर विभाग समस्या को लगातार टाल रहा है। इससे कश्मीर सिंह का परिवार भी परेशान है और सड़क से गुजरने वाले लोगों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विभाग से जल्द रिटेनिंग वॉल लगाने और मलबा हटाकर मार्ग को सुरक्षित बनाने की मांग की गई है।

असत्य फूस के ढेर की तरह है। सत्य की एक चिंगारी भी उसे भस्म कर देती है।

- हरिभाऊ उपाध्याय

संपादकीय

आतंक की जड़ों पर चोट अभी बाकी

कश्मीर के कुलगाम जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक नाके पर हुआ आतंकी हमला इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अभी निर्णायक मुकाम तक नहीं पहुंची है। भले ही पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई के चलते आतंकवादी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई हो, लेकिन आतंकवाद का पूरी तरह खात्मा करने के लिए अभी कई स्तरों पर प्रयास तेज करने की आवश्यकता है। कुलगाम में हुए हमले में तीन सीआरपीएफ जवानों का घायल होना चिंताजनक है। इससे भी अधिक गंभीर बात यह है कि आतंकियों ने घात लगाकर जवानों पर गोलीबारी की और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार होने में सफल रहे। यह घटना सुरक्षा व्यवस्था और आतंकियों की गतिविधियों पर नजर रखने की व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े करती है। संभव है कि सुरक्षा बल जल्द ही हमलावरों को पकड़ने या उन्हें निष्क्रिय करने में सफल हो जाएं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि आखिर आतंकियों को स्थानीय स्तर पर मदद और शरण कौन उपलब्ध करा रहा है।

यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल हथियार उठाने वाले कुछ लोगों तक सीमित नहीं होता। इसके पीछे एक ऐसा नेटवर्क काम करता है, जो आतंकियों को सुरक्षित ठिकाने, भोजन, जरूरी सूचनाएं और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराता है। जब तक इस नेटवर्क को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जाता, तब तक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को पूरी तरह सफल नहीं माना जा सकता। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की गतिविधियां कमजोर जरूर हुई हैं, लेकिन आतंकियों को मिलने वाला स्थानीय समर्थन और संरक्षण इस समस्या को बार-बार जीवित करने का प्रयास करता है। इसलिए सुरक्षा बलों को केवल आतंकियों के खिलाफ अभियान चलाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके मददगारों और नेटवर्क को भी प्रभावी ढंग से निशाने पर लेना होगा।

सुरक्षा एजेंसियों के सामने अब हाइब्रिड आतंकियों और ओवर ग्राउंड वर्करों की चुनौती भी बढ़ गई है। हाइब्रिड आतंकी सामान्य नागरिकों की तरह समाज में रहते हैं और अपनी पहचान छिपाकर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देते हैं। वहीं, ओवर ग्राउंड वर्कर आम जीवन व्यतीत करते हुए आतंकियों को पनाह देने, उनके लिए सूचनाएं जुटाने, सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रखने और हथियारों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने जैसे काम करते हैं। इनकी सबसे बड़ी विशेषता यही है कि सामान्य परिस्थितियों में इनकी पहचान करना आसान नहीं होता। यही कारण है कि सुरक्षा बलों की चौकसी और लगातार अभियानों के बावजूद आतंकी कभी-कभी अपने मंसूबों में सफल हो जाते हैं। ऐसे हमले आतंकियों की हताशा के साथ उनके दुस्साहस को भी दर्शाते हैं।

कुलगाम की घटना का समय भी विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है। जिस दिन सीआरपीएफ के जवानों को निशाना बनाया गया, उसी दिन उपराज्यपाल शहर के एक कालेज में आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक एवं व्यापारिक उत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। ऐसे समय में आतंकियों का हमला करना केवल सुरक्षा बलों को चुनौती देना नहीं, बल्कि सामान्य जनजीवन और शांति की ओर बढ़ते कदमों को प्रभावित करने का प्रयास भी है। जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ वर्षों में पर्यटन, व्यापार, शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे आयोजनों में लोगों की भागीदारी बढ़ना इस बात का संकेत है कि आम नागरिक सामान्य और सुरक्षित माहौल चाहते हैं। आतंकियों की कोशिश रहती है कि ऐसी गतिविधियों के बीच भय का वातावरण पैदा किया जाए और विकास की प्रक्रिया को बाधित किया जाए। इसलिए इस तरह की घटनाओं को केवल एक सुरक्षा चूक या अलग-अलग आतंकी वारदातों के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। निःसंदेह अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर की राजनीतिक, सामाजिक और सुरक्षा संबंधी परिस्थितियों में व्यापक बदलाव आया है। विकास योजनाओं, निवेश, पर्यटन और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के कई प्रयास हुए हैं। हालांकि, आतंकवाद की मौजूदगी यह बताती है कि शांति की प्रक्रिया को अभी और मजबूत बनाने की जरूरत है। ऐसे में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने जैसे संवेदनशील विषय पर विचार करते समय सुरक्षा की मौजूदा स्थिति और जमीनी परिस्थितियों को भी ध्यान में रखना होगा। किसी भी राजनीतिक निर्णय का आधार केवल सामान्य होते हालात नहीं, बल्कि स्थायी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता भी होनी चाहिए।

प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का महापर्व है छठ पूजा

हमारी सनातन संस्कृति में पर्वों की चिरंतन एवं विराट परंपरा समावेशित है। पर्व समाज और मनुष्य को पूर्णता प्रदान करते हैं। छठ पूजा महापर्व जीवनदायिनी ऊर्जा के आदि स्रोत भगवान सूर्य और छठी मैया के पूजन को समर्पित है। हिंदी भाषा के छठ शब्द का अर्थ छह है, इसलिए कार्तिक मास के छठे दिन यह पर्व मनाया जाता है। सूर्य उपासना के माध्यम से आत्मशुद्धि के साथ-साथ प्रकृति के प्रत्येक तत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का संदेश इस पर्व में निहित है। इस पावन अवसर पर लोग चार दिन का उपवास धारण करते हुए कठिन अनुशासन और शुद्धि के पथ का अनुसरण करते हैं। फलाहार और शाकाहार का सेवन करते हुए शारीरिक एवं मानसिक पवित्रता के साथ परम तत्व से जुड़ने का प्रयास करते हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड में छठ पूजा का पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। हालांकि, समय के साथ इसकी लोकप्रियता देश के अन्य हिस्सों और विदेशों तक भी पहुंच गई है।



आचार्य दीप चन्द भारद्वाज। (आध्यात्मिक चिंतक)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह पर्व सामाजिक समरसता, समता और सादगी का द्योतक है। इसमें संपूर्ण जनमानस बिना किसी भेदभाव के प्रकृति के प्रति अपना आभार व्यक्त करता है। लोग घरों में बने शुद्ध शाकाहारी पकवानों का सेवन करते हुए तथा पारंपरिक लोकगीतों के माध्यम से छठी मैया और प्रकृति के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं। हमारे समस्त पर्व धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से परिपूर्ण होने के साथ-साथ विज्ञान और प्रकृति से भी स्पष्ट रूप से जुड़े हुए हैं। छठ पूजा का यह महापर्व विशेष रूप से सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन श्रद्धालु नदी, सरोवर और तालाबों के जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते हैं। छठ पूजा का प्रमुख अनुष्ठान जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित करना है। यह केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि प्रकृति के पांच महाभूतों के प्रति सम्मान और उनके बीच संतुलन का भी प्रतीक है। जल को चंद्रमा तत्व और सूर्य को अग्नि तत्व का प्रतीक माना गया है। इन दोनों के माध्यम से शरीर, मन और ब्रह्मांड में संतुलन स्थापित करने का आध्यात्मिक संदेश मिलता है।

इस महापर्व की एक विशेषता यह भी है कि इसमें अस्त होते और उदय होते सूर्य दोनों की उपासना की जाती है। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देना और अगले दिन उगते सूर्य की आराधना करना जीवन के उतार-चढ़ाव तथा सुख-दुख के चक्र को समान भाव से स्वीकार करने का



आध्यात्मिक संदेश देता है। यह परंपरा हमें सिखाती है कि जीवन में परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, मनुष्य को धैर्य, विश्वास और सकारात्मकता बनाए रखनी चाहिए। हमारे वैदिक ग्रंथों में सूर्य को समस्त ब्रह्मांड का पोषक माना गया है। ऋग्वेद में कहा गया है कि 'सूर्यः आत्मा जगतस्तस्थुषश्च' अर्थात सूर्य समस्त जड़ और चेतन जगत की आत्मा हैं। सूर्य ऊर्जा का महान स्रोत हैं, जिनसे संपूर्ण सृष्टि को प्राणशक्ति प्राप्त होती है। सूर्य को ब्रह्मांडीय व्यवस्था की आंख का प्रतीक भी माना गया है। यही सूर्य समस्त प्राणियों के जीवन और प्रकृति के संचालन का आधार हैं।

सूर्यास्त और सूर्योदय के संधिकाल में छठ के अवसर पर अर्घ्य अर्पित किया जाता है। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में इन दोनों समयों को विशेष महत्व दिया गया है। इन्हें साधना, आत्मचिंतन और मानसिक एकाग्रता के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। छठ के अवसर पर सूर्य के इन संधिकालों में श्रद्धालु पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। इस महापर्व में परंपरा, श्रद्धा, आस्था और ज्योतिषीय मान्यताएं परस्पर जुड़ जाती हैं। हमारे उपनिषदों और वेदों में आत्मा को भी भीतर की ज्योति माना गया है। छठ पूजा का यह अवसर सूर्य की बाहरी आराधना मात्र नहीं, बल्कि अंतरमन की ज्योति को जागृत करने की साधना भी है, जो हमारे जीवन को आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करती है।

आदिकाल से ही सूर्य भारतीय चेतना के सबसे उज्ज्वल केंद्र में प्रतिष्ठित हैं। उनका उदय और अस्त होना केवल प्रकृति की दैनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जीवन की निरंतरता और परिवर्तनशीलता का भी प्रतीक है। छठ पूजा हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने, उसके संसाधनों का सम्मान करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने की प्रेरणा देती है। इस पर्व के दौरान नदी, तालाब और सरोवर जैसे जलस्रोतों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। इससे जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति सामाजिक जागरूकता भी बढ़ती है। बांस से बने सूप, टोकरी और स्थानीय फल-सब्जियों के उपयोग से ग्रामीण कारीगरों, किसानों और छोटे व्यापारियों को आर्थिक संबल मिलता है। इस प्रकार यह महापर्व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संजीवनी प्रदान करता है। छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय समाज की सांस्कृतिक एकता, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और मानवीय मूल्यों का उत्सव है। यह समाज में समरसता, सौहार्द, सद्भाव, शांति और सादगी का संदेश देते हुए मनुष्य को प्रकृति तथा समस्त जीव-जगत के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

करीब 800 वर्ष पुराने ठौड़ मठ में सदियों से जल रहा है अखंड धूना

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि के नाम से जाना जाता है। यहां के ग्रामीण अंचलों में देवी-देवताओं, ऋषि-मुनियों और सिद्ध पुरुषों से जुड़ी अनेक प्राचीन धार्मिक धरोहरें आज भी लोगों की अगाध श्रद्धा और आस्था का केंद्र बनी हुई हैं। इन्हीं ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों में राजगढ़ के समीप ठौड़ निवाड़ स्थित गुरु इतवार नाथ जी का प्राचीन मंदिर एवं मठ विशेष महत्व रखता है। करीब 800 वर्ष पुरानी इस तपोस्थली में सदियों से अखंड धूना प्रज्वलित है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण और आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि यह मठ नाथ संप्रदाय के 84 सिद्धों की परंपरा से जुड़ा हुआ है। मंदिर में प्रत्येक वर्ष भैयादूज के अवसर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिला सिरमौर के विभिन्न क्षेत्रों के अतिरिक्त शिमला जिले के ठियोग और बलसन क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। भैयादूज के दिन मंदिर से गिरि नदी के किनारे स्थित गुरुजी की समाधि तक ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य जातर निकाली जाती है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर समाधि स्थल पर पूजा-अर्चना करते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।



बी.आर. चौहान

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ठौड़ निवाड़ स्थित गुरु इतवार नाथ जी का मंदिर अपनी प्राचीन वास्तुकला और लकड़ी पर की गई बारीक नक्काशी के लिए भी विशेष पहचान रखता है। मंदिर परिसर में मौजूद अखंड धूना, गुरुजी की गद्दी और गिरि नदी के किनारे स्थित उनकी समाधि श्रद्धालुओं की अटूट आस्था से जुड़ी हुई हैं। यहां करीब 40 सिद्ध पुरुषों की समाधियां भी मौजूद हैं। वर्तमान में मठ की धार्मिक परंपराओं और पूजा-अर्चना का दायित्व महंत भूपेंद्र गिरि निभा रहे हैं। मंदिर के अस्तित्व के संबंध में कोई प्रमाणिक ऐतिहासिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन स्थानीय जनश्रुतियों में गुरु इतवार नाथ जी से जुड़े अनेक प्रसंग प्रचलित हैं। मान्यता के अनुसार गुरुजी दक्षिण दिशा से भ्रमण करते



हुए गिरिपार क्षेत्र के सरसू-महलाणा पहुंचे थे। उस समय दो किसान खेतों में हल चला रहे थे। गुरुजी ने उनसे धूना प्रज्वलित करने के लिए लकड़ियों की व्यवस्था करने का आग्रह किया, लेकिन किसानों ने क्षेत्र में लकड़ी की कमी का हवाला देते हुए असमर्थता जताई। कहा जाता है कि किसानों ने अपने हल और जुए को काटकर धूना प्रज्वलित करने के लिए लकड़ियां उपलब्ध करवाईं। उनकी श्रद्धा से प्रसन्न होकर गुरुजी ने क्षेत्र में घने जंगल उगने का वरदान दिया। जिस स्थान पर उन्होंने धूना प्रज्वलित किया था, वह आज भी जेठा धूना के नाम से जाना जाता है। गांव के समीप स्थित बान का जंगल भी गुरुजी के जंगल के नाम से प्रसिद्ध है।

इसके बाद गुरु इतवार नाथ जी तपस्या के लिए उपयुक्त स्थान की तलाश में ठौड़ पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी लाठी जमीन में गाड़ दी और तपस्या में लीन हो गए। मान्यता है कि तपस्या से उठने पर उन्होंने देखा कि उनकी लाठी में कोपलें फूट चुकी हैं और वह वृक्ष का रूप धारण कर चुकी है। गुरुजी ने इस वृक्ष को बड़ोटा अर्थात वट वृक्ष नाम दिया, जो आज भी मंदिर परिसर में मौजूद है। एक अन्य जनश्रुति के अनुसार गुरुजी ने गिरि नदी से पानी लेकर आ रही एक महिला से पीने के लिए पानी मांगा, लेकिन महिला ने उन्हें स्वयं पानी निकालने के लिए कहा। इस पर गुरुजी ने जमीन में अपना चिमटा गाड़ दिया, जिससे निर्मल जल की धारा फूट पड़ी। बताया जाता है कि यह जलधारा आज भी विद्यमान है। इसके बाद गुरुजी ने यहां धूना प्रज्वलित किया और तपस्या में लीन हो गए। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार तभी से यह धूना अखंड रूप में जल रहा है।

गुरु इतवार नाथ जी की तपस्या से जुड़ा एक प्रसंग माता ज्वाला से भी संबंधित है। जनश्रुति के अनुसार गुरुजी ने अपने प्रथम शिष्य बालगिरि को माता ज्वाला की कठोर तपस्या करने का आदेश दिया था। इसी दौरान उन्होंने जीवित समाधि लेने का संकल्प किया। स्थानीय पंडितों ने भैयादूज का दिन समाधि के लिए उपयुक्त बताया। इसके बाद गुरुजी ने गिरि नदी के किनारे जीवित समाधि ली। वर्तमान में यह समाधि हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। वर्तमान महंत भूपेंद्र गिरि के अनुसार ठियोग-बलसन क्षेत्र के राजा राणा जोगड़ा गुरु इतवार नाथ जी के अनन्य भक्त थे। जनश्रुति के अनुसार गोरखों के आक्रमण के दौरान उनका राज्य छिन गया था। निराश होकर राणा जोगड़ा ठौड़ निवाड़ पहुंचे, जहां उनकी भेंट गुरुजी के परम शिष्य मनसागिरि से हुई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज की प्रमुख हस्ती

मिस इंडिया से बॉलीवुड तक का सफर

जूही चावला हिंदी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने 1980 के दशक के अंतिम वर्षों से लेकर 2000 के शुरुआती वर्षों तक बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई। अपनी शानदार हास्य शैली, चुलबुले अंदाज और सहज अभिनय के लिए पहचानी जाने वाली जूही चावला ने अपने करियर में कई यादगार फिल्मों में काम किया है। उनका जन्म 13 नवंबर 1967 को हरियाणा के अंबाला में हुआ था। उनके पिता भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) में अधिकारी थे। उन्होंने मुंबई के फोर्ट कॉन्वेंट स्कूल से स्कूली शिक्षा पूरी की और सिडेनहैम कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई की। वर्ष 1984 में उन्होंने मिस इंडिया का खिताब जीतकर देशभर में पहचान हासिल की। इसी वर्ष उन्होंने मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया और सर्वश्रेष्ठ परिधान का पुरस्कार अपने नाम किया।



जूही चावला
जन्म : 13 नवंबर 1967

जूही चावला ने वर्ष 1986 में फिल्म 'सल्तनत' से हिंदी सिनेमा में अभिनय की शुरुआत की। हालांकि, उन्हें वास्तविक पहचान वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म 'कयामत से कयामत तक' से मिली। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया और उन्हें सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। वर्ष 1993 उनके फिल्मी करियर के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ। इस दौरान उन्होंने 'लुटेरे', 'आईना', 'डर' और 'हम हैं राही प्यार के' जैसी सफल फिल्मों में अभिनय किया। फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' में शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। वर्ष 1997 में भी उन्होंने 'दीवाना मस्ताना', 'यस बॉस', 'मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी' और 'इश्क' जैसी लोकप्रिय फिल्मों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन किया।

इसके बाद जूही चावला ने अपनी अभिनय क्षमता के नए आयाम प्रस्तुत करते हुए अलग तरह की फिल्मों में भी काम किया। 'झंकार बीट्स', '3 दीवारें', 'माई ब्रदर निखिल', 'आई एम' और 'गुलाब गैंग' जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को समीक्षकों ने सराहा। उन्होंने कई पंजाबी फिल्मों में भी काम किया, जिनमें 'शहीद उधम सिंह', 'देस होया परदेस', 'वारिस शाह : इश्क दा वारिस' और 'सुखमनी' प्रमुख हैं। टेलीविजन पर भी उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और वर्ष 2009 में नृत्य आधारित कार्यक्रम 'झलक दिखला जा' के तीसरे सत्र में निर्णायक की भूमिका निभाई। इसके अलावा 'हश हश' और 'द रेलवे मेन' जैसी धारावाहिक श्रृंखलाओं में भी नजर आईं।

पराली का धुआं और पटाखों की चमक, हवा पर दोहरी मार

अक्टूबर-नवंबर का महीना आते ही दिल्ली, पंजाब और हरियाणा की हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगता है। इन दिनों वातावरण में धुआं और जहरीले कण जमा होने से लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगती है। इसका सबसे बड़ा कारण किसानों द्वारा जलाई जाने वाली पराली और दीपावली पर आतिशबाजी से निकलने वाला धुआं माना जाता है। इन दोनों वजहों के कारण हर साल सर्दियों की शुरुआत में वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन जाता है। हालांकि, इसके लिए केवल किसानों या त्योहार मनाने वाले लोगों को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है, बल्कि इस समस्या को समझने और इसका समाधान खोजने की जरूरत है।



कमलेश राणा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अक्टूबर-नवंबर में पंजाब और हरियाणा में धान की कटाई होती है। इसके बाद किसानों के सामने गेहूं की बुवाई के लिए केवल 15 से 20 दिन का समय बचता है। ऐसे में खेत से पराली हटाना उनके लिए महंगा और समय लेने वाला काम होता है। मशीनों और अन्य संसाधनों की उपलब्धता भी हर किसान के पास नहीं होती। इसलिए कई किसान मजबूरी में खेतों में ही पराली जला देते हैं। इससे खेत तो जल्दी साफ हो जाता है, लेकिन उससे निकलने वाला धुआं हवा के साथ आसपास के क्षेत्रों और दिल्ली तक पहुंच जाता है। यह समझना जरूरी है कि किसान जानबूझकर प्रदूषण नहीं करना चाहता। यदि उसे सस्ती मशीनें, उचित संसाधन और समय पर सरकारी सहायता उपलब्ध करवाई जाए तो वह भी पराली जलाने से बचना चाहेगा। किसानों को पराली के उचित प्रबंधन के विकल्प उपलब्ध करवाना इस समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है।

दूसरी बड़ी वजह दीपावली पर जलाए जाने वाले पटाखे हैं। बचपन से ही पटाखे दीपावली के उत्सव का हिस्सा रहे हैं, लेकिन समय के साथ इनकी संख्या और आवाज दोनों बढ़ गई हैं। दीपावली की रात बड़ी मात्रा में आतिशबाजी होने से वातावरण में धुआं और प्रदूषक कण फैल



जाते हैं। इसका असर अगले कई दिनों तक हवा की गुणवत्ता पर दिखाई देता है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों को होती है। प्रदूषण बढ़ने के कारण अस्पतालों में भी सांस संबंधी समस्याओं के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में हमें यह समझना होगा कि त्योहार की खुशियां दूसरों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए परेशानी का कारण नहीं बननी चाहिए।

वास्तव में वायु प्रदूषण के लिए केवल पराली या पटाखों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। दोनों मिलकर समस्या को और गंभीर बना देते हैं। इसके अलावा अक्टूबर-नवंबर में हवा की रफ्तार कम होने और तापमान गिरने के कारण प्रदूषक कण वातावरण में लंबे समय तक बने रहते हैं। धुआं और धूल के कण जमीन के नजदीक जमा होने लगते हैं, जिससे स्मॉग की स्थिति पैदा होती है। इसका प्रभाव केवल दिल्ली तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आसपास के कई शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी वायु गुणवत्ता खराब हो जाती है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस समस्या का समाधान क्या है? इसका जवाब आपसी लड़ाई या आरोप-प्रत्यारोप में नहीं, बल्कि समझदारी और सहयोग में छिपा है। किसानों के लिए ऐसे संयंत्र स्थापित करने होंगे, जहां पराली से खाद, बिजली और गत्ता बनाया जा सके। इसके साथ ही पराली प्रबंधन में इस्तेमाल होने वाली मशीनें किसानों को सस्ते किराये पर उपलब्ध करवानी चाहिए। दूसरी ओर शहरों के लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। दीपावली का त्योहार दीयों, रोशनी और आपसी खुशियों से भी उतना ही सुंदर बन सकता है। ग्रीन पटाखों का सीमित उपयोग और कम समय तक आतिशबाजी करना प्रदूषण कम करने की दिशा में बेहतर कदम हो सकता है। सरकार को भी केवल दीपावली के समय प्रतिबंध लगाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सालभर फैक्ट्रियों, वाहनों और कचरा जलाने से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। मेरे विचार में पराली किसान की रोजी-रोटी और दीपावली हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए किसी एक को दोषी ठहराने के बजाय दोनों के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। जरूरत इस बात की है कि किसान को पराली प्रबंधन के लिए पर्याप्त सहारा मिले और शहरों के लोग त्योहार मनाते समय संयम बरतें।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

राम-कृष्ण में भेद करने वाले कैसे बनेंगे हिंदू राष्ट्र के सूत्रधार?

इन दिनों सत्ता, गोदी मीडिया और सोशल मीडिया द्वारा सुनियोजित तरीके से प्रचारित किए जा रहे बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने विवादित बयानों को लेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को लेकर ऐसी अपमानजनक टिप्पणियां कीं, जिनसे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। मध्य प्रदेश के शिवपुरी में कथा के दौरान उन्होंने श्रीराम और श्रीकृष्ण के स्वरूप की तुलना करते हुए 'हमारे वाले राम' और 'तुम्हारे वाले कृष्ण' जैसी शब्दावली का प्रयोग किया। साथ ही कृष्ण की मुद्रा और बांसुरी बजाने को लेकर भी टिप्पणी की। उनके इस बयान पर संतों, नेताओं, कृष्ण भक्तों और यादव समाज ने कड़ी आपत्ति जताई। विरोध बढ़ने पर उन्हें क्षमा मांगनी पड़ी। आलोचकों का कहना है कि ऐसे बयान सनातन धर्म के भीतर ही विभाजन पैदा करने का प्रयास हैं। इस मामले में आगरा की सिविल कोर्ट में उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत भी दर्ज कराई गई।



निर्मल रानी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इसी विवाद के बीच रायपुर में आयोजित कथा में शास्त्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रसिद्ध नारे की तर्ज पर 'तुम मेरा साथ दो, मैं हिंदू राष्ट्र बनाऊंगा' का नारा दिया। सवाल यह है कि जो व्यक्ति 'हमारे राम' और 'तुम्हारे कृष्ण' जैसी बातें करके समाज में फूट डालने का प्रयास करता है, वह हिंदू राष्ट्र का सूत्रधार बनने का सपना कैसे देख सकता है? उनके विवादित बयानों की सूची भी लंबी है। ग्रेटर नोएडा की कथा में उन्होंने महिलाओं के पहनावे और श्रृंगार पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि मांग में सिंदूर और गले में मंगलसूत्र न पहनने वाली महिला को 'खाली प्लॉट' समझना चाहिए। ब्यूटी पार्लर जाने वाली महिलाओं पर भी उन्होंने तंज कसा था। उनके इन बयानों को महिला संगठनों ने स्त्री-विरोधी और महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध बताया था।

इसी तरह रामायण के प्रसंग की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा था कि भगवान श्रीराम के पांच पिता थे। बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आशय उन पांच चरित्रों से था, जिन्हें प्रभु राम ने पिता तुल्य सम्मान दिया था। अप्रैल 2026 में नागपुर में उन्होंने महिलाओं के शराब पीने और



पारिवारिक मूल्यों को लेकर भी टिप्पणी की थी, जिस पर विपक्षी महिला नेताओं ने विरोध जताया। एक अन्य सार्वजनिक मंच से हिंदू परिवारों को तीन से चार बच्चे पैदा करने और उनमें से एक को संघ या बजरंग दल को समर्पित करने की अपील की थी। प्रयागराज संगम में भगदड़ में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के संबंध में गंगा किनारे मृत्यु को मोक्ष से जोड़ने, बंगाल के मछली खाने वाले लोगों को राक्षस और विधर्मी बताने तथा संत तुकाराम की पत्नी को लेकर टिप्पणी करने जैसे बयान भी विवादों में रहे हैं। कभी करवा चौथ को 'खसम पूजन दिवस' कहकर उसका मजाक उड़ाया तो कभी लोधी समाज के डीएनए पर सवाल उठाए। ऐसे बयानों से सामाजिक सद्भाव और धार्मिक एकता पर सवाल खड़े होते हैं।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने दरबार में पर्ची निकालने, भूत-प्रेत भगाने और बिना चिकित्सकीय जांच के बीमारियां ठीक करने के दावे भी करते रहे हैं। इन दावों को लेकर वैज्ञानिक और कानूनी विवाद सामने आए। अखिल भारतीय अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति ने नागपुर में उनके दावों को चुनौती देते हुए तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। समिति ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। इसके बावजूद वे लगातार धार्मिक और राजनीतिक मुद्दों पर बयान देकर चर्चा में बने रहते हैं। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने स्वयं कई साक्षात्कारों में बताया है कि आर्थिक तंगी के दौर में उनकी बहन की शादी के समय उनके मुस्लिम मित्र शेख मुबारक ने उन्हें 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी थी। यह प्रसंग आपसी भाईचारे और मानवीय संबंधों की अहमियत को भी सामने लाता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि धर्म, जाति और यहां तक कि देवी-देवताओं के बीच अंतर पैदा करने वाली सोच रखने वाले लोग आखिर किस आधार पर हिंदू राष्ट्र का नेतृत्व करने का दावा करते हैं? धर्म का वास्तविक उद्देश्य समाज को जोड़ना, सद्भाव बढ़ाना और मानवता का संदेश देना है, न कि नफरत, अंधविश्वास और विभाजन को बढ़ावा देना।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)



कविता

एक अधूरा सपना

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
तंजिन तोपन, गांव मेह, डाकघर गेमूर
जिला लाहौल-स्पीति, हिमाचल प्रदेश

जिस रोज घर की दहलीज लांघ,
ख्वाबों की जुस्तजू में निकला था,
अपनों की उम्मीदें समेटे,
अपनी हदों से आगे बढ़ा था।
उस दिन से अब तक हर एक सांस ने,
बस घर लौटने की सदा दी है,
सपनों को हकीकत मिलते देख उम्मीद बढ़ी,
पर दूरियां भी बढ़ती ही गईं।
वो घर वापसी की आस,
अब दीये की लौ की तरह मद्धम पड़ने लगी है,
कि कहीं ये बुझ न जाए,
इस डर से मैंने खुद को भट्टी की तरह जलाए रखा है।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

दीपक परियोजना श्रमिक संघ ने सीएम के समक्ष उठाई मांगें



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। दीपक परियोजना श्रमिक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने संघ की विभिन्न मांगों और श्रमिकों से जुड़े मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया। उन्होंने अपनी समस्याओं से अवगत करवाते हुए मांगों के समाधान के लिए सरकार से उचित कदम उठाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने श्रमिकों के हितों से जुड़े विषयों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया और अपनी मांगों को लेकर चर्चा की।

साई इटरनल फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 21 लाख का चेक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए साई इटरनल फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 21 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य राजकुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में भेंट कर उन्हें 21 लाख रुपए का चेक सौंपा। इस सहयोग का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सहायता और संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के प्रयासों को मजबूती देना है। मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए साई इटरनल फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष जरूरतमंदों और संकटग्रस्त लोगों की सहायता का महत्वपूर्ण माध्यम है। सामाजिक संस्थाओं और संगठनों का इस तरह आगे आना समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को दर्शाता है।



लवी मेले में आधार सेवाओं का किया प्रचार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। रामपुर बुशहर के अंतरराष्ट्रीय लवी मेले में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने आधार जागरूकता अभियान चलाया। 11 नवंबर को आयोजित इस अभियान में लोगों को आधार पंजीकरण, जरूरी अपडेट और डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी गई। यूआईडीएआई की टीम ने मेले में पहुंचे लोगों से सीधा संवाद कर आधार से जुड़ी प्रक्रियाओं और सुविधाओं के बारे में जागरूक किया। इस दौरान बच्चों की निर्धारित आयु पूरी होने पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करवाने और आधार में दर्ज व्यक्तिगत विवरण समय पर दुरुस्त रखने का महत्व भी बताया गया। अभियान के दौरान मुख्य मेला मैदान में पहुंचे करीब तीन हजार लोगों तक आधार सेवाओं की जानकारी पहुंचाई गई। टीम ने लोगों की शंकाओं का समाधान करने के साथ आधार मोबाइल ऐप की खूबियों से भी अवगत करवाया। इस दौरान करीब 200 लोगों ने आधार ऐप डाउनलोड किया। यूआईडीएआई का उद्देश्य दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक आधार सेवाओं की जानकारी पहुंचाना तथा डिजिटल सुविधाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

प्यारी बहना योजना के 3.06 लाख आवेदनों की होगी जांच

1500 रुपए मासिक पेंशन के लिए पात्र महिलाओं की पहचान में जुटा प्रशासन

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना में अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती आवेदनों की संख्या नहीं, सीधी तौर पर वास्तविक पात्र महिलाओं की पहचान करना है। 1500 रुपए मासिक आर्थिक सहायता की उम्मीद लगाए बैठी 3.06 लाख महिलाओं के आवेदनों ने प्रशासनिक तंत्र की जिम्मेदारी बढ़ा दी है। कांग्रेस सरकार के चार साल पूरे होने से पहले योजना को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं।

सरकार लाभार्थियों की ऐसी सूची तैयार करना चाहती है, जिसमें निर्धारित शर्तें पूरी करने वाली महिलाओं को ही शामिल किया जाए। इसके लिए आवेदन स्तर पर जांच के साथ दस्तावेजों और पारिवारिक परिस्थितियों का मिलान किया जा रहा है। चौथी वर्षगांठ के कार्यक्रम में इस योजना को लेकर सरकार की ओर से अहम पहल किए जाने की संभावना के बीच महिलाओं की निगाहें अब अंतिम सूची पर टिकी हैं।

जानकारी के अनुसार योजना के संशोधित प्रावधानों के अनुसार 21 से 59 वर्ष की हिमाचल की स्थायी निवासी महिलाओं को पात्रता की शर्तें पूरी करनी होंगी। परिवार की सालाना आय दो लाख रुपए से कम होना जरूरी है। एक परिवार से केवल एक महिला को ही सहायता मिलेगी। नियमित सरकारी कर्मचारी और पेंशनभोगी परिवारों को अपात्रता के प्रावधानों में रखा गया है। अनुबंध, आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी और अंशकालिक कर्मचारियों से जुड़े मामलों के साथ विभिन्न सरकारी एवं स्थानीय निकायों की श्रेणियों की भी नियमों के अनुसार पड़ताल होगी। इतना ही नहीं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, आशा वर्कर और मिड-डे मील कर्मियों सहित अन्य श्रेणियों के आवेदनों पर भी निर्धारित शर्तों के आधार पर फैसला होगा।

प्रशासन ने सत्यापन की प्रक्रिया को केवल दस्तावेजों तक सीमित नहीं रखा है। जिन आवेदनों पर आपत्तियां दर्ज हुई हैं या पात्रता को लेकर शिकायतें मिली हैं, उनकी अलग से जांच की जाएगी। एसडीएम और बीडीओ की अध्यक्षता वाली समितियां आवेदन में दी गई जानकारी, पारिवारिक आय, निवास और अन्य जरूरी तथ्यों का परीक्षण करेंगी।

एसडीएम की अध्यक्षता वाली समिति संबंधित महिलाओं की अपील और पक्ष सुनकर मामलों का निपटारा करेगी। इससे गलत जानकारी के आधार पर लाभ लेने की कोशिशों पर रोक लगाने के साथ वास्तविक पात्र महिलाओं के अधिकार सुरक्षित रखने की व्यवस्था की जा रही है।

अंतिम सूची पर टिकी नजरें, सत्यापन पूरा होने के बाद स्पष्ट होगी तस्वीर

योजना के तहत बड़ी संख्या में आवेदन आने के बाद अब प्रशासनिक जांच का परिणाम ही तय करेगा कि कितनी महिलाएं वास्तव में 1500 रुपए मासिक सहायता की हकदार बनेंगी। खास बात यह है कि आवेदन करना अपने आप में आर्थिक सहायता की मंजूरी नहीं है। पात्रता की सभी शर्तों पर खरा उतरने के बाद ही नाम अंतिम सूची में शामिल हो सकेगा। सरकार की चौथी वर्षगांठ से पहले इस प्रक्रिया को गति देने के पीछे योजना को लेकर स्पष्ट तस्वीर सामने लाने की मंशा है। अब देखना होगा कि सत्यापन की यह कवायद कितनी जल्दी पूरी होती है और पात्र महिलाओं को आर्थिक सहायता मिलने की प्रक्रिया किस स्तर तक पहुंचती है।

सरबजीत सिंह बॉबी को मिला 'फोर्स ऑफ गुड अवार्ड' सम्मान

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। जरूरतमंदों और बेसहारा लोगों की सेवा में जुटे शिमला के समाजसेवी सरबजीत सिंह बॉबी को लोकप्रिय टीवी कार्यक्रम 'कौन बनेगा करोड़पति' में 'फोर्स ऑफ गुड अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उनकी 12 वर्षों की समाजसेवा और मानवीय कार्यों को राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिली है।

बॉबी की संस्था प्रतिदिन करीब चार हजार लोगों तक सेवा पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इसके अलावा वह पिछले 28 वर्षों से शव वाहन सेवा भी चला रहे हैं, जिससे जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में सहायता मिलती है।

कार्यक्रम के दौरान महानायक अमिताभ बच्चन से मुलाकात बॉबी के लिए यादगार रही। करीब चार घंटे तक सेट पर मौजूद रहे बॉबी ने अमिताभ बच्चन की ऊर्जा, विनम्रता और सहज व्यवहार की सराहना की। उन्होंने बताया कि जब वह अमिताभ बच्चन के पैर छूने लगे तो महानायक ने उन्हें रोकते हुए स्वयं उनके पैर छूने का प्रयास किया। यह पल उनके लिए बेहद भावुक और यादगार रहा।

बॉबी ने इस सम्मान का श्रेय वाहेगुरु जी के आशीर्वाद, सहयोगियों और सेवा कार्यों में साथ देने वाले लोगों को दिया। कार्यक्रम का प्रसारण 12 नवंबर को रात 9 बजे सोनी लिव पर किया जाएगा।

अमिताभ बच्चन ने किया सम्मानित



समाजसेवी सरबजीत सिंह बॉबी को सम्मानित करते अभिनेता अमिताभ बच्चन।

पंद्राणु को मिला 1.74 करोड़ के आधुनिक स्वास्थ्य केंद्र का तोहफा

जुब्बल-नावर-कोटखाई में 11 अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण अंतिम चरण में : रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल-नावर-कोटखाई की सीमावर्ती ग्राम पंचायत पंद्राणु में 1.74 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इससे पंद्राणु सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों, उत्तराखंड और चौपाल के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र में 11 अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों का निर्माण भी अंतिम चरण में है। इन केंद्रों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

रोहित ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में 206 नई सड़कों का निर्माण और पासिंग हुई है। वर्तमान में करीब 850 करोड़ रुपए के सड़क एवं भवन निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। इन्हें वर्ष के अंत तक 1000 करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य है। किरण क्षेत्र में भी करीब दो करोड़ रुपए से छह नई सड़कों का निर्माण किया गया है। इस दौरान उन्होंने पब्बर वैली यूथ क्लब पन्द्राणु की ओर से आयोजित 'शान-ए-देवघार' वॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखने और प्रतिभा निखारने का बेहतर माध्यम हैं। प्रदेश में खेल छात्रावासों की संख्या आठ से बढ़ाकर 12 की गई है और खेल कोटे से 300 युवाओं को रोजगार मिला है। खिलाड़ियों की डाइट मनी भी 120 से बढ़ाकर 220 रुपए की गई है।

शिक्षा मंत्री ने फाइनल में पहुंची टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए स्थानीय युवक मंडल को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य नेहा मेहता, पंचायत समिति अध्यक्ष कमलेश झगटा सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पंद्राणु में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करते रोहित ठाकुर।

ऐतिहासिक पीटरहॉफ भी 'हिमाचल ऑन सेल' की अगली कड़ी : राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। ऐतिहासिक पीटरहॉफ को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर पुनर्विकसित करने के सरकार के फैसले पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। भाजपा विधायक राकेश जम्वाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार आर्थिक कुप्रबंधन के चलते प्रदेश की बेशकीमती सरकारी संपत्तियों को निजी हाथों में सौंप रही है।

जम्वाल ने कहा कि पीटरहॉफ शिमला की ऐतिहासिक पहचान और हिमाचल की विरासत का प्रतीक है। यहां सरकारी समारोहों, सामाजिक आयोजनों और महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन होता रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि मौजूदा भवन की मरम्मत और आधुनिकीकरण के बजाय इसके पुनर्निर्माण का फैसला किस तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर से पीटरहॉफ में अतिथि आवास और कार्यक्रमों की बुकिंग बंद होने की खबरें हैं। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि परिसर कब तक बंद रहेगा और इससे पर्यटन निगम को कितना नुकसान होगा। जमवाल ने आरोप लगाया कि सरकार पर्यटन निगम की आठ अन्य इकाइयों को भी निजी संचालन में देने जा रही है। उन्होंने इनके माध्यम से वर्ष 2025-26 में 6.76 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने का हवाला देते हुए निजी संचालन के फैसले पर सवाल उठाए। इन इकाइयों के लिए ट्रांजैक्शन एडवाइजर की नियुक्ति पर 49.56 लाख रुपए की फीस मंजूर करने पर भी उन्होंने जवाब मांगा।

भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री से पीटरहॉफ की बाजार कीमत, पुनर्निर्माण बजट, पीपीपी समझौते की अवधि, निजी कंपनी के अधिकार और कर्मचारियों के भविष्य को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

◆कहा-सरकार सार्वजनिक करे पीपीपी समझौता और जारी करे श्वेत पत्र



पेंशनर्स ने 19 नवंबर को विधानसभा का घेराव करने की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। अपनी लंबित मांगों को लेकर पेंशनरों का आक्रोश एक बार फिर सड़कों पर दिखाई देने लगा है। पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति ने सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का ऐलान करते हुए 19 नवंबर को तपोवन में विधानसभा घेराव करने की चेतावनी दी है। समिति ने वीरवार को शिमला के सीटीओ चौक के समीप धरना देकर सरकार से लंबित वित्तीय देनदारियों का जल्द भुगतान करने की मांग उठाई। समिति के सदस्यों का कहना है कि एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की काफी देनदारियां अब भी लंबित हैं। इसके अलावा पेंशनरों की कई अन्य मांगें भी लंबे समय से सरकार के समक्ष विचाराधीन हैं। समिति ने स्पष्ट किया कि मांगों पर जल्द सकारात्मक फैसला नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

समिति के अनुसार सीटीओ चौक पर शुरू किया गया क्रमिक धरना 17 नवंबर तक जारी रहेगा। इसके बाद भी सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो 19 नवंबर को तपोवन में विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव किया जाएगा। समिति ने सरकार से मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई करने की अपील करते हुए कहा कि पेंशनरों को लंबे समय से अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। आंदोलन के दौरान संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों ने पेंशनर संगठनों के भीतर भी एकजुटता की कमी पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग स्वयंभू नेता बनकर सरकार का गुणगान करने और प्रवक्ता की भूमिका निभाने में लगे हैं। ऐसे लोगों पर पेंशनरों को दो हिस्सों में बांटने के प्रयास का भी आरोप लगाया गया। समिति ने दोहराया कि पेंशनरों की लंबित मांगों का समाधान ही आंदोलन समाप्त करने का एकमात्र रास्ता है।



सीटीओ चौक पर धरना देते पेंशनर्स।

◆शिमला में सीटीओ चौक पर गरजे पेंशनर्स, बोले-17 तक जारी रहेगा क्रमिक धरना

पेंशनर्स के नाम पर राजनीति कर रहा नया फ्रंट : आत्मा राम

कहा-भाजपा से जुड़ा है नया ज्वाइंट एक्शन फ्रंट

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष आत्मा राम और जिला सचिव महेश वर्मा ने पेंशनर्स के नाम पर आंदोलन कर रहे नए ज्वाइंट एक्शन फ्रंट की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फ्रंट भाजपा से जुड़ा है और पेंशनर्स के हितों के बजाय राजनीतिक गतिविधियों को महत्व दे रहा है।

आत्मा राम ने संयुक्त संघर्ष समिति के धन के कथित दुरुपयोग के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह निर्वाचित अध्यक्ष हैं और संगठन के कार्यों के लिए धनराशि निकालने के अधिकृत हैं। उन्होंने दावा किया कि सहकारी समिति के उप रजिस्ट्रार ने उनकी कार्यकारिणी को मान्यता दी है और दूसरे पक्ष की अपील खारिज हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि संघ लगातार ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट और 13 प्रतिशत डीए की बकाया किस्तों के भुगतान की मांग उठा रहा है। मुख्यमंत्री ने लंबित मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर को संगठन का बड़ा आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री को आमंत्रित कर पेंशनर्स की मांगों पर ठोस घोषणाएं करने का आग्रह किया जाएगा। उन्होंने पेंशनर्स के मुद्दों को राजनीति से अलग रखकर एकजुट प्रयास करने की अपील की।



पत्रकार वार्ता करते पेंशनर्स कल्याण संघ के पदाधिकारी।

झाकड़ी के होमस्टे में जुआ खेलते सात दबोचे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के झाकड़ी क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक होमस्टे में दबिश देकर सात लोगों को पकड़ा है। पुलिस की डिटेक्शन सेल टीम ने 11 नवंबर की मध्यरात्रि को गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान सातों व्यक्ति ताश के पत्तों से कथित तौर पर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते और 10 हजार रुपए की नकदी बरामद की।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान खुशपाल निवासी सनारसा, जगदीप निवासी जनकपुरी (किन्नौर), शिव सिंह निवासी चांदपुर, निका राम निवासी सनारसा, राजेंद्र निवासी समेज, सतीश कुमार निवासी पाटी बसारा और कीरत देव निवासी मोहाली के रूप में की है।

सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना झाकड़ी में सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आईएचएम कुफरी की दीवार पर उकेरे जाएंगे हिमालय और आल्प्स के सांस्कृतिक रिश्ते



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमालय और यूरोप के आल्प्स पर्वतों की सांस्कृतिक विरासत अब कुफरी में कला के रंगों में नजर आएगी। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) कुफरी की चारदीवारी पर भारत-ऑस्ट्रिया मैत्री को समर्पित विशेष भित्ति चित्र परियोजना शुरू की जा रही है। 'जहां हिमालय आल्प्स से मिलता है' विषय पर आधारित यह म्यूरल दोनों देशों की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक पहचान और मित्रता को दर्शाएगा।

इस परियोजना को एसओएफएल शिमला की सीमा शर्मा का सहयोग मिल रहा है। ऑस्ट्रियाई दूतावास ने इसे साकार करने की जिम्मेदारी कलाकार फ्लोरियन पर्ल और विटाली हरेख को सौंपी है। आईएचएम शिमला के प्रधानाचार्य डॉ. मुकुल डिमरी ने अतिथि कलाकारों का स्वागत करते हुए ऑस्ट्रियन कल्चरल फोरम और ऑस्ट्रियाई दूतावास का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय कला और सांस्कृतिक विविधता को करीब से समझने का अवसर देगी।

परियोजना पूरी होने के बाद ऑस्ट्रियन कल्चरल फोरम, नई दिल्ली के निदेशक माइकल पाल 23 से 25 नवंबर तक आईएचएम कुफरी के दौरे पर रहेंगे। 24 नवंबर को विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रस्तुति और करियर परामर्श सत्र आयोजित होगा। इसमें उन्हें ऑस्ट्रिया में उच्च शिक्षा और रोजगार की संभावनाओं की जानकारी दी जाएगी।

पहल | **दिसंबर में चंबा, कांगड़ा और शिमला में लगेंगे विशेष कोर्ट**

महिलाओं को न्याय दिलाने गांव गांव तक पहुंचेगा महिला आयोग

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश में महिलाओं को न्याय दिलाने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य महिला आयोग एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रहा है। आयोग दिसंबर में प्रदेश के तीन प्रमुख जिलों चंबा, कांगड़ा और शिमला में विशेष कोर्ट आयोजित करेगा। इस पहल का मकसद महिलाओं से जुड़े विवादों और शिकायतों को उनके नजदीक ही सुनना, संबंधित पक्षों को आमने-सामने बैठाकर समाधान का रास्ता निकालना और जरूरतमंद महिलाओं को न्यायिक प्रक्रिया के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना है।

खास बात यह है कि इस व्यवस्था से दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली उन महिलाओं को भी अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा, जो दूरी, आर्थिक परेशानी और दूसरी सामाजिक परिस्थितियों के कारण अपनी शिकायतें संबंधित मंच तक नहीं पहुंचा पाती हैं।

आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी के अनुसार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चलते फिलहाल कोर्ट लगाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा रही है। सत्र समाप्त होने के बाद आयोग की ओर से विस्तृत कार्यक्रम तैयार कर तारीखें निर्धारित की जाएंगी। प्रस्तावित योजना के तहत पहले चंबा और कांगड़ा में कोर्ट आयोजित किए जाएंगे, इसके बाद शिमला में महिलाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई होगी। दिसंबर में इन तीनों स्थानों पर विशेष सुनवाई आयोजित करने की तैयारी है। इन विशेष कोर्ट में घरेलू हिंसा, महिलाओं के उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद आदि से जुड़े विभिन्न मामलों को शामिल किया जाएगा। सुनवाई के लिए शिकायतकर्ता महिला के साथ संबंधित दूसरे पक्ष को भी बुलाया जाएगा, ताकि दोनों पक्षों की बात सुनकर आपसी सहमति से विवाद सुलझाने का प्रयास किया जा सके। गंभीर प्रकृति के मामलों में संबंधित विभागों से भी आवश्यक जानकारी और सहयोग लिया जाएगा।

कोर्ट लगाने की तारीखों की सूचना जल्द होगी जारी

प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के लिए यह पहल काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कई बार पारिवारिक और सामाजिक दबाव के चलते महिलाएं अपनी समस्याएं खुलकर सामने नहीं रख पातीं, वहीं जिला मुख्यालयों और सरकारी कार्यालयों तक पहुंचना भी उनके लिए आसान नहीं होता। ऐसे में महिला आयोग के विशेष कोर्ट उन्हें अपनी बात सीधे आयोग के समक्ष रखने का अवसर देंगे। विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद इन कोर्ट की तारीखों और स्थानों की आधिकारिक सूचना संबंधित क्षेत्रों में जारी की जाएगी।

लवी मेले में पहली बार साहित्य सम्मेलन, 45 कवियों ने बांधा समां

डीसी ने किया शुभारंभ, कविताओं में झलकी ऐतिहासिक विरासत और संस्कृति

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। अंतरराष्ट्रीय लवी मेला-2026 में पहली बार साहित्य सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें करीब 45 कवियों ने अपनी मौलिक रचनाओं के माध्यम से क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों को प्रस्तुत किया। सम्मेलन की अध्यक्षता उपायुक्त एवं लवी मेला समिति के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने की। उन्होंने सभी कवियों को पहाड़ी टोपी और मफलर भेंट कर सम्मानित किया।

डीसी अनुपम कश्यप ने कहा कि लवी मेले का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। नई पीढ़ी को इसके ऐतिहासिक और व्यापारिक महत्व की जानकारी होना जरूरी है। मेले में पुराने समय में व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। वहीं, स्कूली बच्चों के लिए मेले के इतिहास और परंपराओं पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। सम्मेलन में कवियों ने लवी मेले की गौरवशाली विरासत, बदलते सामाजिक परिवेश और क्षेत्रीय संस्कृति पर रचनाएं प्रस्तुत कीं। चिट्टे जैसे नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित कविताओं के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि साहित्य समाज की विरासत और परंपराओं को संजोने का सशक्त माध्यम है। भविष्य में भी साहित्यिक आयोजनों को प्रोत्साहित किया जाएगा। कवियों ने पहली बार मिले इस मंच के लिए मेला समिति और भाषा एवं संस्कृति विभाग का आभार जताया।

इस अवसर पर एडीएम पंकज शर्मा, एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष कर्ण शर्मा, हिमालय मंच के अध्यक्ष एसआर हरनोट, जिला भाषा अधिकारी सरोजना नरवाल और जगदीश बाली सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



साहित्य सम्मेलन में डीसी अनुपम कश्यप के साथ कवि एवं साहित्यकार।

व अदालत नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)

माहिन्दर सिंह पुत्र जरम सिंह निवासी गाँव व डाकघर बरंडा तहसील नूरपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0 । ...वादी

बनाम- (1) किशोरी लाल पुत्र नरोतम निवासीगण गाँव व डाकघर बरंडा तहसील नूरपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0 ।

...प्रतिवादीगण

प्रार्थना पत्र तकसीम भूमि खाता न0 156 खतौनी न 440, 441, 442, 443 खसरा न0 1189, 1186, 1184, 1185, 1188 किता 5 रकबा तादादी 0-30-07 वाकया मोहाल बरंडा तहसील नूरपुर

उपरोक्त मुकदमा तकसीम में प्रतिवादी न0 (2) श्री रतन 1 चन्द पुत्र जैशी राम निवासी गाँव व डाकघर कंडवाल तहसील नूरपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0 को उक्त मुकदमा तकसीम में इस अदालत से समन जारी किये गए । परन्तु तामील समनात नियमानुसार न हो सकी । वादी उक्त प्रतिवादीगण के सही पते का पता लगाने में असमर्थ रहा है। अदालत को यह विश्वास हो चुका है कि उक्त प्रतिवादीगण को साधारण तरीके से समन की तामील संभव नहीं है।

अतः उक्त प्रतिवादीगण को इस इश्तेहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 09-12-2026 को सुबह 11-00 बजे असालतन व वकालतन अदालत में उपस्थित होकर पैरवी प्रार्थना पत्र तकसीम करे। हाजिर न आने की सूरत में उनके खिलाफ नियमानुसार एक तरफ़ा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

आज दिनांक 05-11-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं सिप्पी कुमार पुत्र ओंकार चंद गांव वरोहल तहसील व डाकघर पंचरूखी जिला कांगड़ा हि. प्र.। व्यान करता हूँ कि सभी दस्तावेजों तथा मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सिप्पी कुमार (SIPPI KUMAR) सही दर्ज है। परंतु मेरे YES BANK kangra के खाता नम्बर मे मेरा नाम सिप्पी कुमार (SIPPY KUMAR) गल्त लिखा गया है। अत: सिप्पी कुमार (SIPPI KUMAR) तथा सिप्पी कुमार (SIPPY KUMAR) एक ही व्यक्ति के नाम है। संबधित नोट करें।

नाम परिवर्तन

मैं, चिंता देवी (20 वर्ष) पुत्री श्री ओम प्रकाश, गांव टांडी, डाकघर थाची, उप-तहसील थाची, जिला मण्डी, (हि.प्र.) घोषणा करती हूँ कि स्कूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम CHINTA DEVI लिखा गया है, और परिवार नकल, जन्म प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत थाची के रिकॉर्ड में मेरा नाम CHINTA लिखा गया है। मैं घोषणा करती हूँ कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात CHINTA DEVI (वास्तविक नाम) के हैं। मेरा वास्तविक नाम CHINTA DEVI है।

न्यूज ब्रीफ

गुरुद्वारा रोड पर 20 तक बंद रहेगी वाहनों की आवाजाही

अनंत ज्ञान, मनाली। मनाली के गुरुद्वारा रोड पर सीवरेज लाइन की मरम्मत कार्य के चलते 12 से 20 नवंबर तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। इस संबंध में उपमंडल दंडाधिकारी (एसडीएम) मनाली द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार, जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता, उपमंडल मनाली द्वारा गुरुद्वारा रोड के समीप मौजूदा सीवरेज लाइन की मरम्मत के लिए वाहनों की आवाजाही बंद करने का आग्रह किया गया था। जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने 12 नवंबर से 20 नवंबर तक गुरुद्वारा रोड पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद रखने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने आम जनता एवं वाहन चालकों से इस अवधि के दौरान सहयोग करने तथा आवश्यकतानुसार वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 60 पदों के लिए 17 को होंगे कैंपस इंटरव्यू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। सिस इंडिया लिमिटेड हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर (केवल पुरुष) के कुल 60 पदों के लिए भर्ती की जाएगी। इसके लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में 17 नवंबर 2026 को प्रातः 11 बजे कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास तथा आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 19,000 से 24,000 रुपए प्रतिमाह वेतन के साथ कंपनी की ओर से अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। कार्यस्थल हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ रहेगा। इच्छुक एवं पात्र पुरुष अभ्यर्थी अपने सभी मूल दस्तावेजों, हिमाचली प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीकरण प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों का हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकरण होना अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों का पंजीकरण नहीं है, वे www.eemis.hp.nic.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर इंटरव्यू के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01902-222522 पर संपर्क किया जा सकता है।

त्रिलोकीनाथ स्कूल में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़े के तहत फोटोग्राफी स्पर्धा आयोजित



अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला त्रिलोकीनाथ में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़े के तहत छायाचित्रण (फोटोग्राफी) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से बारहवीं तक के कुल 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा बारहवीं के करण ने प्रथम स्थान, कक्षा दसवीं की कनिका ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा नौवीं की दीपा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य जगदीश ने जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, रीति-रिवाजों एवं सामाजिक मूल्यों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष, देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान तथा अंग्रेजी शासन के विरुद्ध उनके क्रांतिकारी आंदोलन पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा के साहस, संघर्ष, स्वाभिमान और समाज के प्रति समर्पण जैसे आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी जनजातीय विरासत, संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

खिलाड़ियों ने हिम रत्न अवॉर्ड की चयन प्रक्रिया पर उठाए सवाल

25 से 30 शीतकालीन खिलाड़ी सम्मान से वंचित

- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नहीं मिली प्राइज मनी



अनंत ज्ञान

एम बोकटापा, मनाली। प्रदेश सरकार की ओर से हाल ही में आयोजित हिम रत्न अवॉर्ड समारोह को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मनाली के करीब दो दर्जन स्कीइंग और स्नोबोर्ड खिलाड़ियों ने अवॉर्ड की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की है।

खिलाड़ियों का आरोप है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने के बावजूद उन्हें सम्मान और प्राइज मनी से वंचित रखा गया है। इस मामले को लेकर मनाली में शीतकालीन खेलों से जुड़े खिलाड़ियों ने बैठक की और अपनी अनदेखी पर गहरी चिंता जताई। खिलाड़ियों का कहना है कि वर्ष 2011 से 2026 तक लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने के बावजूद उन्हें इस बार प्राइज मनी के लिए चयनित नहीं किया गया। इनमें करीब 25 से 30 ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने खेलो इंडिया, नेशनल गेम्स, एशियन गेम्स व वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए हैं। खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि खेल विभाग के पास खिलाड़ियों की उपलब्धियों का पूरा रिकॉर्ड तक नहीं है। उन्हें न तो संबंधित एसोसिएशन की ओर से अवॉर्ड के बारे में कोई जानकारी दी गई और न ही विभाग ने इस संबंध में उनसे संपर्क किया। खिलाड़ियों का कहना है कि जब वे लगातार प्रदेश के लिए पदक जीत रहे हैं तो उन्हें भी उनकी उपलब्धियों के आधार पर सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राइज मनी उनके लिए केवल आर्थिक पुरस्कार नहीं है, बल्कि इससे वे अपने महंगे खेल उपकरण खरीदने और प्रशिक्षण पर खर्च करते हैं। स्कीइंग और स्नोबोर्ड जैसे खेलों में उपकरण काफी महंगे होते हैं। ऐसे में प्रोत्साहन राशि मिलने से खिलाड़ियों को आगे बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। शीतकालीन खेलों से जुड़े खिलाड़ी हीरा लाल, प्रणव, तजा ठाकुर, कमलजीत और प्रीति ने कहा कि वे भी हिमरतन अवॉर्ड और प्राइज मनी के हकदार हैं।

सरकार को उनकी उपलब्धियों पर भी दोबारा संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने मांग की कि चयन प्रक्रिया की समीक्षा कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले वंचित खिलाड़ियों को भी उनका हक दिया जाए।

जिला खेल अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ियों को जानकारी दी गई थी कि वे अपना सर्टिफिकेट और जरूरी कागज जमा करें। कुछ खिलाड़ी किसी कारणवश नहीं जमा कर पाए हैं, उन्हें अभी भी समय हैं। सभी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है, वहां से भी जानकारी ले सकते हैं।
-कविता ठाकुर, खेल अधिकारी, जिला कुल्लू।

विधायक भुवनेश्वर नेचर पार्क कलाथ व हॉट स्प्रिंग बाथ का किया निरीक्षण



दोनों स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

मनाली। मनाली विधानसभा क्षेत्र के पर्यटन स्थलों के विकास और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नेचर पार्क कलाथ और हॉट स्प्रिंग बाथ का निरीक्षण किया।

उन्होंने दोनों स्थलों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, साफ-सफाई और रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता, सुरक्षा और पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मनाली आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों के साथ स्थानीय नागरिकों को भी बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि क्षेत्र के पर्यटन स्थलों का सुनियोजित विकास न केवल पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि मनाली विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास और पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

- स्वच्छता, सुरक्षा और पर्यटक सुविधाओं को बेहतर बनाने के दिए निर्देश

स्व. सुनील उपाध्याय की पुण्यतिथि पर एवीबीपी ने लगाया रक्तदान शिविर, 28 यूनिट रक्त एकत्रित

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, कुल्लू। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जिला कुल्लू की ओर से वीरवार को स्व. सुनील उपाध्याय की पुण्यतिथि पर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 28 यूनिट रक्तदान किया।

अभाविप के विभाग संयोजक अभिनव कश्यप ने बताया कि अस्पताल में रक्त की कमी की सूचना मिलने पर कार्यकर्ताओं ने तुरंत शिविर आयोजित करने की पहल की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्व. सुनील उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सुनील उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन और समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। रक्तदान के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि देना सच्ची सामाजिक सेवा है। शिविर में रक्तदाताओं के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था एचडीएफसी बैंक की ओर से की गई। अभाविप ने बैंक, अस्पताल के ब्लड सेंटर की टीम और सभी रक्तदाताओं का सहयोग के लिए आभार जताया। परिषद ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

कांग्रेस अपने विधायकों को नहीं दे पा रही सम्मान जनता का क्या रखेगी ध्यान: अखिलेश कपूर

अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उसकी कार्यप्रणाली और आंतरिक गुटबाजी को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। कपूर ने प्रेस बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार ने पहले जनता को चुनावी गारंटियों में उलझाया, फिर पंचायत चुनावों को लेकर असमंजस की स्थिति बनाए रखी और अब अपने ही विधायकों को आश्वासनों के सहारे रख रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि 'अटकाना, लटकाना और भटकाना' अब कांग्रेस सरकार का मूलमंत्र बन गया है। भाजपा प्रवक्ता ने कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर का उदाहरण देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन और सार्वजनिक मंचों से कई बार उन्हें मंत्री बनाने का आश्वासन दिया, लेकिन आज तक उन्हें मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिला। कपूर के अनुसार, इस अनदेखी के कारण सुंदर ठाकुर मानसिक दबाव में हैं और उनके पार्टी छोड़ने तक की चर्चाएं सार्वजनिक रूप से होने लगी हैं। कांग्रेस में अंदरुनी फूट और गुटबाजी किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कई गुटों में बंट चुकी है और पार्टी के अंदर कई संघर्ष के केंद्र बन गए हैं। उन्होंने पिछले घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पहले भी छह कांग्रेस विधायक पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं और तीन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस लिया था। उन्होंने कहा कि विधानसभा में बहुमत होने के बावजूद राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत कांग्रेस की आंतरिक कमजोरी को दर्शाती है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अंदरुनी कलह और सत्ता के संघर्ष में कांग्रेस सरकार के नेता प्रदेश की जनता को भूल चुके हैं। उन्होंने चुनावी गारंटियों का हिसाब मांगते हुए कहा कि महिलाओं को 1500 रुपए, युवाओं को रोजगार और किसानों-बागवानों को राहत देने के वादों पर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रदेश में कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और नशे की बढ़ती समस्या पर ठोस कार्रवाई की मांग की। कपूर ने यह भी कहा कि पंचायत चुनावों में देरी से ग्रामीण विकास प्रभावित हुआ है। वहीं, बीबीएमबी में हिमाचल के 7.19 प्रतिशत हिस्से के मुद्दे पर उन्होंने कांग्रेस को सलाह दी कि वह केवल श्रेय लेने की राजनीति न करे।

मणिकर्ण घाटी की दो विभूतियों को मिला वरिष्ठ नागरिक सम्मान सम्मान

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू की तलपीणी पंचायत के फलाटी गांव निवासी प्रसिद्ध लोकगायक, कवि, रंगकर्मी और समाजसेवी दोत राम पहाड़िया को कला, भाषा, संस्कृति एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया।

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय कुल्लू के सभागार में आयोजित वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी सम्मान समारोह-2026 में पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में एचपीएमसी के पूर्व उपाध्यक्ष राम सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोत राम पहाड़िया हिमाचल के प्रसिद्ध लोकगायकों में शुमार हैं। हिंदी और पहाड़ी कवि होने के साथ वह एक प्रतिष्ठित रंगकर्मी एवं समाजसेवी भी हैं। प्रवक्ता हिंदी के पद से सेवानिवृत्त पहाड़िया अब तक 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। वर्ष 1990 में उन्होंने दिल्ली के राजपथ पर आयोजित झांकी में 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' विषय पर कलाकार के रूप में भाग लिया था। वह देश के विभिन्न राज्यों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दे चुके हैं। इसी समारोह में पार्वती घाटी की ग्राम पंचायत जल्लूग्रां के पड़ेई गांव निवासी राम राज को गौसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वह पिछले दो दशकों से गौसेवा और बेसहारा गोवंश के संरक्षण में जुटे हैं। दोनों विभूतियों को सम्मान मिलने से पार्वती घाटी में खुशी की लहर है।

केलांग स्कूल में विद्यार्थियों को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला केलांग में वीरवार को उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, लाहौल एवं स्पीति की ओर से विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों और युवाओं को कानूनी अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता तथा न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ता बिशन सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विभिन्न कानूनी प्रावधानों और नागरिकों के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों को न्याय से वंचित न रहना पड़े, इसके लिए सरकार की ओर से नि:शुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। उन्होंने विद्यार्थियों को कानूनी जागरूकता के महत्व से अवगत करवाते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में विधिक जागरूकता बढ़ाना और न्याय व्यवस्था के प्रति समझ विकसित करना रहा।

शहीद श्री बालकृष्ण स्कूल कुल्लू में एनएसएस शिविर का शुभारंभ



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित शहीद श्री बालकृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुल्लू में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में 12 नवंबर से 18 नवंबर तक चलने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर का वीरवार को शुभारंभ हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के उप प्रधानाचार्य निहाल ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सचिव राजपाल ठाकुर, डीपीई असीम राणा, प्रवक्ता (इतिहास) अंजू हाजरी, प्रवक्ता (इतिहास) सीता राखा तथा टीजीटी नॉन-मेडिकल दिनेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि निहाल ठाकुर ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए अनुशासन, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मंजू आनंद एवं डॉ. धीरज शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इन गतिविधियों में मुख्य रूप से प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी, विद्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, नशा निवारण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता रैलियां, श्रमदान, बौद्धिक सत्र तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उद्घाटन समारोह के दौरान स्वयंसेवकों ने एनएसएस लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया और समाज सेवा का संकल्प लिया।

मनाली में विकास की नई गाथा लिख रहे हैं विधायक भुवनेश्वर : गोकल

अनंत ज्ञान

मनाली। हिमाचल कांग्रेस एससी विभाग के उपाध्यक्ष गोकल चंद ने कहा कि मनाली विधानसभा क्षेत्र में विधायक भुवनेश्वर गौड़ के नेतृत्व में कई विकास के कार्य हुए हैं। प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि विधायक भुवनेश्वर ने अपने कार्यकाल में उन अधूरे और उपेक्षित कार्यों को धरातल पर उतारा है, जिनकी मांग जनता लंबे समय से कर रही थी। उन्होंने कहा कि अलेउ से रागड़ी को जोड़ने की मांग कई सालों से हो रही थी।



इस मांग को विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने गंभीरता से लिया और पुल का निर्माण कार्य शुरू करवाया। इस पुल के बनने से दोनों ओर के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का संपर्क और मजबूत होगा।

गोकल चंद ने कहा कि पर्यटक वाहनों की थोड़ी सी संख्या बढ़ते ही मनाली से मनाली गांव व हिडिंबा मार्ग के बीच भारी ट्रैफिक जाम लगता था। यह समस्या वर्षों से पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। इस गंभीर समस्या पर पूर्व विधायक ने गौर नहीं किया, लेकिन विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने अपने कार्यकाल में इस बड़े कार्य को धरातल पर उतारकर विकास की नई गाथा लिखी। अब मनाली गांव और हिडिंबा मार्ग पर जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिली है।

उन्होंने कहा कि वाम तट मार्ग भी नए स्वरूप में नजर आ रहा है। सड़क के सुधार और चौड़ीकरण से क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिली है। इसके अलावा ऐतिहासिक गांव सोलंग नाला के लिए भव्य पुल व सड़क बनाकर सैकड़ों ग्रामीणों को राहत पहुंचाई गई है। इस पुल से सोलंग नाला के ग्रामीणों का संपर्क सालभर बना रहेगा और बरसात के दिनों में होने वाली दिक्कतों से भी छुटकारा मिलेगा। गोकल चंद ने कहा कि विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली विधानसभा क्षेत्र की हर सड़क की स्थिति में सुधार किया है। चाहे वह ग्रामीण सड़कें हों या मुख्य मार्ग, सभी जगह विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं।

दौरा विधायक ने किशोरी, त्रिलोकनाथ, उदयपुर और मडग्रां पंचायतों के गांवों के लोगों से किया संवाद

अनुराधा ने किशोरी पंचायत में किया शिव सराय भवन का उद्घाटन

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, केलांग। विधायक अनुराधा राणा ने विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत किशोरी, त्रिलोकनाथ, उदयपुर और मडग्रां के विभिन्न गांवों का दौरा कर आमजन से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों को विस्तारपूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत किशोरी में 15 लाख 50 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित शिव सराय भवन का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया।

अपने दौरे के दौरान विधायक ने किशोरी पंचायत के बिहाड़ी और किशोरी, त्रिलोकनाथ पंचायत के त्रिलोकनाथ एवं हिंसा, उदयपुर पंचायत के सलपट-1 और सलपट-2 तथा मडग्रां पंचायत के रतौली, कौराकी, आहत, नामू और चारु गांवों में पहुंचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं, विकास कार्यों और अन्य जनसमस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। जनसंवाद के दौरान विधायक अनुराधा राणा ने क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए अब तक वितरित एवं स्वीकृत धनराशि की जानकारी भी ग्रामीणों के साथ साझा की। उन्होंने संबंधित विभागों से विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से ग्रामीणों तक पहुंचना चाहिए और प्रत्येक कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि लाहौल-स्पीति का समग्र विकास, दूरदराज के गांवों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि जनता के बीच पहुंचकर विकास कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लेना और लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने अधिकारियों से जनता के प्रति जवाबदेह रहते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमला ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल ठाकुर, विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

केलांग में निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित

मतदान के महत्व से रू-ब-रू हुए विद्यार्थी

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, केलांग। भारत निर्वाचन आयोग के व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत 21-लाहौल एवं स्पीति विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र स्तरीय निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला केलांग में आयोजित किया गया।

इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं भावी मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और उनमें लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी की भावना विकसित करना रहा। प्रतियोगिताओं में लाहौल क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें महाविद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) तथा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के विद्यार्थी शामिल रहे। प्रतियोगिताओं को जूनियर एवं वरिष्ठ वर्गों में विभाजित किया गया था। जूनियर वर्ग की निबंध लेखन प्रतियोगिता में 24 तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 29 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रकार जूनियर वर्ग में कुल 53 विद्यार्थी उपस्थित रहे। वहीं, वरिष्ठ वर्ग की निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में 6-6 विद्यार्थियों सहित कुल 12 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 23 शिक्षकों की ड्यूटी भी लगाई गई थी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन बहुविकल्पीय प्रश्न प्रारूप में किया गया, जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने निर्धारित विषय पर मौके पर ही अपने विचार लिखित रूप में प्रस्तुत किए। दोनों प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के चुनाव संबंधी ज्ञान, जागरुकता एवं अभिव्यक्ति कौशल का मूल्यांकन किया गया।

प्रत्येक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग दस प्रतिभागियों का चयन विशेषज्ञ समिति द्वारा किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 21-लाहौल एवं स्पीति विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

न्यूज ब्रीफ

मुख्यमंत्री का 'सीएम-किसान संवाद' अब 18 को टांडा मेडिकल कॉलेज में होगा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के साथ प्रस्तावित 'सीएम-किसान संवाद' कार्यक्रम अब 18 नवंबर को डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा के शोभा सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। प्रशासनिक कारणों के चलते कार्यक्रम के पूर्व निर्धारित स्थल में बदलाव किया गया है। परियोजना निदेशक, एटीएमए पालमपुर द्वारा इस संबंध में उपायुक्त कांगड़ा एवं पुलिस अधीक्षक कांगड़ा को कार्यक्रम के सुचारू एवं सफल आयोजन संशोधित स्थल की जानकारी देते हुए स्थल के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, वीआईपी प्रोटोकॉल, यातायात एवं पार्किंग प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने का आग्रह किया है, जबकि अन्य सभी व्यवस्थाएं, गतिविधियां एवं रूपरेखा पूर्व में जारी निर्देशों के अनुरूप ही रहेंगी। कार्यक्रम 18 नवंबर को दोपहर 2 बजे आयोजित होगा, जिसमें लगभग 600 से 800 प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के भाग लेने की संभावना है।

टीसीपी कानूनों पर जागरुकता बैठक आज

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पालमपुर योजना क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम, 1977 के प्रावधानों की जानकारी देने के लिए 13 नवंबर को सुबह 10:30 बजे विशेष जन-जागरूकता बैठक आयोजित होगी। उपमंडलाधिकारी (नागरिक) डॉ. ओपी यादव की अध्यक्षता में यह बैठक कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के सभागार में होगी। इसमें नए शामिल राजस्व गांवों के निवासियों को योजना नियमों, विकास संबंधी आवश्यकताओं और कानूनी पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। नगर निगम पार्षदों और पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य है। प्रशासन ने आम जनता, भू-स्वामियों और हितधारकों से बैठक में भाग लेकर अपनी शंकाओं का समाधान करने की अपील की है।

चिट्टा मुक्त हिमाचल के लिए युवाओं की भागीदारी जरूरी : केवल पठानिया

हारचक्कियां से गुब्बर तक निकाली एंटी चिट्टा जागरुकता वॉकथॉन, नशे के खिलाफ बुलंद की आवाज

◆ विद्यार्थियों ने लिया नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प

अनंत ज्ञान

कोहली, शाहपुर। चिट्टा मुक्त हिमाचल के संकल्प को जन आंदोलन बनाने और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में हारचक्कियां से गुब्बर तक एंटी चिट्टा जागरुकता वॉकथॉन का आयोजन किया गया।

एप्रोप्रिएट टेक्नोलॉजी सेंटर शाहपुर के सौजन्य से आयोजित इस अभियान को उप मुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वह स्वयं भी विद्यार्थियों और



स्थानीय लोगों के साथ वॉकथॉन में शामिल हुए। इस अभियान में राजकीय महाविद्यालय लंज, पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हारचक्कियां, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनेई, राजकीय उच्च विद्यालय लपियाना, एसआरएम पब्लिक स्कूल, डीएवी स्कूल मनेई और आईटीआई हारचक्कियां के विद्यार्थियों ने भाग लिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। प्रतिभागियों ने नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के संदेश लिखी तख्तियां लेकर जागरूकता के नारे लगाए। इस अवसर पर केवल सिंह पठानिया ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और सकारात्मक गतिविधियों को अपनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि चिट्टा युवाओं के भविष्य के साथ परिवार और सामाजिक व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहा है। इसके उन्मूलन के लिए सरकार, प्रशासन, शिक्षण संस्थानों, अभिभावकों और समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार चिट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने पठानिया ने युवाओं से खेलकूद, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एसडीएम कांगड़ा डॉ. अंजलि गर्ग, एसडीएम जवाली नरेंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

परगोड़ में 500 किलोवॉट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण

अनंत ज्ञान

◆ ग्रीन पंचायत योजना से गुब्बर पंचायत को होगी आय : पठानिया

शाहपुर। ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की गुब्बर पंचायत के परगोड़ में 500 किलोवॉट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण किया गया। उप मुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने संयंत्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि ग्रीन पंचायत योजना ग्रामीण विकास और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने बताया कि करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित यह जिला का पहला पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र है। परियोजना से होने वाली कुल आय का 20 प्रतिशत प्रदेश सरकार और 30 प्रतिशत हिमऊर्जा को मिलेगा, जबकि शेष 50 प्रतिशत स्थानीय विकास पर खर्च होगा। इसमें 25 प्रतिशत राशि पंचायत के विकास कार्यों तथा 25 प्रतिशत अनाथ बच्चों और विधवा महिलाओं की आर्थिक सहायता पर खर्च की जाएगी। इस दौरान विधायक ने 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित खेल मैदान भी जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि इससे चंगर क्षेत्र के युवाओं और बच्चों को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें नशे से दूर रखने में मदद मिलेगी। पठानिया ने बताया कि चंगर क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुधारने पर करीब 30 करोड़ और बिजली व्यवस्था पर 3.85 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। वहीं, कार्यक्रम में विधायक ने कुराश में कांस्य पदक विजेता निहारिका राणा को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

45 मील में खड़े ट्रक से टकराई कार, 38 वर्षीय महिला की मौत

अनंत ज्ञान



◆ पति व तीन बच्चे घायल

शाहपुर। शाहपुर थाना क्षेत्र के तहत 45 मील में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 38 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति और तीन बच्चे घायल हो गए। मृतका की पहचान बाला देवी पत्नी मनीष कुमार निवासी सिंहूंवा के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार बाला देवी अपने पति और तीन बच्चों के साथ कार में सवार होकर जा रही थी। इसी दौरान 45 मील में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से कार की टक्कर हो गई। हादसे में बाला देवी की मौत हो गई, जबकि उनके पति मनीष कुमार, दो बेटियां सृष्टि और शिवाया तथा बेटा रुद्र घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल टांडा में भर्ती करवाया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आगामी कार्रवाई शुरू की। मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

बागवानों की बदहाल आर्थिक स्थिति पर परमार ने सुक्खू सरकार को घेरा

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने हिमाचल प्रदेश के बागवानों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति को लेकर सुक्खू सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देने वाला बागवानी क्षेत्र आज गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है, लेकिन सरकार बागवानों को राहत देने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। परमार ने कहा कि शिमला, कुल्लू, किन्नौर, मंडी और चंबा सहित कई जिलों में हजारों परिवारों की आजीविका सेब उत्पादन पर निर्भर है। बागवानी क्षेत्र से परिवहन, पैकेजिंग, कार्टन उद्योग, कोल्ड स्टोरेज और मंडियों का कारोबार भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में इस क्षेत्र की अनदेखी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रतिकूल मौसम, असामयिक बारिश और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सेब की पैदावार और गुणवत्ता पर असर पड़ा है। इससे बागवानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। परमार ने सरकार से एंटी हेलनेट, आधुनिक सिंचाई सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का विशेष सर्वेक्षण करवाकर बागवानों को शीघ्र राहत देने, फसल बीमा भुगतान की प्रक्रिया सरल बनाने और मार्केट इंटरवेंशन स्कीम के लंबित भुगतान जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार को घोषणाओं से आगे बढ़कर धरातल पर काम करना चाहिए।

नौ साल से वरिष्ठता क्रमांक को तरस रहे टीजीटी शिक्षक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश के हजारों टीजीटी शिक्षक पिछले कई वर्षों से वरिष्ठता सूची और वरिष्ठता क्रमांक जारी होने का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2018 से 2026 के बीच नियुक्त हुए अनेक शिक्षकों को अब तक शिक्षा विभाग की ओर से वरिष्ठता क्रमांक नहीं मिल पाया है। इससे उनकी पदोन्नति की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

राजकीय टीजीटी कला संघ के अनुसार बैचवाइज, कमीशन आधार पर तथा जेबीटी और सीएंडवी से पदोन्नत होकर टीजीटी बने शिक्षक वरिष्ठता सूची में नाम शामिल होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वरिष्ठता क्रमांक उपलब्ध न होने के कारण शिक्षक हेडमास्टर और प्रवक्ता पदों पर पदोन्नति के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। संघ का कहना है कि कॉमर्स और अर्थशास्त्र विषयों में 2019 तक वरिष्ठता क्रमांक प्राप्त शिक्षकों की पदोन्नति हो चुकी है। ऐसे में अगले वर्ष प्रस्तावित टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नतियों में वरिष्ठता क्रमांक के अभाव में कई शिक्षक अवसर से वंचित हो सकते हैं। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल सहित पदाधिकारियों ने स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली से मामले में हस्तक्षेप कर वरिष्ठता सूची जल्द जारी करने की मांग की है। संघ ने शिक्षकों के दस्तावेज मंगवाकर वरिष्ठता निर्धारण और कन्फर्मेशन की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया है। साथ ही आरटीआई के माध्यम से भी विभाग से संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। संघ ने चेतावनी दी है कि समाधान नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री से मुलाकात की जाएगी। संघ ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत एसएनए स्पर्श प्रणाली में बिल, वेंडर और भुगतान प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि 18 नवंबर से बढ़ाकर 31 दिसंबर करने की मांग की है। संघ का कहना है कि अवकाश अधिक होने के कारण शिक्षकों के लिए निर्धारित समय में यह कार्य पूरा करना मुश्किल है।

तारागढ़ में अवैध खनन माफिया पर पुलिस की स्ट्राइक

पुलिस ने 3 पोकलेन; 2 टिप्पर किए जब्त, 4 लोग गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



अशोक ठाकुर, पठानकोट। जिले के तारागढ़ क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस और माइनिंग विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन स्टोन क्रशरों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने तीन पोकलेन मशीनें, दो भरे हुए टिप्पर और अवैध खनन सामग्री जब्त की। कार्रवाई में चार चालकों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीनों क्रशर मालिक और एक अन्य चालक फरार हो गए।

पहली कार्रवाई गुरु जी स्टोन क्रशर पर हुई, जहां अवैध खनन और टिप्परों में सामग्री लोड करने के आरोप में विक्रमजीत, अंजीत कुमार और गंगा बहादुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दो टिप्पर और एक पोकलेन मशीन जब्त की। क्रशर मालिक सरबजीत सिंह उर्फ साबा के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई पारस और शिवा स्टोन क्रशर पर हुई। पारस क्रशर से चालक जितेंद्र कुमार उर्फ गनी को गिरफ्तार किया गया, जबकि मालिक किशन ओबराय फरार हो गया। शिवा क्रशर पर चालक मशीन छोड़कर भाग निकला और मालिक गौरव भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। माइनिंग विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच और पैमाइश की। थाना तारागढ़ में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 15 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

सरकार ने 19 से पहले वार्ता नहीं की तो विधानसभा का करेंगे घेराव: पेंशनर्स

चंबा में 18 संगठनों के 200 पेंशनर्स ने डीसी कार्यालय के बाहर बोला हल्ला

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। हिमाचल प्रदेश में पेंशनर्स की लंबित वित्तीय देनदारियों का मुद्दा अब सरकार के लिए नई चुनौती बनता नजर आ रहा है। लंबे समय से अपने वित्तीय अधिकारों के इंतजार में बैठे सेवानिवृत्त कर्मचारियों का धैर्य जवाब देने लगा है। सरकार के कथित ढुलमुल रवैये के विरोध में बुधवार को चंबा जिला मुख्यालय में पेंशनर्स ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। हिमाचल प्रदेश पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले 18 संगठनों के करीब 200 पेंशनर्स ने रोष रैली निकालकर डीसी कार्यालय के बाहर धरना दिया और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर एवं प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर सुबह 11:30 बजे इरावती गेट से शुरू हुई रोष रैली सरकार विरोधी नारों के साथ डीसी कार्यालय चंबा पहुंची। यहां प्रदर्शनकारियों ने धरना देकर सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की। पेंशनर्स का कहना था कि जीवनभर प्रदेश की सेवा करने के बाद अब उन्हें अपनी ही अर्जित देनदारियों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। लंबित वित्तीय लाभों का भुगतान न होना सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ अन्याय है। धरने के माध्यम से पेंशनर्स ने सरकार को स्पष्ट अल्टीमेटम देते हुए मांग की कि 19 नवंबर से पहले उनकी लंबित देनदारियों के भुगतान को लेकर औपचारिक वार्ता शुरू की जाए। इसके लिए संयुक्त परामर्शदात्री समिति (जेसीसी) का गठन कर पेंशनर्स संगठनों के प्रतिनिधियों को बातचीत के लिए बुलाया जाए।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निर्धारित समयसीमा तक उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी रूप दिया जाएगा और पेंशनर्स विधानसभा का घेराव करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने साफ किया कि अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा, सरकार को देनदारियों के भुगतान को लेकर ठोस निर्णय लेना होगा। प्रदर्शन में भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ राज्य उपाध्यक्ष एवं पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति इकाई चंबा के जिला समन्वयक डॉ. डीके सोनी धरने पर बैठे। उनके समर्थन में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन चंबा के जिला महामंत्री सुरिंदर गुप्ता, पंचायती राज पेंशनर संघ के बदरीनाथ राणा, शहरी निकाय पेंशनर्स संघ के पीसी रैना, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवानिवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के मनोहर लाल हितैषी, हिमाचल पथ परिवहन सेवानिवृत्त कल्याण मंच के उपाध्यक्ष आनंद कुमार शर्मा, कॉरपोरेट सेक्टर के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार शर्मा, वन विभाग ऑफिसर/एंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री बुशहरा राम भंडारी, विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम के जिला अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा, भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ इकाई साहू के उपाध्यक्ष ज्ञान चंद तथा विद्युत बोर्ड पेंशनर्स संघ के नरेश सेठ सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

चंबा के भरमौर में रोपे जाएंगे अखरोट के 12 हजार बीज

अनंत ज्ञान, भरमौर। हिमालय की पर्वत शृंखलाओं के बीच बसे जनजातीय क्षेत्र भरमौर में वन संपदा, जैव विविधता और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण को लेकर वन मंडल भरमौर ने विशेष पहल शुरू की है। इसके तहत स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए प्रकृति और मानव के बीच संतुलन स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं, विद्यार्थियों और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के साथ नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करने के लिए 'कैच द यंग' अभियान चलाया जा रहा है। वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन ने बताया कि अभियान की थीम 'लिव फॉर नेचर-नॉट फॉर ड्रग्स' रखी गई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष शीत ऋतु के दौरान स्थानीय लोगों की सहभागिता और श्रमदान से क्षेत्र में अखरोट के लगभग 12 हजार बीज रोपित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इससे भविष्य में क्षेत्र में अखरोट उत्पादन की संभावनाओं को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय परिवारों के लिए आजीविका के नए अवसर भी विकसित हो सकेंगे।

चंबा में 17 नवंबर को सजेगा जिला युवा महोत्सव का मंच

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग चंबा की ओर से राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2027 के तहत विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग की सांस्कृतिक एवं नवाचार श्रेणी में 17 नवंबर को जिला युवा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रुपेश कुमार ने कहा कि महोत्सव में नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, लोकनृत्य, लोकगीत और कविता लेखन की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इनमें ऐसे युवा भाग ले सकेंगे, जिन्होंने 17 अगस्त 2026 तक 15 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो, लेकिन 29 वर्ष की आयु पूरी न की हो।

रमेश भारद्वाज ने एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को सौंपा पत्र

राडी में एनएचपीसी की विकास निधि का मांगा हिसाब

अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप, धरवाला। विकास के नाम पर आवंटित धनराशि का कितना हिस्सा धरातल पर खर्च हुआ और उससे जनता को कितना लाभ मिला? ग्राम पंचायत राडी में एनएचपीसी की विकास निधि के उपयोग को लेकर अब पारदर्शिता की मांग उठने लगी है। अखिल भारतीय गद्दी जनजातीय विकास समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार भारद्वाज ने एनएचपीसी जल विद्युत परियोजना चरण-3 के तहत ग्राम पंचायत राडी को पिछले पांच वर्षों में आवंटित विकास निधि का पूरा रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को पत्र सौंपकर मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

भारद्वाज ने मांग की है कि पंचायत को पिछले पांच वर्षों में कितनी विकास निधि आवंटित हुई, किन कार्यों को कितनी धनराशि जारी की गई और वास्तविक रूप से कितना खर्च हुआ, इसका पूरा विवरण जनता के सामने रखा जाए।

खेल मैदान के 25 लाख का मांगा पूरा ब्यौरा

सर साफ्ट में खेल मैदान के लिए 25 लाख रुपए की राशि को लेकर भी उन्होंने विशेष जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। इसमें स्वीकृति आदेश, धनराशि जारी होने का विवरण, संबंधित ठेकेदार का नाम, किए गए खर्च और मौके पर हुए निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया है। भारद्वाज ने एनएचपीसी प्रबंधन से आग्रह किया है कि इन सभी विषयों पर गंभीरता से संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं। उनका कहना है कि विकास निधि का उद्देश्य स्थानीय लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना है, इसलिए आवंटित बजट और धरातल पर हुए कार्यों के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है।



जर्जर सड़क और चूड़ी पुल की हालत सुधारें

भारद्वाज ने क्षेत्र की बदहाल सड़क व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए चूड़ी पुल से सर साफ्ट जाने वाली सड़क की तत्काल मरम्मत करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़क की खराब हालत के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके साथ ही जर्जर चूड़ी पुल का निरीक्षण करवाकर उसकी आवश्यक मरम्मत और उचित सतह निर्माण सुनिश्चित करने का आग्रह किया है, ताकि क्षेत्र की आवाजाही बाधित न हो।

रात के अंधेरे में सफर की मजबूरी खत्म करने की मांग

चूड़ी पुल से राडी-भटवाड़ा बस ठहराव तक स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है। भारद्वाज के अनुसार, इस मार्ग पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से रात के समय लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्ट्रीट लाइटें लगने से लोगों को सुविधा मिलने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा कम करने में भी मदद मिलेगी।

बर्फबारी को लेकर सभी तैयारियां पूरी करें विभाग : डीसी

मुकेश रेपस्वाल ने कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल की अध्यक्षता में वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में शीतकालीन तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी शीतकालीन मौसम के दौरान संभावित बर्फबारी, सड़क यातायात, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं, खाद्यान्न उपलब्धता, संचार व्यवस्था तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष शीतकालीन मौसम के दौरान अधिक बर्फबारी की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग समय रहते अपनी तैयारियां पूर्ण रखें। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों के अनुभवों के आधार पर आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना आवश्यक है, ताकि आम जनमानस, पर्यटकों तथा दुर्गम



क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित उपमंडल अधिकारियों को अपने-अपने उपमंडल स्तर पर विभागीय तैयारियों की समीक्षा करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के स्थानीय अधिकारियों को को बर्फबारी प्रभावित क्षेत्रों में सड़क बहाली के लिए पर्याप्त मशीनरी, उपकरण एवं प्रशिक्षित कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। विशेषकर डलहौजी, खज्जियार, बनीखेत, भरमौर एवं पांगी क्षेत्रों में सड़क यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए अग्रिम प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई तथा लोक निर्माण विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर सड़क बहाली कार्यों में संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने विद्युत विभाग को बर्फबारी के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने की संभावनाओं के दृष्टिगत आवश्यक उपकरण, ट्रांसफार्मर, मानव संसाधन एवं वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, जल शक्ति विभाग को पेयजल पाइपलाइनों को सुरक्षित करने तथा बर्फबारी प्रभावित क्षेत्रों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, एवं सेवाओं की निरंतरता तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए रैपिड रिस्पांस टीम को तत्पर रखने के निर्देश दिए गए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को दुर्गम एवं बर्फबारी प्रभावित क्षेत्रों में अग्रिम खाद्यान्न भंडारण सुनिश्चित करने को कहा गया।

उपायुक्त ने शिक्षा विभाग को सभी विद्यालयों के आपदा प्रबंधन प्लान अद्यतन करने तथा बर्फबारी प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों में आवश्यक हीटिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय भवनों की सुरक्षा का निरीक्षण कर संवेदनशील एवं असुरक्षित भवनों की पहचान करने को कहा। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर आपदा संबंधी सूचनाओं के प्रसार, स्थानीय प्रतिक्रिया तथा सामुदायिक भवनों को आवश्यकता पड़ने पर अस्थायी आश्रय स्थल के रूप में उपयोग करने की संभावनाओं का आकलन करने के निर्देश दिए।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए फ्री कोचिंग का अवसर

अनंत ज्ञान, चंबा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला स्थित डॉ. अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) एवं हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) की परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक वर्षीय निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए पात्र युवाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला कल्याण अधिकारी मंजुल ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र युवाओं के लिए 100 निःशुल्क सीटें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त 25 अन्य निःशुल्क सीटें भी निर्धारित की गई हैं। कोचिंग के लिए आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों के परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये या इससे कम होनी चाहिए। अभ्यार्थियों की आयु 21 से 37 वर्ष के बीच तथा 12वीं एवं स्नातक स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

◆ पात्र युवा 20 नवंबर तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

उन्होंने बताया कि अभ्यार्थियों का चयन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को अधिकतम 12 माह तक 4 हजार रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा संभावित रूप से 29 नवंबर को आयोजित होगी तथा कोचिंग कक्षाएं 1 जनवरी, 2027 से प्रारंभ होंगी। इच्छुक अभ्यार्थी हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला कल्याण अधिकारी ने चंबा जिले के पात्र युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व आवेदन सुनिश्चित करें।

एनएचएआई ने रिकॉर्ड समय में पूरी की बग्गा पुल की मरम्मत

अनंत ज्ञान

भरमौर। पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बग्गा पुल से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए राहत भरी खबर है। आज से इस पुल को सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। पिछले सप्ताह पुल की प्लेटें निकलने और इसकी स्थिति प्रभावित होने के बाद पैदा हुई यातायात संबंधी समस्या का ह्यङ्घ ने रिकॉर्ड समय में समाधान कर दिया है। पुल पर मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद अब छोटे-बड़े सभी वाहनों की आवाजाही बहाल होने से स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है।

गौरतलब है कि बग्गा पुल चंबा से भरमौर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस पुल से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। हैरानी की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से पुल की मरम्मत नहीं हुई थी। इसके चलते पुल की प्लेटें निकलने और अन्य तकनीकी खामियां सामने आने लगी थीं। मामला मीडिया में प्रमुखता से सामने आने के बाद विभाग हरकत में आया और एनएचएआई ने बिना देरी किए मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर शुरू करवाया। विभागीय टीम ने तेजी दिखाते हुए रिकॉर्ड समय में मरम्मत कार्य पूरा कर पुल को दोबारा यातायात के लिए तैयार कर दिया। पुल की स्थिति प्रभावित होने के बाद भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक और यातायात व्यवस्था में बदलाव के चलते स्थानीय लोगों, व्यापारियों, परिवहन कारोबारियों और पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में पुल से सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही शुरू होना क्षेत्र के लिए बड़ी राहत है।

चंबा से भरमौर तक सड़क को सुधारने का कार्य तेज

दूसरी ओर चंबा से भरमौर तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क मरम्मत और रखरखाव का कार्य भी तेजी से जारी है। राजमार्ग के कई हिस्सों में सड़क की स्थिति पहले से बेहतर

न्यूज ब्रीफ

चिंतपूर्णी महोत्सव 4 से 6 दिसंबर तक संभावित

अनंत ज्ञान, ऊना। माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां तेज हो गई हैं। महोत्सव अब 4 से 6 दिसंबर तक आयोजित किए जाने की संभावना है। पहले यह आयोजन 22 से 24 नवंबर तक प्रस्तावित था, लेकिन प्रशासनिक एवं आयोजन संबंधी तैयारियों के चलते तिथियों में बदलाव किया गया है। एसडीएम अंब पारस अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर से निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के साथ होगा, जो अंब मेला मैदान पहुंचेगी। शुभारंभ समारोह में मुख्यमंत्री सुक्खू और समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के शामिल होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के इच्छुक कलाकारों के ऑडिशन 26 और 27 नवंबर को महाराणा प्रताप कॉलेज, अंब में होंगे। कलाकार एसडीएम कार्यालय अंब में आवेदन जमा करवा सकते हैं। ऑडिशन के दौरान भी मौके पर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। नामी कलाकारों और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों व पुरस्कार विजेताओं को ऑडिशन से छूट रहेगी।

◆ कलाकारों के ऑडिशन 26-27 नवंबर को

आर्य स्कूल में क्विज प्रतियोगिता टीम-ए ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, बंगाणा। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के तहत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में टीम ए ने प्रथम स्थान हासिल किया। टीम के प्रतिभागी दिव्यांश ठाकुर, रेवा राणा, सोनाक्षी ठाकुर और अक्षित सोखला संयुक्त रूप से विजेता रहे। टीम बी ने दूसरा और टीम सी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर शिक्षिका रीना ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाज के विकास का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और शिक्षा के माध्यम से अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता से विद्यार्थियों को सामान्य ज्ञान बढ़ाने और टीम भावना के साथ कार्य करने का अवसर मिला। इस मौके पर नीना धीमान, समित शर्मा, नरेश कुमार, सोमदत्त शास्त्री सहित अन्य शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हरोली का बाथू टूल रूम केंद्र की देन, श्रेय ले रही कांग्रेस सरकार : बलराम बबलू

अनंत ज्ञान, ऊना। हरोली के बाथू में करीब 17.50 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित होने वाले औद्योगिक टूल रूम प्रोजेक्ट को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर श्रेय लेने की राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलराम बबलू ने कहा कि यह परियोजना केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की देन है और इसे स्वीकृत करवाने में हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि बाथू में औद्योगिक टूल रूम की स्थापना जिला ऊना सहित पूरे हिमाचल के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। इससे उद्योगों को आधुनिक तकनीकी सुविधाएं मिलेंगी और मशीनरी व उपकरणों के लिए बाहरी निर्भरता कम होगी। बबलू ने कहा कि परियोजना से युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। टूल रूम में औद्योगिक उपकरणों, टूल डाई और कलपुर्जों के निर्माण से जुड़ी आधुनिक सुविधाएं विकसित होने की उम्मीद है। उन्होंने केंद्र सरकार और सांसद अनुराग ठाकुर का आभार जताते हुए कहा कि यह परियोजना हिमाचल में औद्योगिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं से विकास कार्यों का श्रेय लेने के बजाय परियोजना में केंद्र सरकार और सांसद के योगदान को स्वीकार करने की अपील की।

◆ 17.50 करोड़ की परियोजना से युवाओं को मिलेगा तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगार, सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों को दिया श्रेय

खेलों से नशे के खिलाफ मुहिम को मजबूती दे रहे युवा : मुकेश अग्निहोत्री

चांदपुर क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंचे उपमुख्यमंत्री, विजेता टीम को 51 हजार देने की घोषणा

अनंत ज्ञान



ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र के युवा खेल गतिविधियों के माध्यम से नशे के खिलाफ मुहिम को मजबूती दे रहे हैं। क्रिकेट और फुटबॉल जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवा समाज को सकारात्मक संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं को सही दिशा देना समय की जरूरत है। उपमुख्यमंत्री चांदपुर में चांदपुर क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने आयोजकों और खिलाड़ियों को बधाई देते हुए प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार के लिए अपनी ओर से 51 हजार रुपये देने की घोषणा की।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में करीब 500 करोड़ रुपये के पेयजल और सिंचाई विकास कार्य चल रहे हैं। चांदपुर में दो पुलों का निर्माण करवाया गया है तथा दो पेयजल योजनाएं भी बनाई गई हैं। पूरे क्षेत्र में एक साथ 18 पुलों का निर्माण कार्य जारी है। हरोली से रामपुर तक क्षेत्र का सबसे लंबा पुल बनाया गया है, जबकि पंडोगा से त्यूड़ी तक दूसरा बड़ा पुल निर्माणाधीन है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रशासनिक और शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार किया गया है। हरोली अस्पताल और कॉलेज के दूसरे चरण का कार्य शुरू हो चुका है। कॉलेज में वर्तमान में करीब 600 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने चांदपुर में बिजली की कम वोल्टेज, तारों और ट्रांसफार्मर से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हरोली में विकास कार्यों का सिलसिला लगातार जारी रहेगा और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल की सदस्याएं और बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री गोविंद धाम गोशाला, दुलैहड़ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने आचार्य तरुण डोगरा के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि इस पावन आयोजन में आध्यात्मिक विचारों एवं प्रभु भक्ति से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों को सुनने का अवसर मिला। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मकता का संचार करते हैं।

300 करोड़ रुपए के विकास कार्यों से बदल रही कुटलैहड़ की तस्वीर : संजय ठाकुर

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला ऊना कांग्रेस महासचिव संजय ठाकुर ने कुटलैहड़ के विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता विवेक शर्मा के 30 माह के कार्यकाल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि विधायक के प्रयासों से क्षेत्र में करीब 300 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रगति पर हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है।



◆ कहा-विधायक विवेक शर्मा का 30 माह का कार्यकाल विकास और जनसेवा के लिए अहम

उन्होंने विधायक हेल्पलाइन और पंचायतों में शुरू किए गए संवाद रजिस्टर को जनसमस्याओं के समाधान की सराहनीय पहल बताया। संजय ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कुटलैहड़ विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

अजौली मोड़-पोलियां सड़क के लिए 444 करोड़ मंजूर : मुकेश अग्निहोत्री



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि अजौली मोड़ से पोलियां तक सड़क के विस्तारीकरण के लिए 444 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। इससे बल्क ड्रग पार्क को बेहतर सड़क संपर्क मिलेगा और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वे बुधवार को हरोली जल भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में 18 पुलों का निर्माण किया जा रहा है। सलोह से टाहलीवाल तक 58 करोड़ रुपए की लागत से सड़क बनाई जा रही है, जिसमें तीन पुल भी शामिल हैं। पंडोगा-त्यूड़ी पुल मार्च से पहले तैयार हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग क्षेत्र में करीब 500 करोड़ रुपए के विकास कार्य कर रहा है। बीत एरिया सिंचाई योजना पर 75 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। अब तक 80 पानी के टैंक बनाए जा चुके हैं और 50 अन्य टैंकों का निर्माण किया जाएगा।

◆ कहा-हरोली में बनेंगे 18 पुल और तीन 220 केवी सब-स्टेशन

अग्निहोत्री ने कहा कि करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से बाथू, बीत और पेखूबेला में तीन 220 केवी सब-स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इससे बिजली आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सड़क, पुल, सिंचाई, पेयजल और बिजली सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता है। हरोली का विकास सामूहिक प्रयासों से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच रहकर उनकी समस्याएं उठाने का आह्वान किया।

बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप अग्निहोत्री सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जसाना के लखरूंह में पेयजल संकट दूर, 6 परिवारों को राहत

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की जसाना पंचायत के लखरूंह वार्ड में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान हो गया है। विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों से ठाकुर रूप सिंह पटियाल के घर के समीप स्थित हैंडपंप में मोटर स्थापित कर पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। इससे करीब आधा दर्जन परिवारों को राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने पेयजल समस्या विधायक के ध्यान में लाई थी, जिसके बाद उन्होंने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। पेयजल, सड़क, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान करवाने के लिए विधायक का आभार जताया।



◆ विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों से हैंडपंप में लगाई मोटर, ग्रामीणों ने जताया आभार

गारंटियों पर सवाल उठाने से पहले अपना कार्यकाल याद करे भाजपा : विवेक शर्मा

अनंत ज्ञान



बंगाणा। कुटलैहड़ के विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कांग्रेस सरकार की गारंटियों पर सवाल उठाने को लेकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाने से पहले अपनी पूर्व सरकार का कार्यकाल याद करें।

विवेक शर्मा ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय कर्मचारियों ने जब पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की मांग उठाई थी, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कथित तौर पर कहा था कि पेंशन चाहिए तो पहले चुनाव लड़ें। इसके विपरीत मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी करते हुए ओपीएस बहाल की है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार महिलाओं को 1500 रुपये मासिक आर्थिक सहायता देने की दिशा में भी काम कर रही है और प्रदेश की करीब 80 हजार महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता और पुनर्वास के लिए भी सरकार ने संवेदनशीलता से कदम उठाए हैं।

विवेक शर्मा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं के रोजगार जैसे मुद्दों पर जवाब मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक चुनौतियों के बावजूद सुक्खू सरकार कर्मचारियों के अधिकारों, महिलाओं के सम्मान और आपदा प्रभावितों की मदद के लिए प्रतिबद्ध है। विपक्ष को सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए, न कि अधूरे तथ्यों के आधार पर जनता को गुमराह करना चाहिए।

शिवराज सिंह चौहान की माता की अंतिम अरदास में पहुंचे डिंपल ठाकुर

अनंत ज्ञान, बंगाणा। हिमाचल प्रदेश भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर उर्फ डिंपल ने भोपाल में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता की अंतिम अरदास में भाग लिया। उन्होंने भोपाल स्थित उनके निवास पर पहुंचकर दिवंगत माता को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि मां का बिछड़ना किसी भी परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। माता का साया जीवन का सबसे बड़ा संबल होता है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने शिवराज सिंह चौहान के राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने लंबे समय तक प्रदेश की सेवा की है। वर्तमान में केंद्रीय मंत्री के रूप में कृषि एवं किसान कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

◆ दिवंगत माता को दी श्रद्धांजलि, शोक संतप्त परिवार के प्रति जताई संवेदनाएं



नशा तस्करों की 1.66 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

बिलासपुर जिले में इस वर्ष अब तक 3.01 करोड़ की संपत्ति पर हुई कार्रवाई

अनंत ज्ञान

बिलासपुर। बिलासपुर पुलिस द्वारा नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त एवं जीरो टॉलरेंस नीति के तहत नशीले पदार्थों की बरामदगी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ-साथ नशे के कारोबार से अर्जित संभावित अवैध संपत्ति की भी गहन वित्तीय जांच की जा रही है। इसी कड़ी में गत महीनों में विभिन्न मामलों से संबंधित व्यक्तियों की कुल 1,66,67,733 रुपए मूल्य की संपत्ति फ्रीज की गई है। इसके साथ ही इस वर्ष अब तक कुल 3,01,83,975 रुपए मूल्य की संपत्ति फ्रीज की जा चुकी है। बिलासपुर पुलिस अधीक्षक अभिषेक धीमान ने स्पष्ट किया है कि नशे के मामलों में कार्रवाई को केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि नशे के वित्तीय नेटवर्क और अवैध संपत्ति पर भी प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।



◆ एसपी अभिषेक बोले- नशे के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई

विभिन्न पुलिस थाना क्षेत्रों के तहत फ्रीज की गईं संपत्तियां

थाना सदर बिलासपुर के तहत तस्कर आयुब खान पुत्र अशरफ खान, निवासी डियारा सेक्टर का 63,97,733 रुपए का मकान फ्रीज किया गया। इसके अतिरिक्त आरोपी के सहयोगी विनय कुमार पुत्र स्व. महिंद्र पाल, निवासी डियारा सेक्टर की एक स्विफ्ट कार कीमत 10,00,000 रुपए, एक बुलेट मोटरसाइकिल कीमत 2,00,000 रुपए तथा एक स्कूटी कीमत 90,000 रुपए फ्रीज की गई। इसी मामले में अन्य सहयोगी ईशान खान पुत्र समीर खान, निवासी डियारा सेक्टर की एक कार कीमत 11,50,000 रुपए, एक पिकअप कीमत 12,50,000 रुपए तथा एक स्कूटी कीमत 1,13,000 रुपए भी फ्रीज की गई। इस प्रकार इस मामले में कुल 6 वाहन एवं एक मकान, जिनकी कुल कीमत 1,02,00,733 रुपए है, फ्रीज किए गए हैं। एक अन्य मामले में अजय ठाकुर पुत्र सोहन लाल, गांव बेहल कंडेला, बामटा एवं अभिषेक पुत्र रमेश कुमार की कुल 12,10,000 रपुए की संपत्ति फ्रीजकी है। वहीं, थाना बरमाणा के अनिल कुमार उर्फ पिंटू पुत्र सत्यनंद, निवासी पंजगाई का लगभग 20,00,000 रुपए कीमत का एक ट्रक तथा 3,10,000 रुपए की बैंक खाते में जमा राशि फ्रीज की गई। थाना झंडूता के तहत रविंद्र कुमार पुत्र जगदीश कुमार, निवासी बैरी दड़ोला, बैहना जट्टा, झंडूता की 8,50,000 रुपए की गाड़ी एवं 2,00,000 रुपए ड्रग मनी तथा आशुतोष चंदेल पुत्र विजेंद्र चंदेल की 5,50,000 रुपए की गाड़ी सहित कुल 16,00,000 रुपए की संपत्ति फ्रीज की गई। वहीं, थाना स्वारघाट में दर्ज मामले में पंकज ठाकुर पुत्र प्रेम सिंह, गांव नालग, बरमाणा की बोलेरो कैंपर एवं 37,000 रुपए ड्रग मनी सहित कुल 11,37,000 रुपए फ्रीज किए गए है। उधर, थाना बरमाणा के तहत अजय कुमार पुत्र छोटा राम, गांव लगट, बरमाणा का एक स्कूटर 20,000 रुपए एवं 1,90,000 रुप ड्रग मनी सहित कुल 2,10,000/ रुपए फ्रीज हैं।

अल्फा स्कूल के बच्चों ने सीखी मिट्टी के दीये बनाने की कला

अनंत ज्ञान



ठाकुरदास शर्मा, बरठीं। अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं के जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने मिट्टी के पारंपरिक दीये बनाने की कला सीखकर एक अनूठा अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे सामूहिक रूप से स्थानीय कुम्हार पवन कुमार के पास पहुंचे, जहां उन्होंने उनसे मिट्टी के दीये बनाने की बारीकियां और पारंपरिक कुम्हारी कला के विभिन्न पहलुओं को सीखा।कुम्हार पवन कुमार ने बच्चों को मिट्टी तैयार करने से लेकर चाक पर दीये का आकार देने तक की पूरी प्रक्रिया समझाई और इसका व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इस कला को देखा और समझा। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय परंपराओं, लोक कला और पारंपरिक व्यवसायों से जोड़ना तथा उनके अंदर रचनात्मकता एवं श्रम के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था।विद्यालय के प्रधानाचार्य टी.डी. शर्मा ने कहा कि बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। ऐसी गतिविधियों से बच्चों को नई चीजें सीखने, अपनी प्रतिभा पहचानने तथा समाज की पारंपरिक कलाओं और संस्कृति को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि कुम्हारी जैसी पारंपरिक कला हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है।इस अवसर पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

सब-जूनियर कबड्डी टीमों के चयन के लिए घुमारवीं स्कूल में कल होगा ट्रायल

अनंत ज्ञान, बरठीं। राज्य स्तरीय सब-जूनियर लड़के एवं लड़कियों की कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बिलासपुर जिला की टीमों का चयन 14 नवंबर 2026 (शनिवार) को किया जाएगा। इसके लिए शहीद विजय पाल स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घुमारवीं में ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिलासपुर जिला कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव ओम प्रकाश वशिष्ठ एवं प्रेस सचिव लोकेश ठाकुर ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक जिला के लड़के एवं लड़कियां 14 नवंबर को सुबह 9 बजे विद्यालय के खेल मैदान में रिपोर्ट करें।

पीड़ितों को समयबद्ध राहत और न्याय दिलाना सुनिश्चित करें अधिकारी : डीसी

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर किरण भड़ाना ने की। बैठक में वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान अधिनियम के तहत जिला में दर्ज मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने अवगत करवाया कि इस अवधि में अब तक कुल 15 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें से पांच मामलों में चालान प्रस्तुत किए जा चुके हैं, जबकि पांच मामले अभी जांचाधीन हैं। इसके अतिरिक्त, अधिनियम के तहत न्यायालय में विचाराधीन एवं खारिज मामलों सहित कुल 48 मामले लंबित हैं। बैठक में बताया गया कि वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान अब तक 27 पीड़ितों को कुल 10 लाख 90 हजार रुपये की राहत राशि प्रदान की जा चुकी है। उपायुक्त किरण भड़ाना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिनियम के तहत पात्र पीड़ितों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार राहत राशि समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पुलिस विभाग और जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा मामलों की जांच एवं आगामी कार्रवाई में अनावश्यक विलंब न होने देने पर विशेष बल दिया।

टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लि. में 50 पदों के लिए 17 को इंटरव्यू

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड, नालागढ़ द्वारा 50 पदों को भरने के लिए 17 नवंबर को कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। यह साक्षात्कार उप रोजगार कार्यालय, श्री नयना देवी जी में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा फ्लोर स्टाफ (स्पेयर पार्ट्स की हैंडलिंग) के कुल 50 नियमित पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं अथवा इससे अधिक निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा केवल पुरुष अभ्यर्थी ही आवेदन के पात्र होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को 14,300 रुपये मासिक वेतन के साथ कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, अतिरिक्त कार्य का पारिश्रमिक, दो समय का निःशुल्क भोजन, दो समय की निःशुल्क चाय तथा बस सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों की तैनाती गांव भटियां, तहसील नालागढ़, जिला सोलन में होगी। उन्होंने बताया कि योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, संबंधित योग्यता के प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट आकार के फोटो तथा बायोडाटा की प्रतियां साथ लेकर निर्धारित तिथि एवं स्थान पर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इस बारे अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-222450 अथवा कंपनी के संपर्क नंबर 9217669490 पर संपर्क किया जा सकता है।

◆ उप रोजगार कार्यालय श्री नयना देवी में होगा साक्षात्कार

पेंशनर्स का सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम

वित्तीय देनदारियों के भुगतान को लेकर सरकार के खिलाफ दिया धरना

अनंत ज्ञान

बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा प्रदेश के पेंशनर्स हर जिला मुख्यालय पर वीरवार को अपनी वित्तीय देनदारियों के भुगतान को लेकर सरकार के खिलाफ सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। यह धरना प्रदर्शन 17-11-2026 तक लगातार जारी रहेगा व 19 नवंबर को जोराबर स्टेडियम धर्मशाला में प्रदेशभर के लगभग दस हजार से ज्यादा पेंशनर्स इस आंदोलन में भाग लेंगे।

समिति के जिला संयोजक चेत राम वर्मा, महा सचिव सुशील पुंडीर, ने यहां जारी ब्यान में कहा है कि सरकार को मांगे पूरी करने के लिए 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया था लेकिन सरकार ने समिति के प्रतिनिधि मंडल को बातचीत के लिए नहीं बुलाया और न ही लंबित मांगों पर कोई ठोस कारवाही हुई। सरकार ने 5% महंगाई भत्ता देकर उसके एरियर लगभग 166 महीने का एरियर भी दो लाख से पंचायत लाख तक देय हो गया है उसके भुगतान का कोई हवाला नहीं दिया और अभी तक 13% महंगाई भत्ता न देने की वजह से हर महीने हर पेंशनर्स को दो हज़ार से लेकर दस हजार का आर्थिक नुकसान हो रहा है। प्रदेश के पेंशनरों को 1-1-2016 से 31-1-2022 तक संशोधित वेतनमान का बकाया भी नहीं मिला है जिसमे लीव एनकाशमेंट, ग्रेचुटी, कम्युटेशन व महंगाई भत्ता एरियर का लगभग दस हजार करोड़ का बकाया सरकार के पास् लंबित है जिसे देने में सरकार आनाकानी कर रही है और अपनी मौज मस्ती व मित्र मंडली के लिए सरकार दोनो हाथों से धन लुटा रही है ज़ब पेंशनरों को देने की बारी आती है तो सरकार आर्थिक संकट का बहाना बनाकर सरकार का खजाना खाली हो जाता है। सरकार पेंशनरों की आर्थिक देन दारियां न देकर मानसिक उत्पीड़न कर रही है जिसके इंतजार में हजारों पेंशनरों का स्वर्गवास भी हो चुका है। जिला संयोजक चेत राम वर्मा ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के पेंशनर्स मुख्यमंत्री द्वारा प्रेस में दिए गए वक्तव्य का घोर विरोध करता है जिसमे उन्होने कहा था कि कुछ भाजपा विचारधारा के पेंशनर्स हड़ताल पर है तो हिमाचल का 90% एक लाख नब्बे हजार पेंशनर्स भाजपा के ही है तो आने वाला समय में मुख्यमंत्री का विरोध जरूर करेंगे क्योंकि मुख्यमंत्री मुठ्ठी भर 10% शिमला स्थित पेंशनरों के कहने पर जो मुख्यमंत्री की चापलूसी, गुलदस्ता गैंग, धन्यवाद करते आये दिन नजर आते है आने वाला समय मुख्यमंत्री महोदय को मेंहगा पड़ेगा।

वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री महोदय आये दिन झूठ बोलते है अब झूठ ज्यादा दिन नहीं चलेगा क्योंकि आपने ओ पी एस के नाम पर सरकार बनाई थी लेकिन आज तक आप बिजली बोर्ड, HRTC, नगर निकाय, कॉर्पोरेट सेक्टर के सेवानिवृत पेंशनरों को पेंशन नहीं मिली है और न ही उन्हें 8% महंगाई भत्ता मिला है और न ही पचार हजार संशोधित वेतनमान के बकाया की किस्त मिली है इसलिए झूठ बोलना बंद करो और पेंशनरों की वित्तीय देन दारियों का प्रबंध करो।

बीबीएमबी में हिमाचल के हकों की लड़ाई में सुक्खू सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका : अनूप रतन

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के एडवोकेट जनरल अनुप रतन ने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) में हिमाचल प्रदेश की हिस्सेदारी का मामला प्रदेश के अधिकारों, आर्थिक हितों और संसाधनों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में प्रभावी कानूनी पैरवी की तथा केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों के समक्ष भी प्रदेश का पक्ष मजबूती से रखा। सरकार के निरंतर प्रयासों से दशकों से लंबित इस मामले को निर्णायक दिशा मिली है।

बिलासपुर स्थित सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए अनुप रतन ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के 6 नवंबर 2026 के फैसले के अनुसार हिमाचल प्रदेश को बीबीएमबी की भाखड़ा-नांगल और ब्यास परियोजनाओं से वर्ष 1966 से अक्टूबर 2011 तक की अवधि के लिए 1,197.3 करोड़ यूनिट बिजली प्राप्त होगी। केंद्र सरकार ने इस अवधि के लिए प्रदेश की कुल हिस्सेदारी 1,306.6 करोड़ यूनिट निर्धारित की थी। इसमें परियोजनाओं की 7.19 प्रतिशत पूंजीगत लागत के रूप में हिमाचल प्रदेश की 420.77 करोड़ रूपए की देनदारी को 3.85 रूपए प्रति यूनिट की दर से समायोजित किया गया है। इसके बाद शेष 1,197.3 करोड़ यूनिट बिजली प्रदेश को उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बिजली का व्यावसायिक उपयोग प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक संसाधन साबित हो सकता है। यदि इसे 13 से 14 रूपए प्रति यूनिट की दर से अन्य राज्यों को बेचा जाता है तो इससे प्रदेश को उल्लेखनीय राजस्व प्राप्त हो सकता है।

ई-ऑटो रिक्शा परमिट के लिए 16 तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान

बिलासपुर। जिला बिलासपुर में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ई-ऑटो रिक्शा परमिट जारी किए जाएंगे। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा जिला के चार उप मंडलों सदर, घुमारवीं, झंडूता और श्री नैना देवी जी (स्वारघाट) में कुल 40 ई-ऑटो रिक्शा परमिट प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रक्रिया के तहत 16 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे तक अपने आवेदन क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण कार्यालय, बिलासपुर में जमा करवा सकते हैं। यह ज

न्यूज ब्रीफ

पांवटा साहिब में 2.72 ग्राम चिट्टे के साथ सिरमौर का युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, नाहन। नशे के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस ने 2.72 ग्राम चिट्टे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राहुल चौहान निवासी गांव शिल्ला, तहसील कमरऊ जिला सिरमौर के रूप में हुई है। पुलिस टीम 10 नवंबर को गश्त पर थी। विश्वकर्मा चौक से यमुना ब्रिज की ओर जाते समय एक युवक पुलिस को देखकर संदिग्ध गतिविधियां करने लगा। पुलिस को देखकर उसने जेब से एक वस्तु निकालकर सड़क किनारे फेंक दी और भागने का प्रयास किया। टीम ने उसे मौके पर पकड़ लिया। जांच में फेंकी गई वस्तु हेरोइन निकली। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

शंभूवाला में सड़क पर बने गड्ढे में गिरा बाइक सवार, पीछे बैठी महिला की मौत

अनंत ज्ञान, नाहन। शंभूवाला में एनएच-07 पर सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस शिकायत के अनुसार 11 नवंबर की सुबह पांवटा साहिब से नाहन की ओर आ रही मोटरसाइकिल शंभूवाला में नारियल की रेहड़ी के पास सड़क पर बने गड्ढे में गिर गई। इस दौरान पीछे बैठी महिला उछलकर सड़क पर मुंह के बल गिर गई। महिला ने हेलमेट नहीं पहना था। उसे पांवटा साहिब अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मोटरसाइकिल चालक की पहचान ध्रुव कुमार पुत्र चमन लाल के रूप में हुई है।

मीरपुर कोटला में नशा करते चार युवक पकड़े, दो वाहन जब्त

अनंत ज्ञान, नाहन। पुलिस थाना कालाअंब की टीम ने 11 नवंबर को मीरपुर कोटला में नशा करते चार युवकों को पकड़ा। आरोपियों की पहचान सूरज ठाकुर और नवीन कुमार निवासी सुरला, दीपांशु निवासी जंगलाभूड़ तथा मयंक निवासी कौलावालाभूड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से एक सफेद पिकअप और मोटरसाइकिल भी कब्जे में ली। दोनों वाहनों के दस्तावेज मौके पर नहीं मिले। पुलिस ने चारों युवकों का मेडिकल कॉलेज नाहन में चिकित्सकीय परीक्षण करवाया। उनके खून और पेशाब के नमूनों की इ्रग डिटेक्शन किट से जांच की गई, जिसमें रिपोर्ट पॉजिटिव आई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीजीआई में दो माह के बच्चे के लिए गुलशन सिंह ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान, नाहन। ड्रॉप्स ऑफ होप सोसायटी सिरमौर के ड्रॉप्स ऑफ होप के सदस्य गुलशन सिंह ने पीजीआई में उपचाराधीन बच्चे की जान बचाने के लिए बी पॉजिटिव रक्तदान किया। गुलशन का अपना बच्चा पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन है। सूचना मिली थी कि गांव रामगढ गड़कुल खालसा करनाल हरियाणा के एक 2 महीने के बच्चे को अत्यंत आपातकाल की स्तिथि में बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता है। बच्चे का शाम को ऑपरेशन होना है। सोसायटी के अध्यक्ष ईशान राव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद सदस्य ने बिना समय गंवाए रक्तदान कर बच्चे को जीवनदान दिया है।

पानी की सप्लाई में सुधार नहीं हुआ तो 16 को निगम का घेराव करेगी कांग्रेस : पुनीत

अनंत ज्ञान, सोलन। शहर में पेयजल आपूर्ति की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस ने नगर निगम के विरुद्ध मोर्चा खोलने का ऐलान किया है। शहरी कांग्रेस अध्यक्ष पुनीत शर्मा ने चेतावनी दी कि चार दिनों में व्यवस्था नहीं सुधरी तो 16 नवंबर को निगम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के कई वार्डों में लोगों को नियमित पानी नहीं मिल रहा है। कई क्षेत्रों में कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। पेयजल उपलब्ध करवाना नगर निगम की जिम्मेदारी है, लेकिन लोगों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। पुनीत शर्मा ने निगम से सभी वार्डों में पर्याप्त और नियमित पानी उपलब्ध करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान होने तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।



दोसड़का में गलत दिशा से आई बाइक ने कार को मारी टक्कर, दो घायल

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला मुख्यालय नाहन के दोसड़का में तेज रफ्तार बाइक ने सामने से आ रही आल्टो कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए, जबकि बाइक पर सवार तीन युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता कुलदीप सिंह निवासी कलसेर, तहसील पच्छाद ने बताया कि 9 नवंबर को वह कालाअंब से घर लौट रहे थे। शाम करीब 3:30 बजे दोसड़का के पास गलत दिशा से आई बाइक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में चालक विजेंद्र सिंह को हल्की चोटें आईं, जबकि सुषमा के सिर पर गंभीर चोट लगी। बाइक सवार तीनों युवक वाहन मौके पर छोड़कर दूसरे निजी वाहन से फरार हो गए। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर चालक अरुण की पहचान कर मामला दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश जारी है।

महिला को पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी धरा

अनंत ज्ञान, सोलन। कसौली के बंगोआ में महिला पर पिस्तौल तानकर जान से मारने और खुद आत्महत्या करने की धमकी देने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नरेन्द्र कुमार (37) निवासी गुरदासपुर पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 10 नवंबर को आरोपी महिला के घर में घुसा और उसके बेटे के सामने पिस्तौल तानकर धमकी दी। बाद में वह महिला का पीछा करते हुए पुलिस चौकी कुठाड़ पहुंच गया और वहां भी खुद को गोली मारने की धमकी देने लगा। पुलिस कर्मचारियों ने उसे मौके पर काबू कर पिस्तौल बरामद कर ली। आरोपी हथियार का वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका। पुलिस ने मोटरसाइकिल और पिस्तौल जब्त कर बीएनएस तथा आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

शिलाई क्षेत्र में चलती बाइक पर गोली लगने से मौत पर पूर्व विधायक बलदेव तोमर ने उठाए सुरक्षा पर सवाल

निष्पक्ष जांच की मांग, शिकारी की लापरवाही पर भी जताया संदेह

अनंत ज्ञान, नाहन। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर ने शिलाई क्षेत्र में चलती बाइक पर गोली लगने से 55 वर्षीय खजान सिंह की मौत पर शोक जताया है। उन्होंने घटना को चिंताजनक बताते हुए निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की। तोमर ने बताया कि खजान सिंह अपने चचेरे भाई रविंद्र के साथ बाइक पर घर लौट रहे थे, तभी संदिग्ध परिस्थितियों में उन्हें गोली लगी। करीब आठ घंटे बाद बाइक चालक को हेलमेट में गोली का निशान और अंदर गोली मिलने पर घटना का पता चला। घायल खजान सिंह को पांवटा साहिब से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में



उनकी मौत हो गई। तोमर ने सवाल उठाया कि चलती बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति को गोली किस दिशा से लगी और क्या यह शिकारी की लापरवाही का मामला है। उन्होंने पुलिस से हथियार और गोली के स्रोत का पता लगाने तथा फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर जांच करने की मांग की। उन्होंने कहा कि दोषी के खिलाफ कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को न्याय मिले।

सोलन की 127 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित, तंबाकू मुक्त युवा अभियान तेज

773 स्कूल व 45 गांव बने तंबाकू मुक्त अब युवाओं को जागरूक करने पर जोर

अनंत ज्ञान

सोलन। जिले में क्षय रोग उन्मूलन और तंबाकू सेवन की रोकथाम के लिए जनभागीदारी के साथ विभिन्न

- क्षय रोग मुक्त भारत एवं तंबाकू मुक्त युवा अभियान की सफलता के लिए जन भागीदारी आवश्यकः दिव्यांशु सिंघल



बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त उपायुक्त। अनंत ज्ञान

विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करना होगा। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त दिव्यांशु सिंघल ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आयोजित जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने टीबी मरीजों की समय पर पहचान, जांच और उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में सोलन जिले की 127 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है।

दिव्यांशु सिंघल ने कहा कि जिले में 60 दिवसीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने तथा संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री रोकने पर जोर दिया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू नियंत्रण कानून का सख्ती से पालन भी सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में जानकारी दी गई कि पिछले वर्ष जिले के 773 विद्यालयों और 45 गांवों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया था। इस दौरान 118 जागरूकता अभियान भी आयोजित किए गए। अधिकारियों ने तंबाकू मुक्त गांव और शिक्षण संस्थान बनाने के प्रयासों पर चर्चा की।

नाहन में एबीवीपी ने स्व. सुनील उपाध्याय की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, नाहन। डॉ. वाईएस परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाहन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से हिमाचल प्रदेश में विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार एवं संगठन को नई दिशा प्रदान करने वाले स्वर्गीय सुनील उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक साहिल ठाकुर सहित परिषद के कार्यकर्ताओं एवं महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने स्व. सुनील उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों, संघर्षों एवं विद्यार्थी परिषद के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्व. सुनील उपाध्याय जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, छात्रहित एवं संगठन के प्रति समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में विद्यार्थी परिषद की विचारधारा एवं संगठनात्मक कार्यों को मजबूत आधार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गुरु इतवार नाथ जी के मठ ठोड़ निवाड़ में धूमधाम से मेला आरंभ



800 वर्ष प्राचीन मठ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

अनंत ज्ञान, राजगढ़। ठोड़ निवाड़ पंचायत स्थित गुरु इतवार नाथ जी के प्राचीन मठ में तीन दिवसीय धार्मिक मेले का शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। मेले के पहले दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मठ पहुंचकर गुरु इतवार नाथ जी के चरणों में शीश नवाया और सुख-समृद्धि की कामना की। नाथ संप्रदाय के 84 सिद्धों में शामिल गुरु इतवार नाथ जी की यह तपोस्थली करीब 800 वर्ष पुरानी है। मेले के शुभारंभ पर पूजा-अर्चना और हवन किया गया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों की पारंपरिक धुनों के बीच श्रद्धालुओं ने गिरी नदी स्थित गुरु जी के समाधि स्थल तक शोभायात्रा निकाली। मेला कमेटी अध्यक्ष सचिन मेहता ने बताया कि प्राचीन मठ अपनी अद्भुत काष्ठ कला और धार्मिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। मेले का उद्देश्य नई पीढ़ी को देव संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना है। तीन दिवसीय मेले में भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शुक्रवार को विशाल दंगल भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के पहलवान दमखम दिखाएंगे।

सांस्कृतिक संध्या में लोक संस्कृति संरक्षण व नशामुक्त समाज का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, नाहन। ग्राम पंचायत कोटा पाब में नवयुवक मंडल कोटा की ओर से दीपावली के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस नेता राहुल चौहान विरसांटा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने लोक संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए ऐसे आयोजनों को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्हें उचित मंच मिलना चाहिए। राहुल चौहान ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलकूद, शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश सरकार के एंटी चिट्टा अभियान में जनभागीदारी की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस दौरान उन्होंने अपनी ऐच्छिक निधि से नवयुवक मंडल को 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भेंट की।

हाटी किसान समुदाय को राष्ट्रीय सम्मान, पारंपरिक फसल सौंठ को मिली पहचान

गौरव : संघ को मिला राष्ट्रीय प्लांट जीनोम सेवियर कम्युनिटी अवार्ड

अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। सिरमौर जिले के हाटी किसान समुदाय को पारंपरिक कृषि विरासत के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

- पारंपरिक बीजों के संरक्षण में योगदान को मिली राष्ट्रीय पहचान



पुरस्कार हासिल करते हाटी किसान संघ के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

मिला है। भारत सरकार के पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण ने हाटी किसान संघ को प्रतिष्ठित प्लांट जीनोम सेवियर कम्युनिटी अवार्ड से सम्मानित किया है। नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिसर में 12 नवंबर को आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने चयनित किसान समुदायों को पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में देशभर के किसान, वैज्ञानिक और कृषि विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। हाटी समुदाय की पारंपरिक फसल सौंठ का पंजीकरण प्रमाणपत्र अगस्त 2025 में प्राप्त हुआ था। इसके बाद अक्तूबर 2025 में राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए आवेदन किया गया। अंतिम चयन से पहले पिछले महीने नई दिल्ली से आई उच्चस्तरीय कमेटी ने सिरमौर का दौरा कर राष्ट्रीय मानकों के अनुसार जांच की थी। डॉ. मित्तल ने बताया कि अब सौंठ को जीआई टैग दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा जिले के दूरदराज क्षेत्रों में किसानों द्वारा संरक्षित स्थानीय बीजों और पौधों की किस्मों का व्यक्तिगत किसानों के नाम पर पंजीकरण करवाने की योजना है।

उन्होंने कहा कि पात्र किसानों को प्लांट जीनोम सेवियर फार्मर रिवॉर्ड के तहत डेढ़ लाख रुपए और फार्मर रिकग्निशन अवार्ड के तहत एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। यह सम्मान हाटी समुदाय के पारंपरिक ज्ञान और किसानों की मेहनत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाला है।

मेले हमारी समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं व सामाजिक एकता के प्रतीक : डॉ. राजेश

अनंत ज्ञान, सोलन। ग्राम पंचायत बसाल में आयोजित मेले के दौरान भाजपा नेता एवं सोलन से विधायक प्रत्याशी डॉ. राजेश कश्यप और जिला परिषद अध्यक्ष शीला का स्थानीय लोगों व मेला आयोजकों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान डॉ. राजेश कश्यप ने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर मेले में पहुंचे लोगों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक मेले हमारी समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन लोगों को आपस में जोड़ने के साथ भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। मेलों के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत और परंपराएं अगली पीढ़ी तक पहुंचती हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मेलों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर सलोगड़ा पंचायत प्रधान मनोज शर्मा, डांगरी पंचायत प्रधान सन्नी, भाजपा युवा मोर्चा शहरी मंडल उपाध्यक्ष अंशुल ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

देव आस्था, पहाड़ी पकवान व परंपराओं के साथ गिरिपार में दिवाली का समापन

मूड़ा, अस्कली, पटांडे, सिड्डू व खीर पकवानों से महकी रसोई

अनंत ज्ञान

बीआर चौहान, राजगढ़। जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र में पांच दिवसीय दिवाली पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। पांच दिनों तक पूरा क्षेत्र लोक संस्कृति, देव आस्था और पहाड़ी पकवानों के रंग में सराबोर रहा। लोगों ने घरों में पारंपरिक व्यंजन बनाए और कुलदेवताओं व इष्ट देवताओं के मंदिरों में पूजा-अर्चना की। पर्व के दौरान मूड़ा, अस्कली, पटांडे, खीर, खिचड़ी और सिड्डू जैसे पारंपरिक पकवान तैयार किए गए। देवस्थानों में दीपमाला सजाई गई और बलिराज के प्रतीक द्वालठा का दहन किया गया। गांवों में रातभर चलने वाले घन्ने, भजन-कीर्तन, ड्रामा और करियाला जैसी लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।



वरिष्ठ नागरिक रणजीत तोमर, लेखराम कश्यप और कुशल तोमर ने बताया कि पर्व की शुरुआत छोटी दिवाली से दो दिन पहले मूड़ा बनाने की परंपरा से होती है। गोवर्धन पूजा पर कृषि औजारों और वाहनों की पूजा की जाती है। वहीं, भैया दूज पर सासू से भेंट की अनूठी परंपरा निभाई जाती है। इस दिन दामाद सासू मां को अखरोट, खील और मिठाइयां भेंट कर आशीर्वाद लेते हैं। यह पर्व क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और पारिवारिक मेल-मिलाप का प्रतीक है।

वरिष्ठ पत्रकार राजन पुंडीर के पिता रतन सिंह का निधन

अनंत ज्ञान, राजगढ़/नाहन। वरिष्ठ संवाददाता राजन पुंडीर के पिता रतन सिंह पुंडीर (74) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन से परिवार और पत्रकार जगत में शोक की लहर है। रतन सिंह हिमाचल प्रदेश वन विभाग में डिप्टी रेंजर रहे थे। उन्होंने करीब 40 वर्षों तक प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सेवाएं दीं। सरल और मिलनसार स्वभाव के रतन सिंह अपने पीछे पत्नी और दो पुत्रों राजन व राजेश पुंडीर सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उन्होंने मध्यरात्रि में अंतिम सांस ली। वीरवार को पैतृक गांव टिक्कर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। पत्रकार संघ राजगढ़ के अध्यक्ष शेरजंग चौहान, उपाध्यक्ष हरदेव भारद्वाज, सचिव नितिन भारद्वाज सहित अन्य पत्रकारों ने निधन पर शोक जताया और परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

अर्की में 2027 के चुनाव की बिसात, भाजपा के सामने टिकट की चुनौती

सात दावेदारों के बीच टिकट की जंग गुटबाजी बन सकती है हार का कारण

अनंत ज्ञान

कृष्ण रघुवंशी, अर्की। अर्की विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। कांग्रेस के मौजूदा विधायक संजय अवस्थी के सामने भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशी चुनौती पेश कर सकते हैं। वहीं, भाजपा के लिए टिकट चयन और अंदरूनी गुटबाजी से निपटना सबसे बड़ी चुनौती रहने वाला है।

भाजपा से करीब सात नेता टिकट की दावेदारी पेश कर सकते हैं। ऐसे में पार्टी के सामने मजबूत और सर्वमान्य उम्मीदवार चुनने की चुनौती होगी। रत्न सिंह पाल इससे पहले संजय अवस्थी के खिलाफ दो बार चुनाव लड़ चुके हैं। वर्ष 2012 में वह 3,277 मतों और 2022 में 3,219 मतों से चुनाव हारे थे। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी वह चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें उन्हें 6,051 मतों से हार मिली थी।

हार के बाद भी नहीं थमी भाजपा की अंदरूनी खींचतान

वर्ष 2022 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गोविंद राम शर्मा को 13,444 मत मिले थे। वह संजय अवस्थी से 17,453 मतों से पीछे रहे थे। क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का मानना है कि भाजपा की चुनावी हार के पीछे नेताओं के बीच गुटबाजी और आपसी खींचतान भी प्रमुख कारण रही है।

अर्की में निर्दलीय प्रत्याशी ने बिगाड़ा था चुनावी गणित

वहीं, 2022 में निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र ठाकुर ने 26,075 मत हासिल कर मुकाबले को दिलचस्प बनाया था। कांग्रेस के संजय अवस्थी को 30,897 मत मिले थे। दोनों के बीच जीत का अंतर 4,822 मतों का रहा था।

टिकट चयन से तय होगी भाजपा की रणनीति

ऐसे में आगामी चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। भाजपा को जीत के लिए मजबूत जनाधार वाले प्रत्याशी के साथ संगठनात्मक एकजुटता पर भी ध्यान देना होगा। टिकट चयन के बाद सभी दावेदारों को साथ लेकर चलना पार्टी के लिए अहम रहेगा।

आदित्य डचलवाल ने संभाला मोहाली के उपायुक्त का कार्यभार

अनंत ज्ञान, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। 2016 बैच के आईएएस अधिकारी आदित्य डचलवाल ने साहिबजादा अजीत सिंह नगर के उपायुक्त के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वह रूपनगर के उपायुक्त के पद पर कार्यरत थे। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि जिले का सर्वांगीण विकास, जन शिकायतों का प्राथमिकता से निपटारा और पारदर्शी प्रशासन उनकी मुख्य प्राथमिकताएं रहेंगी। सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने नशों के खिलाफ चल रहे अभियान 'युद्ध नशियां विरुद्ध' को और तेज करने की बात कही। उन्होंने विकास कार्य समय पर पूरे करने के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया। जिला प्रशासनिक परिसर पहुंचने पर पुलिस टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

सीजीसी लांडरां का तीनों प्रतियोगिताओं में दबदबा

वेटलिफ्टिंग-पावरलिफ्टिंग के खिताब जीते



अनंत ज्ञान

साहिबजादा अजीत सिंह नगर। चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (सीजीसी), लांडरां में आयोजित आईकेजीपीटीयू इंटर-कॉलेज वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग एवं बेस्ट फिजिक टूर्नामेंट का समापन उत्साह के साथ हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के खिलाड़ियों ने अपनी ताकत, तकनीकी दक्षता और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजन के माध्यम से युवाओं को शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के प्रति जागरूक किया गया। टूर्नामेंट में आईकेजीपीटीयू के ऑब्जर्वर के रूप में केडीएस नागरा और कमलदीप सिंह उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियन एवं सीजीसी के पूर्व छात्र बीरेंद्र कार्की मुख्य अतिथि थे। उनके साथ कैंपस डायरेक्टर डॉ. राजदीप सिंह, खेल विभाग के एचओडी कैप्टन विनोद जसवाल और अकादमिक निदेशक डॉ. अशोक कुमार भी मौजूद रहे। वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सीईसी-सीजीसी लांडरां ने पहला, सीओई-सीजीसी लांडरां ने दूसरा और जीएनई लुधियाना ने तीसरा स्थान हासिल किया। पावरलिफ्टिंग में सीईसी-सीजीसी लांडरां ओवरऑल चैंपियन बना। सीईसी झंझेरी दूसरे और जीएनई लुधियाना तीसरे स्थान पर रहा। बेस्ट फिजिक प्रतियोगिता में भी सीईसी-सीजीसी लांडरां ने पहला स्थान प्राप्त किया। सीईसी झंझेरी दूसरे और केसी कॉलेज ऑफ फार्मेसी तीसरे स्थान पर रहा। केसी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के स्टैंजिन को शानदार शारीरिक गठन और फिटनेस के प्रति समर्पण के लिए मिस्टर आईकेजीपीटीयू का खिताब दिया गया। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया।

टाई चंडीगढ़ क्रिकेट लीग का 7वां संस्करण 20 नवंबर से, 16 टीमें दिखाएंगी दमखम



अनंत ज्ञान

राकेश मलकानिया, चंडीगढ़। (द इंडस एंटरप्रेन्योर्स) चंडीगढ़ ने वीरवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बहुप्रतीक्षित टाई चंडीगढ़ क्रिकेट लीग (टीसीसीएल) 2026 के 7वें संस्करण की घोषणा की। 'फ्रॉम बोर्डरूम्स टू बाउंड्रीज-लिब्रेटिंग द स्पिरिट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप सिंस 2016' की टैगलाइन के साथ आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में उद्यमी, कारोबारी जगत के प्रमुख लोग, कॉर्पोरेट पेशेवर और क्रिकेट प्रेमी एक साझा खेल मंच पर एकत्र होंगे। टेक प्रास्तिश द्वारा प्रस्तुत और कन्वर्जन पर्क के सहयोग से आयोजित टाई चंडीगढ़ क्रिकेट लीग 2026 के मुकाबले 20, 21, 22 और 27, 28 व 29 नवंबर 2026 को मोहाली स्थित लॉन्चिंग पैड क्रिकेट अकादमी में खेले जाएंगे। टाई चंडीगढ़ ने प्रतियोगिता के डगआउट प्रायोजकों सॉफ्ट एलिवेशन, बोहर एस्टेट, लीगल एक्को और घुमन इंफ्रा का भी उनके महत्वपूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। इस वर्ष टाई चंडीगढ़ के सदस्य संगठनों की कुल 16 टीमें प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। यह आयोजन टीम भावना, खेल प्रतिभा और उद्यमिता के उत्साह का अनूठा संगम होगा।

न्यूज ब्रीफ

कार्निवल में दिखेगी कांगड़ा की समृद्ध संस्कृति और स्थानीय उत्पादों की झलक: विनय कुमार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा कार्निवल-2026 के आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। कार्निवल 24 से 31 दिसंबर तक पुलिस मैदान धर्मशाला में होगा। बैठक में पेयजल, बिजली, अग्निशमन, स्वच्छता, शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। विनय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन में कांगड़ा की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और स्थानीय पहचान को विशेष प्राथमिकता दी जाए। कार्निवल के दौरान मैराथन, साइक्लिंग, फुटबाल, क्रिकेट प्रतियोगिता, मिस एवं मिसेज कार्निवाल, शेफ टूर्नामेंट, लिटरेचर फेस्टिवल और लाइट एंड साउंड शो आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके अलावा एंटी चिट्टा थीम पर नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री के लिए अवसर दिया जाएगा। साथ ही कांगड़ा के पारंपरिक व्यंजनों के विशेष स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

देवेंद्र जग्गी ने मनेड़ में किया 33/11 केवी सब-स्टेशन का निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने मनेड़ गांव में निर्माणाधीन 33/11 केवी विद्युत सब-स्टेशन का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सब-स्टेशन शुरू होने से मनेड़, ढगवार, मंदल, बगली, घना और पासू सहित आसपास की पंचायतों के हजारों लोगों को लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। इससे बिजली आपूर्ति भी बेहतर होगी। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का परियोजना को गति देने के लिए आभार जताया।

विधायक किशोरी लाल ने छोटा भंगाल की तीन पंचायतों का किया दौरा, सुनी जनसमस्याएं



अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। विधायक किशोरी लाल ने बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम छोटा भंगाल की ग्राम पंचायत पोलिंग, स्वाड़ और लूआई का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक ने अधिकतर समस्याओं का मौके पर समाधान करवाया तथा शेष के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दूरदराज क्षेत्रों में सड़क और परिवहन सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। हाल ही में बैजनाथ से बरोट वाया बीड़, बिलिंग, राजगुंधा और बड़ाग्रां बस सेवा शुरू की गई है। इससे स्थानीय लोगों को सुविधा के साथ पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि तीनों पंचायतों में अब तक लगभग 65 लाख रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं।

धर्मशाला में 15 को मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस, विभूतियां होंगी सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से 15 नवंबर को धर्मशाला में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमल शर्मा ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जनजातीय समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भाग लेंगे। समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सैनिकों और प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 14 संगठनात्मक जिलों में जनजातीय गौरव सप्ताह सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर और मेडिकल कैंप आयोजित होंगे। उन्होंने कांगड़ा में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोलने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की जानकारी भी दी।

आरोग्य भारती के नए कार्यालय का शुभारंभ



अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला के डिपो बाजार स्थित राय बहादुर जोधामल सराय में आरोग्य भारती के नए कार्यालय एवं केंद्र का उद्घाटन विधायक सुधीर शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विधायक ऐच्छिक निधि से केंद्र को 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। विधायक ने कहा कि खान-पान और जीवनशैली में सुधार से समाज को स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने आरोग्य मित्र अभियान और सीपीआर प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बताते हुए आम लोगों को इसके प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। संजीवन कुमार ने संगठन के उद्देश्यों और पारंपरिक भारतीय स्वास्थ्य ज्ञान की जानकारी दी।

हिट एंड रन मामले में फरार चालक गिरफ्तार, पुलिस ने वाहन किया जब्त

अनंत ज्ञान, कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां पुलिस ने सड़क दुर्घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हुए चालक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस थाना नगरोटा बगवां में इस संबंध में एफआईआर नंबर 173/2026 के तहत 9 नवंबर 2026 को बीएनएस की धारा 281, 106(1) और मोटर वाहन अधिनियम की धारा 187 के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर वाहन नंबर एचपी-01डीए-9495 की पहचान की गई। पुलिस ने चालक सन्नी कुमार निवासी ढ्रंग, तहसील पालमपुर को गिरफ्तार कर दुर्घटनाग्रस्त वाहन भी कब्जे में ले लिया है। मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई जारी है।

ट्यूबवेल की अधूरी खुदाई और अग्रिम राशि लेने के बावजूद काम नहीं किया पूरा

ड्रिलिंग कंपनी को उपभोक्ता को 62,500 रुपए देने के आदेश

अनंत ज्ञान

◆ कांगड़ा जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने सुनाया फैसला

ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने ट्यूबवेल की अधूरी खुदाई और अग्रिम राशि लेने के बावजूद काम पूरा न करने पर ड्रिलिंग कंपनी को उपभोक्ता के पक्ष में 62,500 रुपए अदा करने के आदेश दिए हैं।



इसमें 40 हजार रुपए की अग्रिम राशि 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाने, मानसिक परेशानी के लिए 15 हजार और मुकदमे के खर्च के रूप में 7,500 रुपए देने होंगे। चैतड़ू निवासी अमर सिंह ने घर में 90 फुट गहरा ट्यूबवेल लगाने का काम ट्रिमुला ट्यूबवेल ड्रिलर्स को 700 रुपए प्रति फुट की दर से दिया था। कंपनी ने करीब 35 फुट खुदाई करने के बाद 23 मार्च 2026 को उनसे 40 हजार रुपए अग्रिम ले लिए, लेकिन इसके बाद काम दोबारा शुरू नहीं किया। कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए दावा किया था कि चट्टानों और बड़े पत्थरों के कारण आठ इंच की केसिंग डालनी पड़ी और कुल खर्च 46,500 रुपए बना, जिसमें 6,500 रुपए बकाया हैं। मामले की वास्तविक स्थिति जानने के लिए आयोग ने भूवैज्ञानिक राकेश कुमार से मौके का निरीक्षण करवाया। रिपोर्ट में खुदाई की गहराई करीब 35 फुट पाई गई। साथ ही ट्यूबवेल से नजदीकी सेप्टिक टैंक की दूरी महज 37 फुट बताई गई। रिपोर्ट में कम दूरी और भूजल के उथले स्तर के कारण पानी दूषित होने की आशंका भी जताई गई तथा नियमित पानी की जांच जरूरी बताई गई। आयोग ने माना कि कंपनी ने तय काम पूरा नहीं किया और उपभोक्ता की सहमति के बिना तकनीकी बदलाव और अतिरिक्त भुगतान का दावा किया। इसे सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार मानते हुए शिकायत स्वीकार कर ली। आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा तथा सदस्य अरती सूद और नारायण ठाकुर की पीठ ने ये आदेश सुनाए।


जिले की सभी एजेंसियों को निर्देश

आयोग ने कांगड़ा जिले में ट्यूबवेल की खुदाई करने वाली सभी एजेंसियों को भूवैज्ञानिक मानकों के अनुसार काम करने तथा सैप्टिक टैंक, नालियों और कचरा स्थलों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही केसिंग लगाने की निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने को कहा है। आदेश की प्रति आवश्यक कार्रवाई और निजी ड्रिलिंग एजेंसियों के लिए नियामक दिशा-निर्देश तैयार करने के उद्देश्य से जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता को भेजने के निर्देश भी दिए हैं।

तकीपुर में 14 को राष्ट्रीय युवा उत्सव-2027 के लिए जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राष्ट्रीय युवा उत्सव-2027 'विकसित भारत युवा नेताओं का संवाद-चरण-2' के लिए हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागियों की चयन प्रक्रिया के तहत जिला कांगड़ा में 14 नवंबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं चयन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी कांगड़ा रवि शंकर ने दी। उन्होंने बताया कि युवा सेवा एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 के लिए प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न विधाओं में प्रतिभाशाली युवाओं का चयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला कांगड़ा के युवाओं के लिए अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय स्नातक महाविद्यालय, तकीपुर में प्रात: 9 बजे से चयन प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। इसके तहत नुक्कड़ नाटक, चित्रकारी, लोक नृत्य, लोक गायन और कविता विधाओं में प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा।

हैप्पी बर्थडे



मंडी के मनीष गुलेरिया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

प्राकृतिक खेती एवं पीजीएस इंडिया प्रमाणन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र गाजियाबाद की ओर से कृषि प्रशिक्षण केंद्र धर्मशाला में 12 और 13 नवंबर को प्राकृतिक खेती एवं पीजीएस इंडिया प्रमाणन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. राहुल कटोच, डॉ. शशि पाल अत्री और डॉ. मोनू जरियाल ने प्राकृतिक खेती की तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण और पीजीएस इंडिया प्रमाणन प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण में कृषि विभाग के अधिकारियों और प्रगतिशील किसानों सहित कुल 25 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

नशा तस्करों पर शिकंजा 6.25 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति जब्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इस वर्ष अब तक पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत 140 मामले दर्ज किए हैं, जबकि नशा तस्करी से अर्जित करीब 6 करोड़ 25 लाख रुपए की अवैध संपत्ति जब्त की है। इनमें से लगभग 6 करोड़ रुपये की संपत्ति की जब्ती को सक्षम प्राधिकारी से पुष्टि भी मिल चुकी है।

एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने अक्तूबर महीने के दौरान पुलिस कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित अपराध समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा करने के साथ जांच अधिकारियों और थाना प्रभारियों को पिछले महीने दिए गए निर्देशों की अनुपालना का जायजा लिया गया। साथ ही मामलों की जांच में तेजी लाने और कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

पुलिस भर्ती के चलते कॉलेज की एथलेटिक मीट के शेड्यूल में बदलाव

अनंत ज्ञान

◆ अब 6 से 8 दिसंबर तक होगा आयोजन, कॉलेज प्रशासन ने लिया निर्णय

ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में 24 से 26 नवंबर तक आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय अंतर-महाविद्यालयीय एथलेटिक मीट की तिथियों में बदलाव किया गया है। प्रदेशभर में चल रही पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया के चलते अब यह प्रतियोगिता 6 से 8 दिसंबर तक कॉलेज के सिंथेटिक ट्रैक पर आयोजित होगी।

कॉलेज प्रशासन ने विद्यार्थियों की पुलिस भर्ती के शारीरिक परीक्षण में व्यस्तता को देखते हुए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से प्रतियोगिता की तिथियां बदलने का आग्रह किया था। विश्वविद्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद नई तिथियां निर्धारित की गई हैं। गौरतलब है कि धर्मशाला कॉलेज अपने 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शताब्दी समारोह की तैयारियों में जुटा है। इसी बीच कॉलेज को राज्यस्तरीय एथलेटिक मीट की मेजबानी की जिम्मेदारी भी मिली है। आयोजन को लेकर विभिन्न कमेटियां तैयारियों में जुटी हैं और परिसर में रंग-रोगन एवं साज-सज्जा का कार्य जारी है।

ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में दिखेगा दमखम: प्रतियोगिता में 100, 200, 400 और 800 मीटर सहित लंबी दूरी की दौड़, रिले रेस, शॉटपुट, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, हाई जंप और लॉन्ग जंप जैसी स्पर्धाएं आयोजित होंगी। इनमें प्रदेशभर के कॉलेजों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

35 कॉलेजों के 700 खिलाड़ी लेंगे भाग: तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 35 कॉलेजों से 600 से 700 खिलाड़ी एवं प्रतिभागी पहुंचेंगे। इनके ठहरने, भोजन और सुरक्षा के लिए कॉलेज प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कॉलेज प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने बताया कि पुलिस भर्ती प्रक्रिया के चलते सुरक्षा व्यवस्था और अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तिथियों में बदलाव किया गया है।

देहरा में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने अधिसूचना जारी कर देहरा मुख्य चौक से वार्ड नंबर-01 स्थित खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति गोदाम तक सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक प्रतिबंधित कर दी है। उपायुक्त ने बताया कि सड़क की कम चौड़ाई के कारण भारी वाहनों से अक्सर जाम लगता है। इससे आम लोगों, पैदल राहगीरों और विशेषकर स्कूली बच्चों को परेशानी होती है।

इसके अलावा उपमंडल आयुर्वेदिक अस्पताल तक सुगम पहुंच और आपातकालीन सेवाओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मार्ग पर पहले से लागू नो-पार्किंग प्रतिबंध भी जारी रहेंगे। हालांकि, एंबुलेंस, अग्निशमन और आवश्यक सेवाओं के वाहनों को छूट दी गई है। नगर परिषद देहरा को मार्ग पर सूचना संबंधी साइनबोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लोगों को प्रतिबंध की जानकारी मिल सके।

परागपुर एसडीएम कार्यालय के मुद्दे पर राजस्व विभाग की चुप्पी

अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर। परागपुर उपमंडल कार्यालय के स्थायी ढांचे और व्यवस्थाओं को लेकर प्रदेश का राजस्व विभाग जवाबदेही से बचता नजर आ रहा है। आलम यह है कि विभाग के आला अधिकारी इस गंभीर विषय पर बात करना तो दूर, फोन उठाने से भी कतरा रहे हैं। जब इस मामले पर पक्ष जानने के लिए प्रदेश सरकार के अतिरिक्त सचिव ओंकार शर्मा को अंतराल देकर तीन बार फोन किया गया, तो उन्होंने तीनों ही बार कॉल काटकर फोन व्यस्त कर दिया। यही रवैया विभाग के अतिरिक्त सचिव बलवान चंद के स्तर पर भी देखने को मिला, जिन्हें कई बार मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन दूसरी तरफ से केवल वॉइस मेल भेजने का संदेश ही सुनाई दिया।जब विभाग के अवर सचिव नरेश कुमार से इस संदर्भ में जानकारी मांगी गई, तो उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है।उच्चाधिकारियों की इस बेरुखी ने सरकार की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।एक तरफ जहां आला अधिकारी इस मुद्दे पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं, वहीं दूसरी तरफ धरातल पर आम जनता और प्रशासन को बिना स्थायी ढांचे के चल रहे अस्थायी एसडीएम कार्यालय की व्यवस्थाओं से दो-चार होना पड़ रहा है।इस मामले पर जब एसडीएम परागपुर से बात की गई, तो उन्होंने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि जब सरकार के स्तर पर कैडर रिवीजन की प्रक्रिया पूरी होगी, तो एसडीएम परागपुर का यह पद स्वत: ही स्थायी हो जाएगा। हालांकि, तब तक बिना पर्याप्त ढांचे और अधिकारियों की चुप्पी के बीच क्षेत्र की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

स्वस्थ भारत साइकिल यात्रा मंडी के लिए रवाना



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉलिस्टिक हेल्थ की ओर से आयोजित स्वस्थ भारत यात्रा धर्मशाला से मंडी के लिए रवाना हुई ।

इस मौके पर स्थानीय समाजसेवी विमुक्त शर्मा ने सम्मानपूर्वक यात्रा को अगले पड़ाव तक पहुंचाने के लिए स्वयंसेवी रोशन मुंशी को शुभकामनाएं दी और यात्रा की सफलता के लिए पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया । उन्होंने बताया कि यह अभियान भारत के युवाओं को समर्पित है और देश की सेवा करने वाले सभी नागरिकों को इस यात्रा में सहयोग करना चाहिए । गौरतलब है कि दो अक्तूबर से शुरू स्वस्थ भारत यात्रा का आगाज नई-दिल्ली से हुआ था जो हरियाणा, पंजाब , जम्मू-काश्मीर से होते हुए अब हिमाचल प्रदेश में प्रवेश कर रही है । इसके बाद 12 दिसंबर को उत्तराखंड के ऋषिकेश में भव्य समारोह के साथ संपन्न होगी। एन आई एच एच के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि धर्मशाला से पालमपुर, मंडी होते हुए बिलासपुर, शिमला, सोलन और सिरमौर के काला अम्ब-पावंटा-साहिब से होकर देहरादून में प्रवेश किया जाएगा ।

धर्मशाला में मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे पेंशनर्स

कहा- शीत सत्र से पहले 17 सूत्री मांग पत्र पर वार्ता को बुलाए सरकार

◆ अन्यथा 19 नवंबर को जोरावर मैदान में होगा विशाल प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर वीरवार को जिला मुख्यालय धर्मशाला में मांगों को लेकर पेंशनरों ने आवाज बुलंद की। इस दौरान समिति के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार को कई बार मांगपत्र सौंपने और विधानसभा का घेराव करने के बावजूद पेंशनरों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

बीते वर्ष विधानसभा में सरकार का घेराव करने के बाद अभी दो माह पहले मुख्यमंत्री को 17 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया था। इसमें समिति से जुड़े संगठनों को वार्ता के लिए बुलाने की मांग भी शामिल थी, लेकिन अब तक सरकार की ओर से न तो वार्ता के लिए बुलाया गया और न ही मांगों पर कोई ठोस कदम उठाया गया। सुरेश ने कहा कि सरकार के इस रवैये के कारण 80 से 90 वर्ष की आयु के बुजुर्ग पेंशनरों को भी अपनी मांगों के समर्थन में सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को संशोधित लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन, पेंशन एरियर, 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत का भुगतान नहीं किया गया है। समिति ने एचआरटीसी पेंशनरों को आठ प्रतिशत महंगाई राहत देने और छठे वेतन आयोग के तहत 50 हजार रुपये की किस्त जारी करने की मांग की है। वहीं, बिजली बोर्ड में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने और कॉरपोरेट सेक्टर के पेंशनरों को वर्ष 1999 की अधिसूचना पुनर्जीवित कर पेंशन देने की मांग भी उठाई है। समिति के अनुसार शहरी निकायों के पेंशनरों को एक जनवरी 2016 से संशोधित पेंशन का लाभ देने की अधिसूचना जारी होने के बावजूद करीब 1800 मामले विभिन्न विभागों में लंबित हैं।

सुरेश ठाकुर ने प्रदेश सरकार से मांग की कि 19 नवंबर से पहले संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए बुलाया जाए और 17 सूत्री मांगों पर ठोस कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों की अनदेखी जारी रखी तो 19 नवंबर को विधानसभा सत्र के दौरान सरकार का घेराव किया जाएगा।

जल अधिकारों की लड़ाई में शांता के योगदान को याद करें: प्रवीन कुमार

अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया कि बीबीएमबी में हिमाचल की हिस्सेदारी के ऐतिहासिक संघर्ष में पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार के योगदान को भी याद रखा जाए। उन्होंने कहा कि शांता ने मुख्यमंत्री रहते हिमाचल की नदियों के पानी को सोना बताते हुए उस पर रॉयल्टी का अधिकार मांगा था। शुरुआती दौर में इस मांग का मजाक उड़ाया गया, लेकिन उन्होंने इसे प्रदेश के अधिकारों की लड़ाई बनाया और जल विद्युत उत्पादन को बढ़ावा दिया। प्रवीन कुमार ने 90 के दशक में शांता कुमार के नेतृत्व में निकाली गई अधिकार यात्रा को भी याद किया। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष में भाजपा कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राजनीति में वर्तमान उपलब्धियों का श्रेय लेने के साथ उन लोगों को भी याद रखना चाहिए, जिन्होंने इसके लिए वर्षों पहले आधार तैयार किया।

सीयू का 10वां दीक्षांत समारोह 22 को, 702 विद्यार्थियों को मिलेंगी डिग्रियां, 32 को गोल्ड मेडल

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय का 10वां दीक्षांत समारोह 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समारोह के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को भी आमंत्रित किया गया है और उनकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। समारोह में वर्ष 2024 तक उत्तीर्ण 702 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 32 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक मिलेंगे। खास बात यह है कि गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में 23 छात्राएं और 9 छात्र शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त 48 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। वहीं, 584 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर और 29 को स्नातक की डिग्री मिलेगी।

21 नवंबर को होगी फुल ड्रेस रिहर्सल: समारोह से एक दिन पहले 21 नवंबर को दोपहर दो बजे फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की जाएगी। दीक्षांत समारोह में भारतीय पारंपरिक परिधानों को ड्रेस कोड के रूप में निर्धारित किया गया है। इसके साथ विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित रंग की पगड़ी भी पहननी होगी।

क्यूएस और टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग में बनाई जगह: प्रेसवार्ता के दौरान कुलपति प्रो. बंसल ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और संस्थागत उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने 'लोकल टू ग्लोबल' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है। संस्थान ने दुनिया की प्रतिष्ठित क्यूएस रैंकिंग और टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग में भी अपना स्थान बनाया है।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में निर्माण कार्यों के लिए रुकी हुई ग्रांट प्राप्त हो गई है और इसके बाद निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया है। इन कार्यों को मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। देहरा परिसर में भविष्य में शिफ्टिंग की प्रक्रिया के बावजूद धर्मशाला और शाहपुर परिसरों में वर्तमान में संचालित पाठ्यक्रम पहले की तरह जारी रहेंगे।

तहसील चौक कांगड़ा से गुप्त गंगा तक सड़क का मरम्मत कार्य शुरू



अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा। कांगड़ा शहर में तहसील चौक से ऐतिहासिक गुप्त गंगा मार्ग तक सड़क की मरम्मत एवं पेचवर्क का कार्य शुरू हो गया है। इससे स्थानीय निवासियों, राहगीरों और गुप्त गंगा मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को खराब सड़क और गड्ढों से राहत मिलेगी। एपीएमसी जिला अध्यक्ष चौधरी नरेंद्र निशु मोंगरा ने बताया कि तहसील चौक से गुप्त गंगा मार्ग शहर का व्यस्त एवं महत्वपूर्ण रास्ता है। स्थानीय लोग लंबे समय से इसकी मरम्मत की मांग कर रहे थे। लोगों की परेशानी को देखते हुए पेचवर्क का कार्य शुरू करवाया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने को प्राथमिकता दे रही है। सड़क मरम्मत का कार्य शुरू होने पर स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने प्रसन्नता जताई तथा प्रदेश सरकार एवं चौधरी निशु मोंगरा का आभार व्यक्त किया।

धर्मशाला कॉलेज के 100 वर्ष पूरे, आज से शुरू होगा चार दिवसीय शताब्दी समारोह

अनंत ज्ञान



◆ देश-प्रदेश की नामी हस्तियों और पूर्व छात्रों का लगेगा जमावड़ा, मुख्यमंत्री सुक्खू सहित कई दिग्गज होंगे शामिल

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के प्रतिष्ठित सरकारी कॉलेज धर्मशाला ने अपने गौरवशाली शैक्षणिक सफर के 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष 1926 में स्थापित इस ऐतिहासिक संस्थान की शताब्दी के उपलक्ष्य में ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार से चार दिवसीय भव्य समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें देश-विदेश से कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी शामिल होकर पुरानी यादें ताजा करेंगे।

ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव गांधी ने प्रेस वार्ता में बताया कि समारोह का शुभारंभ कॉलेज परिसर में मां सरस्वती के मंदिर की स्थापना और पूजा-अर्चना के साथ होगा। मेहमानों के लिए पारंपरिक हिमाचली धाम के चार भोज और एक विशेष रात्रिभोज की व्यवस्था की गई है। समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, सांसद अनुराग ठाकुर और सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज सहित कई प्रमुख हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है।

कॉलेज के पूर्व विद्यार्थियों में प्रसिद्ध अभिनेता देवानंद, महावीर चक्र विजेता शेर जंग थापा और कैप्टन चंद्र नारायण जैसी हस्तियां शामिल रही हैं। इसके अलावा विपिन परमार, विप्लव ठाकुर, केवल सिंह पठानिया, अजय महाजन, डॉ. रामलाल मार्कंडेय और राकेश पठानिया सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने भी यहां शिक्षा ग्रहण की है। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि कॉलेज ने पिछले 100 वर्षों में शिक्षा, राजनीति, सेना और प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश को प्रतिभाएं दी हैं। एक समय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के प्रमुख विकल्पों में डीएवी कॉलेज लाहौर और सरकारी कॉलेज धर्मशाला शामिल थे। एसोसिएशन ने सभी पूर्व विद्यार्थियों, धर्मशाला प्रेस क्लब, शहरवासियों और सामाजिक संगठनों से समारोह में सहयोग एवं सहभागिता की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पूरे धर्मशाला शहर के लिए गौरव का अवसर है।